रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित * * * रांची, मंगलवार 21 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 42 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

लोकतंत्र का महापर्व



# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



मतदान के लिए एक बुजुर्ग महिला को टांग कर ले जातीं महिला जवान

दूसरा चरण | तीन सीट

हजारीबाग में सबसे ज्यादा और कोडरमा में सबसे कम वोटिंग

कहां कितना प्रतिशत मतदान रहा

| चतरा | कोडरमा | हजारीबाग |
|---|---|---|
| 62.96% | 61.83% | 64.32% |



कोडाईबांक में वोट करने के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी

## झारखंड की तीन सीटों चतरा, हजारीबाग व कोडरमा में शांतिपूर्ण रही वोटिंग

# दूसरे चरण में 63% मतदान

- तमाम कोशिशों के बाद भी 2019 के मुकाबले 3% कम हुआ मतदान
- दूसरे चरण में सात लोगों पर दर्ज हुआ आदर्श आचार संहिता का एफआईआर

शुभम किशोर। रांची

झारखंड में दूसरे चरण के लिए चतरा, कोडरमा और हजारीबाग की तीन लोकसभा सीटों पर सोमवार शाम 5 बजे मतदान समाप्त हो गया. यह जानकारी देते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार और पुलिस नोडल अधिकारी होमकर ने बताया कि दूसरे चरण में करीब 63% वोट हुआ है. सीटवार बात करें तो चतरा में 62.96%, हजारीबाग 64.32% और कोडरमा में 61.86% वोट हुआ. मत-प्रतिशत घट-बढ़ भी सकता है.


उन्होंने बताया कि छिटपुट हिंसा को छोड़ दें, तो दूसरे दौर का मतदान शांतिपूर्ण रहा. मतदान को लेकर सुबह से ही लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला. तीन लोकसभा सीटों के साथ ही गांडेय में विधानसभा के लिए उपचुनाव भी कराया गया. गांडेय में 68.26% मतदान हुआ है. हालांकि इस बार मतदान 2019 के मुकाबले करीब तीन प्रतिशत कम रहा. 2019 में इन्हीं सीटों पर 65.56 फीसदी मतदान हुआ था, लेकिन इस बार करीब 63% मतदान ही हुआ है.

झारखंड की इन तीनों संसदीय क्षेत्रों में सात जिलों में स्थित 16 विधानसभा क्षेत्र आते हैं. तीनों सीटों पर महज दो महिला चुनाव लड़ रही हैं. इनमें कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी तथा हजारीबाग से छठी देवी सम्मिलित हैं. चतरा में कोई महिला उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रही. सभी सीटों पर मुख्य मुकाबला भाजपा और इंडिया गंठबंधन के बीच है.

गांडेय ks विधानसभा उपचुनाव में मुख्य मुकाबला झामुमो और भाजपा के बीच है. यह उपचुनाव गठबंधन खासकर झामुमो के लिए प्रतिष्ठा से जुड़ा है, क्योंकि यहां पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन चुनाव लड़ रहीं हैं. उनका मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी दिलीप वर्मा से है. हजारीबाग में भाजपा के मनीष जायसवाल का मुकाबला कांग्रेस के जय प्रकाश भाई पटेल से है. वहीं कोडरमा में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के सामने भाकपा माले के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह चुनाव मैदान में हैं.

-पेज 7 भी देखें

गांडेय उपचुनाव : 68.26%



### कहां कितना मतदान

| | |
|---|---|
| चतरा लोकसभा - | 62.96% |
| चतरा - | 60.73% |
| लातेहार - | 66.45% |
| मणिका - | 63.25% |
| पांकी - | 61.22% |
| सिमरिया - | 63.91% |
| कोडरमा लोकसभा - | 61.83% |
| बगोदर - | 63.55% |
| बरकट्ठा - | 60.40% |
| धनवार - | 60.51% |
| गांडेय - | 68.26% |
| जमुआ - | 58.57% |
| कोडरमा - | 60.72% |
| हजारीबाग लोकसभा - | 64.32% |
| बरही - | 61.54% |
| बड़कागांव - | 66.26% |
| हजारीबाग - | 61.58% |
| मांडू - | 63.03% |
| रामगढ़ - | 69.70% |

देश में पूरा हुआ चुनाव का पांचवां चरण

## 49 सीटें, 57% वोट

- बंगाल में सबसे अधिक 73% और महाराष्ट्र में सबसे कम 49% मतदान

एजेंसी। नयी दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पांचवें दौर के लिए मतदान सोमवार को खत्म हो गया. इस चरण में आठ प्रदेशों की 49 सीटों पर 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. पांचवें दौर में सबसे ज्यादा 14 सीटें यूपी की, जबकि सबसे कम जम्मू कश्मीर और लद्दाख की एक-एक सीट पर वोट डाले गए. इसके अलावा बिहार और ओडिशा में 5-5 सीटों पर मतदान हुआ. महाराष्ट्र की 13 सीटों के लिए वोट डाले गये. झारखंड की 3 और पश्चिम बंगाल की सात सीटों पर चुनाव कराये गये.

चुनाव आयोग से मिले अंतिम आंकड़े के अनुसार, पांचवें चरण की 49 सीटों पर करीब 57.43% मतदान हुआ है. 2019 में इन सीटों पर 62.01 फीसदी मतदान हुआ था. अब तक के चुनावों में मत प्रतिशत चर्चा का बड़ा विषय रहा है. मतदान खत्म होने के बाद इंडिया गठबंधन और एनडीए ने अपनी-अपनी जीत का दावा किया है.

**बिहार में मुजफ्फरपुर रहा सबसे आगे :** पड़ोसी राज्य बिहार की बात करें 2019 में 57.07% मतदान हुआ था, वहीं सोमवार के आंकड़े के अनुसार बिहार की पांच सीटों पर 55.85% मतदान हुआ है. वहां मतदान धीरे शुरू हुआ, लेकिन यहां 2019 का रिकॉर्ड टूटा. पिछली बार हाजीपुर में 55.22% वोट पड़े थे, इस बार 56.84 प्रतिशत की जानकारी आ चुकी है. वैसे, इस बार 58.10% के साथ मुजफ्फरपुर सबसे आगे रहा. फिर 57.55% सीतामढ़ी, 56.84% के साथ हाजीपुर व 54.50% के साथ सारण रहा. सबसे कम मधुबनी में 52.20% मतदान हुआ.

**इनके भाग्य ईवीएम में बंद :** राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, राहुल गांधी और पीयूष गोयल समेत 649 प्रत्याशियों के भाग्य सोमवार की शाम को ईवीएम में बंद हो गये. अब 4 जून के नतीजे बताएंगे कि कौन जीता, कौन हारा.



### कहां कितना मतदान

| राज्य | 2019 | 2024 |
|---|---|---|
| बिहार | 57.19 | 55.85 |
| जम्मू-कश्मीर | 34.6 | 54.21 |
| झारखंड | 65.56 | 62.00 |
| लद्दाख | 71.05 | 67.15 |
| महाराष्ट्र | 55.67 | 48.66 |
| ओडिशा | 67.31 | 60.55 |
| उत्तर प्रदेश | 58.57 | 55.80 |
| पश्चिम बंगाल | 80.13 | 73.00 |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,900 |
| चांदी (किलो) | 94,000 |

## ब्रीफ खबरें

### छग में बड़ा हादसा 18 लोगों की मौत

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में सोमवार को एक वाहन के घाटी में गिरने से 17 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई तथा चार अन्य घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाहपानी गांव के करीब दोपहर बाद वाहन के बंजारी घाट में गिरने से 18 लोगों की मौत हो गई.कुई गांव के ग्रामीण तेंदूपत्ता एकत्र करने जंगल गए थे और वे जब पिकअप वाहन में सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे तभी बाहपानी गांव के करीब वाहन बंजारी घाट में गिर गया. जिससे यह बड़ा हादसा हुआ.

### देश में बदलाव की आंधी चल रही है: राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का मतदान खत्म होने के बाद कहा कि जनता विपक्षी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर खुद यह चुनाव लड़ रही है और देश भर में बदलाव की आंधी चल रही है.



### नाबालिग से गैंगरेप के दो दोषियों को मृत्युदंड

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा की पोक्सो अदालत ने एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म व उसे कोयला भट्टी में जलाने के मामले में दो दोषियों को सोमवार को मृत्युदंड की सजा सुनाई है.

### नेपाल के पीएम प्रचंड ने जीता विश्वास मत

**काठमांडू।** नेपाल के पीएम पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया, जो उनके पदभार संभालने के 18 महीने के भीतर चौथा शक्ति परीक्षण था.

ईडी ने केजरीवाल की पार्टी के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट

# अमेरिका, कनाडा और अरब देशों से आप को हुई करोड़ों की अवैध फंडिंग

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली के शराब नीति घोटाला मामले में फंसी आम आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. अब ईडी ने आप के विदेशी फंड को लेकर बड़ा खुलासा किया है.



ईडी ने गृह मंत्रालय को बताया कि आप को 2014 - 2022 के दौरान 7.08 करोड़ का विदेशी फंड मिला है. एजेंसी ने पार्टी पर इस विदेशी फंड को हासिल करने में आईपीसी, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, और विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है. अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान और अन्य देशों के कई दानदाताओं से आप को धन मिला. फंड ट्रांसफर करने के लिए दानदाताओं द्वारा एक ही पासपोर्ट नंबर, क्रेडिट कार्ड, ईमेल आईडी व मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया गया है. ईडी ने अपनी जांच में आप और उसके नेताओं द्वारा विदेशी फंड जुटाने में गड़बड़ी के कई मामलों का जिक्र किया है. इसमें पार्टी विधायक सहित कई नेताओं पर 2016 में कनाडा में फंड रेजिंग प्रोग्राम से जुटाए गए पैसे का व्यक्तिगत लाभ के लिए दुरूपयोग करने का आरोप लगाया गया है.

### ड्रग तस्करी से जुड़े केस का भी जिक्र

ईडी ने बताया कि आप द्वारा विदेशी फंड हासिल करने में एफसीआरए उल्लंघन और अन्य अनियमितताएं पाकिस्तान से भारत में बॉर्डर के जरिए हेरोइन की तस्करी में शामिल एक ड्रग्स कार्टेल के खिलाफ पंजाब के फाजिल्का में दर्ज मामले की जांच के दौरान सामने आई है. इस संबंध में फाजिल्का की अदालत ने पंजाब के तत्कालीन आप विधायक सुखपाल सिंह खैरा को आरोपी के रूप में समन जारी किया था. पीएमएलए के तहत ईडी द्वारा जांच के दौरान, खैरा के आवासीय परिसरों में तलाशी ली गई, जिसके परिणामस्वरूप विदेशी फंड के विवरण वाले आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए. इसमें अमेरिका में दानदाताओं की सूची वाले कंप्यूटर से लिखे चार पेज और हाथ से लिखे आठ पेज की डायरी शामिल है.

**आप पर विदेशी फंड के नियमों का उल्लंघन का आरोप :** ये तथ्य दान के लिए इस्तेमाल किए गए धन के वास्तविक स्रोत की पहचान और राष्ट्रीयता को छुपाने को साबित करते हैं. यह विदेशी अंशदान (विनियमन) एक्ट, 2010 का उल्लंघन है. जांच में पता चला कि आप ने एक संस्था का गठन किया है. आप ओवरसीज़ इंडिया के साथ अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में वॉलंटियर भी शामिल थे, जिनका काम विदेशी धन जुटाना था. साल 2016 में इन वॉलंटियर्स के लिए 50 करोड़ का लक्ष्य तय हुए थे.19 कनाडाई नागरिकों की आईडी और मोबाइल नंबरों का उपयोग करके कुल 51,15,044 रुपए का दान प्राप्त हुआ है. हालांकि, इनके नाम और राष्ट्रीयता छिपाई गई और रिकॉर्ड में नहीं रखा गया. आप ने जानबूझकर विदेशी नागरिकों से मिले दान को छिपाया था.

भाजपा को बड़ा झटका

### हाईकोर्ट ने लगाया विज्ञापन पर बैन

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मोदी सरकार पर अगले आदेश तक टीएमसी के खिलाफ किसी भी प्रकार के अपमानजनक विज्ञापन छापने पर रोक लगा दी है. टीएमसी बनाम भारत चुनाव आयोग के मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य ने भाजपा के विज्ञापनों के खिलाफ टीएमसी द्वारा दायर शिकायतों का निपटारा करने में फेल रहने पर चुनाव आयोग की खिंचाई की और कहा कि आयोग इस ड्यूटी को करने में नाकाम रहा है. बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक जस्टिस भट्टाचार्य ने आदेश में कहा, आयोग तय समय सीमा में टीएमसी की शिकायतों के समाधान में पूरी तरह विफल रहा है. चुनाव के समापन के बाद शिकायतों का समाधान करने से फिर क्या हासिल होगा और इस आयोग की विफलता के बाद कोर्ट को आदेश देना पड़ रहा है. आदेश केवल मीडिया संस्थानों पर विज्ञापन छापने पर रोक के लिए नहीं है, बल्कि यह भाजपा को ऐसे विज्ञापन छापने से रोकने के लिए है, जो टीएमसी के राजनीतिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं.

## ईरान के राष्ट्रपति की मौत



भारत में भी राष्ट्रीय शोक

- सभी सरकारी जश्न पर रहेगी रोक, आज आधा झुका रहेगा तिरंगा

एजेंसी। नयी दिल्ली

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री का हेलीकॉप्टर हादसे में निधन हो गया. इस पर भारत सरकार ने देश में 21 मई को शोक मनाने का फैसला किया है. गृह मंत्रालय ने कहा कि दिवंगतों के सम्मान में सरकार ने निर्णय लिया है कि 21 मई को पूरे देश में एक दिन का राजकीय शोक रहेगा. पूरे भारत में उन सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा. आधिकारिक मनोरंजन नहीं होगा. दरअसल, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी अजरबैजान के राष्ट्रपति के साथ एक बांध के उद्घाटन के लिए रविवार को जा रहे थे. हेलीकॉप्टर क्रैश हुआ. सोमवार को ईरान ने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन की पुष्टि की. बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार राष्ट्रपति रईसी समेत 9 लोगों की इस हादसे में मौत हो गई. खराब मौसम को हादसे के पीछे की वजह माना जा रहा है.


-पेज 12 भी देखें

**पीएम मोदी ने जताया दुख :** राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है. उन्होंने कहा, ईरान के राष्ट्रपति रईसी के दुखद निधन से सदमा लगा है. भारत-ईरान संबंधों को बढ़ाने में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा.

बड़ी साजिश नाकाम | देश को थी दहलाने की साजिश, आत्मघाती हमले के लिए भेजे गये थे

# गुजरात में आईएसआईएस के चार आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी। गांधीनगर



गुजरात एटीएस ने सोमवार को एक बड़े आतंकी हमले की साजिश को नाकाम कर दिया. एटीएस ने अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट से इस्लामिक स्टेट के चार आतंकियों को गिरफ्तार किया. ये श्रीलंकाई नागरिक और इस्लामिक स्टेट के आतंकी हैं.

पुलिस के मुताबिक, चारों आतंकियों को तगड़ी खुफिया जानकारी के बाद एक ऑपरेशन में गिरफ्तार किया गया. इन आतंकियों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है. गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने बताया कि खुफिया सूचना थी कि मोहम्मद नुसरत, मो. नुफरान, मो. फारिस और मोहम्मद राजदीन नाम के 4 श्रीलंकाई आतंकी हमला करने के इरादे से भारत पहुंचने वाले हैं. गुजरात पुलिस को यह भी पता चला कि चारों प्रतिबंधित आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के आतंकी हैं.

चारों आतंकी आईएसआईएस की विचारधारा से प्रभावित हैं और आतंकी हमला करने के लिए 18 या 19 मई को रेलवे या फ्लाइट से अहमदाबाद पहुंचने वाले हैं. इस खुफिया जानकारी के आधार पर गुजरात एटीएस की टीमें बनाई गईं. इन्हें दबोचने के लिए रणनीति बनाई गई. पुलिस की ओर से दक्षिणी राज्यों से आने वाली ट्रेनों और फ्लाइटों की यात्री सूचियों का सघन विश्लेषण किया गया. पाया गया कि चारों एक ही पीएनआर नंबर पर इंडिगो की फ्लाइट से चेन्नई से अहमदाबाद आ रहे हैं. इनके बारे में कोलंबो संपर्क साधा गया और खुफिया इनपुट की पुष्टि कराई गई.

### पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे आतंकी

पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारों एक पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे और हमला करने भारत आए थे. डीजीपी विकास सहाय ने बताया कि फरवरी 2024 से चारों आतंकी अबू नामक एक व्यक्ति के संपर्क में थे. अबू आईएसआईएस का आतंकी है और पाकिस्तान में रहता है. चारों सोशल मीडिया के जरिए अबू के संपर्क में थे.

### आत्मघाती बम धमाका करने के लिए थे तैयार

पाकिस्तानी आतंकी अबू ने इनको भारत में आतंकी हमले के लिए प्रोत्साहित किया. चारों इतने कट्टरपंथी हैं कि आत्मघाती धमाका करने को भी तैयार हो गए. डीजीपी ने बताया कि अबू ने इन चारों को श्रीलंकाई मुद्रा में 4 लाख रुपए दिए थे. इनके पास से दो मोबाइल मिले हैं. इनमें आईएसएस के साथ उनकी सक्रिय सदस्यता साबित करने वाली तस्वीरें और वीडियो हैं. मोबाइल में अहमदाबाद के पास नाना चिलोदा इलाके की एक तस्वीर थी, जिसमें वह जगह दिखाई दे रही थी, जहां आतंकी हमले को अंजाम देने के लिए गोला-बारूद छिपाया गया था. उस जगह से पाकिस्तान निर्मित गोला-बारूद बरामद किया गया है. एटीएस ने पाकिस्तान में बनी तीन पिस्तौल और 20 कारतूस बरामद किए हैं.

## पीएमएलए कानून का मतलब है पीएम की लाल आंख : सिब्बल

एजेंसी। नयी दिल्ली

- कपिल सिब्बल का बड़ा आरोप- मोदी सरकार ने सभी संस्थानों पर कर लिया कब्जा



सांसद कपिल सिब्बल ने मोदी सरकार पर एजेंसियों के बेजा इस्तेमाल का आरोप लगाया है. कहा कि पीएमएलए कानून का मनी लॉन्ड्रिंग से मतलब नहीं है. इस कानून का फुल फॉर्म है- पीएम की लाल आंख. इस कानून से उन लोगों को निशाना बनाया जाता है, जो सरकार के खिलाफ हैं. सिब्बल ने एक इंटरव्यू में ये सब बातें कहीं.

सिब्बल ने इस दौरान पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के उस भाषण का भी जिक्र किया, जिसे लेकर आरोप लगाया जाता है कि उन्होंने देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का होने की बात कही थी. सिब्बल ने पूर्व पीएम का बचाव करते हुए कहा, मनमोहन सिंह ने ऐसा नहीं कहा था. उन्होंने सभी पिछड़ों की बात की थी, मुस्लिमों का अलग से जिक्र नहीं किया था. मैं तो खुद मनमोहन सरकार में था. मुझे पता है कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा था, जैसा प्रचारित होता है. उन्होंने कहा कि यह सरकार सिर्फ मोदी का ही प्रचार करती है. किसी और नेता की तस्वीर आप नहीं देखेंगे. हर तरफ मोदी-मोदी हैं. यही इनकी सरकार का मॉडल है. उन्होंने कहा कि इस सरकार ने सभी संस्थानों पर कब्जा जमा लिया है. यह बहुत खतरनाक संकेत है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** व्यापार भाव मे चंद्र है. गलत आमदनी और खर्च से बचना चाहिए. चिंता तथा तनाव रहेंगे. फालतू खर्च होगा. कुसंगति से बचें. चोट व रोग से बचें. विवाद न करें. आवश्यकताएं बढ़ेंगी. आर्थिक तंगी हो सकती है. अन्न दान करें.

**वृषभ** समय सामान्य है. अनिद्रा के रोग वालों का कष्टकारी समय है. पर यह समय संतान के लिए शुभ है. बकाया वसूली होगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. विवाद न करें. नेत्र पीड़ा की संभावना. कार्य होगा जिसका कुछ लाभ.

**मिथुन** शिक्षा में बाधा हो सकता है. विवाद से बचें. माता को कष्ट होगा. पर जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे. विरोधी सक्रिय होंगे. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. यात्रा के योग बनेंगे. लाभ होगा. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. योजना फलीभूत होगी.

**कर्क** पुराना धन मिलेगा. पराक्रम में वृद्धि होगा.विरोधी कष्ट देंगे. हानि-लाभ का वातावरण बनेगा. पराक्रम बढ़ेगा. विजय मिलेगी, गर्व न करें. राजकीय सहयोग प्राप्त होगा. धर्म-कर्म में रुचि रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा.

**सिंह** सामाजिक सम्मान बढ़ेगा. पितृक धन का लाभ होगा. धन आएगा साथ ही परिवार पर खर्च बढ़ेंगे. कर्ज लेना पड़ सकता है. धनागम के अवसर बनेंगे. अकारण भय बना रहेगा. व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें. सूर्य को जल दें.

**कन्या** क्रोध में वृद्धि होगा.पर समय अनुकूल है. घर और आफिस का वातावरण सुखद होगा. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा. कुछ लाभ के आसार दिखेंगे.

**तुला** दिन में खर्च होगा पर संपत्ति के कार्य लाभ देंगे. मानसिक कष्ट के साथ थकान महसूस होगी. रोजगार में वृद्धि होगी. प्रसन्नता रहेगी. कष्टों में वृद्धि के योग हैं. कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी. इतर का दान करें.

**वृश्चिक** आपके गलत कार्य और निर्णय से खर्च में वृद्धि होगी. रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे. स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा. व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा. रोग घेरेंगे. चिंताएं बढ़ेंगी. आपके कार्य और प्रभाव से शत्रु शांत होंगे.

**धनु** समय अनुकूल है. मन मे खुशी रहेगा. साथ ही दौड़-धूप अधिक होगी. बुरी सूचना मिल सकती है. विवाद न करें. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. धनलाभ के अवसर होंगे. अकारण भय व्याप्त होगा. शत्रु शांत होंगे.

**मकर** घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी. मातृपक्ष से परेशानी होगी. दुर्घटना की संभावना. धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी. अंतरप्रेरणा से कार्य करें. धनागम के अवसर बढ़ेंगे. प्रमाद का त्याग करना होगा. काला नमक दान करें.

**कुंभ** समय अनुकूल नही है. कोई बड़ा जोखिम लेने से बचें. शरीर शिथिलता होगा. शत्रु शांत रहेंगे. लाभ-हानि बराबर रहेंगे. प्रमाद बढ़ेगा. भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी. उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा.

**मीन** मानसिक तनाव हो सकता है. गलत कार्य से बचें साथ ही रिश्वत न लें. नम्रता बनाए रखें. यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे. अप्रत्याशित लाभ होगा. प्रसन्नता रहेगी. प्रमाद न करें. शुभ समाचार की आशा बंधेगी. शत्रु षड्यंत्र रचेंगे.

## बॉबी साव समेत पांच अपराधी अमन साहू गिरोह से बाहर

**रांची।** पुलिसकर्मी को गोली मारने वाले बॉबी साव समेत पांच अपराधियों को अमन साहू गिरोह से निकाल दिया गया है. गिरोह के मयंक सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस बात की जानकारी दी है. मयंक सिंह ने लिखा है कि रांची जेल में बंद गैंग के सदस्य सैफ अंसारी, जगत साहू उर्फ लकी, बॉबी साव, राजन साव और राहुल दुबे को गैंग से निकाला जा चुका है. इन लोगों का गिरोह से कोई लेना-देना नहीं है.

**बॉबी व राजन साव ने पुलिस पर चलायी थी गोली :** मयंक सिंह ने आगे कहा है कि राहुल दुबे ने बिना अमन साहू के आदेश के कुजू में कोयला लिफ्टर कल्याण पांडे पर गोली चलायी थी और गैंग का पैसा गबन करके अपने निजी काम में लगाया था. वहीं राहुल दुबे को लेकर आये दिन अमन साहू के नाम पर छोटे व्यापारियों से वसूली की शिकायतें मिल रही थीं. जबकि सैफ अंसारी ने जेल में गैंग के सदस्यों के बारे में अनर्गल बयानबाजी की थी. इसके अलावा बॉबी साव और राजन साव ने पतरातू में बिना सोचे समझे पुलिस पार्टी पर गोली चलायी. इसलिए सभी को गैंग से निकाला गया है. अगर ये गैंग के खिलाफ कोई भी काम करते हैं, तो इसके जिम्मेवार ये खुद होंगे.

## वाणिज्यिक वाहन जब्त करने का आदेश नहीं दे सकते डीसी

**रांची।** हाईकोर्ट ने एक फैसले में कहा कि जिले के उपायुक्त सह जिला मजिस्ट्रेट किसी वाणिज्यिक वाहन की जब्ती का आदेश देने के लिए सक्षम प्राधिकारी नहीं है. दरअसल लातेहार डीसी के आदेश पर पुलिस ने पिछले वर्ष कोयला लदे एक वाहन को पकड़ लिया था. इसके बाद वाहन मालिक पर धारा 379, 414 व 411 के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया था. दर्ज प्राथमिकी में पुलिस ने कहा था कि वाहन अवैध गतिविधि में शामिल है. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद यह मामला लातेहार सिविल कोर्ट से होते हुए झारखंड हाईकोर्ट पहुंचा. हाईकोर्ट में वाहन मालिक ने डीसी के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें उन्होंने वाहन को जब्त करने का आदेश दिया था. इस मामले की सुनवाई कर रहे हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजेश कुमार ने अपने फैसले में कहा कि उपायुक्त सह जिला मजिस्ट्रेट वाहन जब्ती का आदेश पारित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी नहीं है. इसलिए लातेहार जिले के डीसी द्वारा पारित उस आदेश को रद्द किया जाता है, जिसके आलोक में वाहन को जब्त किया गया था.

**लोस चुनाव का पेच या लापरवाही :** शिक्षकों की चुनाव डयूटी और अन्य कारणों से अब तक स्कूलों का नहीं हो पा रहा अप्रूवल

# छात्रवृत्ति से वंचित हो सकते हैं 35 हजार से अधिक पोस्ट मैट्रिक छात्र-छात्राएं

कौशल आनंद। रांची

रांची सहित राज्य के विभिन्न सरकारी एवं आवासीय विद्यालयों व संस्थानों में अध्ययनरत 35 हजार से अधिक पोस्ट मैट्रिक छात्र-छात्राएं इस वर्ष की छात्रवृत्ति से वंचित हो सकते हैं. लोकसभा चुनाव एवं अन्य कारणों से अब तक स्कूल प्रबंधन ने ई-पोर्टल में अपना अप्रूवल दर्ज नहीं करा पा रहे हैं. इसके पीछे की वजह मुख्य रूप से यह बतायी जा रही है कि सरकारी स्कूल एवं आवासीय विद्यालयों के शिक्षक एवं अन्य कर्मी चुनाव डयूटी में चले गये हैं. इसके कारण स्कूल प्रबंधन अब तक छात्र-छात्राओं का डेटा ई-पोर्टल में अपलोड नहीं कर पा रहा है. हालांकि स्कूल के प्रचार्य चाहें, तो उसे अपलोड करा सकते हैं. मगर चुनाव डयूटी का बहाना बनाया जा रहा है. ऐसे में छात्र-छात्राओं को इस वर्ष मिलने वाली छात्रवृत्ति से हाथ धोना पड़ सकता है.

- ई-पोर्टल में अपलोड नहीं हो पाया है छात्र-छात्राओं का डेटा
- डेटा अपलोड नहीं करने के पीछे चुनाव ड्यूटी का बहाना



**प्री व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत मिलने वाली राशि**

| कक्षा | वार्षिक राशि |
|---|---|
| पहली से पांचवी | 1500 रुपये |
| छठी से आठवीं | 2500 रुपये |
| हॉस्टल में रहने वाले | 2000 रुपये |
| पोस्ट मैट्रिक (कक्षा 12) | 4500 रुपये |

**क्या है नियम** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए संबंधित स्कूल या कॉलेज को स्थानीय उपायुक्त की अध्यक्षता वाली कमेटी अप्रूवल देती है. इसके बाद ही स्कूल या कॉलेज का नाम ई-पोर्टल पर नजर आता है. कई जिलों में अब तक शिक्षण संस्थानों को अप्रूवल ही नहीं मिला है. वहीं, छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर ही आवेदन करना जरूरी है. लेकिन, पोर्टल पर संस्थान का नहीं होने की वजह से आवेदन करना संभव नहीं हो पा रहा है.

**संस्थानों की लापरवाही भी आ रही है सामने** | राज्य के कई शिक्षण संस्थानों ने कल्याण विभाग में अपना रिनुअल तक नहीं कराया है. इसक कारण उन संस्थानों का नाम पोर्टल पर नजर नहीं आ रहा है. रिनुअल नहीं कराने वाले संस्थानों के छात्र-छात्राएं भी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं. हालांकि विभाग द्वारा रिनुअल नहीं कराने वाले शिक्षण संस्थानों को नोटिस दिया गया है. इसके बावजूद संस्थानों द्वारा अब तक लापरवाही ही बरती जा रही हैं.

**पंचायती राज विभाग:** न पंचायत मजबूत हुई और न सांसद आदर्श ग्राम योजना सफल

# 15वें वित्त आयोग से मिले 707 करोड़ रुपये खर्च नहीं हो पाये

**खास बातें**
- पंचायतों को मिले थे 1168 करोड़, खर्च सिर्फ 422 करोड़
- 4 पंचायतों में सांसद आदर्श ग्राम की आधी योजना भी पूरी नहीं

रवि भारती। रांची

झारखंड में पंचायती राज विभाग पंचायतों को भी सुदृढ़ करने में विफल रहा है. पिछले चार साल में न पंचायतें सुदृढ़ हुईं और न ही सांसद आदर्श ग्राम की योजना पूरी हो पाई. 15वें वित्त आयोग के तहत पंचायती राज विभाग को 1307 करोड़ रुपये मिले थे, जिसमें से 599.54 करोड़ रुपये ही खर्च हो पाये. 707.45 करोड़ रुपये खर्च नहीं हो पाये. इसी तरह राज्य सरकार ने पंचायत भवनों का निर्माण, रिपयेरिंग सहित अन्य जीर्णोद्धार के लिए 50 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की थी, जिसमें से 1.71 करोड़ रुपये ही खर्च हो पाये. 49 करोड़ से अधिक की राशि खर्च नहीं हो पाई. पंचायत सचिवालय के सुदृढ़ीकरण के लिए 80 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई थी. इसमें से 34.20 करोड़ रुपये ही खर्च हो पाए, 45.80 करोड़ रुपये खर्च नहीं हुए.



### चार जिलों में सांसद आदर्श ग्राम योजना का काम पूरा नहीं

चार जिलों की चार पंचायतों में सांसद आदर्श ग्राम योजना का भी काम पूरा नहीं हो पाया. पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला पंचायत में सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत 196 योजनाएं ली गई थीं. इसमें से सिर्फ दो योजनाएं ही पूरी हुई. 29 योजनाओं पर काम जारी है. गुमला के विशुनपुर में 105 योजनाएं ली गई थी, जिसमें से 66 योजनाओं का काम पूरा हुआ. 17 योजनाओं में काम चल रहा है. गोड्डा के बोहा पंचायत में 41 योजनाओं में से 31 पूरे किए गए. फिलहाल सात योजनाओं पर काम चल रहा है. सरायकेला-खरसांवा के चालयिमा ग्राम पंचायत में 132 योजनाएं ली गईं. इसमें से सिर्फ चार योजनाओं का काम पूरा हुआ. फिलहाल 10 योजनाओं पर काम चल रहा है.

| पंचायती राज प्रणाली | राशि मिली (रुपये में) | राशि खर्च (रुपये में) |
|---|---|---|
| जिला परिषद | 236.313 करोड़ | 42.053 करोड़ |
| प्रखंड | 279.212 करोड़ | 77.731 करोड़ |
| ग्राम पंचायत | 1168.97 करोड़ | 422.47 करोड़ |

*15वें वित्त आयोग के तहत कुल 1307 करोड़ रुपये मिले, जिसमें सिर्फ 599.54 करोड़ रुपये ही खर्च हुए.*

*पंचायत सचिवालय के सुदृढ़ीकरण के लिए 80 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली, खर्च हुए 34.20 करोड़ रुपये*

## झारखंड को केंद्र से झटका जीएसटी कंपनसेशन के रूप में मिले सिर्फ 165.63 करोड़

**रांची।** झारखंड सरकार को एक बार फिर केंद्र से झटका लगा है. पिछले साल की तुलना में इस साल झारखंड को केंद्र से जीएसटी कंपनसेशन के रूप में सिर्फ 165.63 करोड़ रुपए ही मिले हैं. जबकि 2023 में झारखंड सरकार को जीएसटी कंपनसेशन के रूप में 2064.63 करोड़ रुपय मिले थे. इस हिसाब से पिछले साल की तुलना में झारखंड सरकार को लगभग 1900 करोड़ रुपये कम मिले.

**वैट से मिलने वाले राजस्व वसूली में भी पीछे :** झारखंड सरकार वैट से मिलने वाले राजस्व वसूली में भी पीछे रहा. झारखंड सरकार ने वैट से 8700 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा था, जिसके बदले में वैट से 6938.20 करोड़ रुपये ही राजस्व मिल पाया. जबकि 2023 में झारखंड सरकार को वैट से 6285.80 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई थी. इस हिसाब से वैट से राजस्व वसूली का ग्रोथ 10.38 फीसदी रहा.

**खास बातें**
- पिछले साल केंद्र से मिले थे 2064.63 करोड़ रुपये
- वैट से भी राज्य सरकार को लक्ष्य से कम मिला राजस्व

### जीएसटी कलेक्शन में सिर्फ 12.28 प्रतिशत का ही ग्रोथ

राज्य सरकार का जीएसटी कलेक्शन में सिर्फ 12.28 फीसदी का ही ग्रोथ रहा. 2023 में राज्य सरकार को जीएसटी से 7506.07 करोड़ रुपये मिले थे. वहीं वर्ष 2024 में जीएसटी से 8427.97 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई, जबकि 10 हजार करोड़ रुपये जीएसटी से राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा गया था.

**जिला परिषद को मिली राशि में 194.26 करोड़ खर्च नहीं** | जिला परिषद को विकास योजनाओं के लिए 236.313 करोड़ रुपये मिले थे. इसमें से 42.053 करोड़ रुपये ही खर्च हो पाए. 194.26 करोड़ रुपये खर्च नहीं हो पाए. इसी तरह प्रखंडों को विभिन्न योजनाओं के लिए 279.212 करोड़ रुपये मिले थे, जिसमें से 77.731 करोड़ रुपये ही खर्च किए गए. शेष 201.481 करोड़ रुपये खर्च नहीं हो पाए. वहीं राज्यभर के ग्राम पंचायतों को विभिन्न योजनाओं के तहत 1168.97 करोड़ रुपये मिले थे, जिसमें 422.47 करोड़ रुपए ही खर्च किए गए. शेष 746.923 करोड़ रुपये खर्च नहीं हो पाए.

## केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय के पत्र को कुरमी संगठन ने आईवाश बताया

विशेष संवाददाता। रांची

केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय द्वारा तीन राज्य के मुख्य सचिव को मार्च में लिखे गए पत्र को कुरमी संगठन ने पूरी तरह से आई वाश बताया है. कहा कि यह पूरी तरह से केंद्र सरकार का मसला है. यह पत्र खूंटी लोकसभा चुनाव के पहले उनके ही मंत्रालय ने राज्य सरकार को भेजा, ताकि कुरमी समाज की नाराजगी को कम किया जा सके.

कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि वर्ष 2004 में अर्जुन मुंडा ने मुख्यमंत्री रहते हुए केंद्र को कुरमी को एसटी सूची में शामिल करने की अनुशंसा भेजी थी. लेकिन 2019 में जब खुद जनजातीय मंत्री बने, तो कुरमी को एसटी सूची में शामिल नहीं किया. बाद में खुद कहा कि ऐसा कोई पत्र उनके मंत्रालय के पास लंबित नहीं है, तो फिर इस तरह का पत्र चुनाव के बीचों-बीच भेजने का क्या मतलब है? इससे साफ है कि उन्होंने अपनी सीट बचाने के लिए यह सब चिट्ठी-पत्री का काम किया.

**क्या है पूरा मामला :** शैलेंद्र महतो ने फरवरी माह में कुरमी को एसटी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर एक पत्र पीएमओ एवं केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय को भेजा था. जिस पर संज्ञान लेते हुए केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय ने 27 मार्च को झारखंड, उड़ीसा और बंगाल के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा. उसमें कहा गया था कि छोटानागपुर पठार (झारखंड, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा) के कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने के लिए अद्यतन स्थिति से अवगत कराया जाए. इस पत्र के आलोक में एक महीने बाद यानी 30 अप्रैल को सरकार की संयुक्त सचिव वंदना कुमारी ने कार्मिक विभाग के प्रधान सचिव को पत्र भेज कर आवश्यक कारवाई के लिए कहा. मगर अब तक झारखंड कार्मिक विभाग द्वारा कोई रिपोर्ट समर्पित नहीं की गयी है.

**कहा-** इससे राज्य का कोई लेना-देना नहीं, पूरी तरह केंद्र का मसला

**जनजातीय** मंत्रालय ने 27 मार्च को तीन राज्यों को लिखा था पत्र

### टीआरआई ने पूर्व में ही खारिज कर चुका है मांग

2004 में जब तत्कालीन सीएम अर्जुन मुंडा ने केंद्र को कुरमी को एसटी सूची में शामिल करने की अनुशंसा भेजी थी, तब केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय ने इसकी रिपोर्ट जनजातीय शोध संस्थान से मांगी थी. तत्कालीन टीआरआई निदेशक प्रकाश चंद्र उरांव ने अपनी रिपोर्ट में कुरमी की इस मांग और तर्क को पूरी तरह से खारिज कर दिया था. उसके बाद से ही यह मामला लंबित है. समय-समय पर कुरमी संगठन इसको लेकर आंदोलन करते रहे हैं.

कांग्रेस और झामुमो के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से की शिकायत

# निशिकांत का नामांकन रद्द करने की मांग

मुख्य संवाददाता। रांची

कांग्रेस और झामुमो का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिला. प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं ने भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए उनके खिलाफ अविलंब कार्रवाई की मांग की. प्रतिनिधिमंडल ने अपनी शिकायतवाद में गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे द्वारा नामांकन घोषणा पत्र में जानकारी छुपाने का आरोप लगाया है.

साथ ही सूचना छुपाने से संबंधित मामले में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव द्वारा गोड्डा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की जानकारी दी. प्रतिनिधिमंडल में शामिल झामुमो-कांग्नेस नेताओं ने कहा कि निशिकांत दुबे द्वारा अपने घोषणा पत्र में पोड़ैयाहाट थाना कांड संख्या 162/2009 और जसीडीह थाना कांड संख्या 213/2019 जो न्यायालय में लंबित है, उसका जिक्र नहीं किया गया है.

इसके अलावा निशिकांत दुबे द्वारा घोषणा पत्र में अपनी पत्नी के नाम से अभिषेक आनंद झा से 1.20 करोड़ रुपये उधार लेने का उल्लेख किया गया है, जबकि गोड्डा लोकसभा से ही निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करनेवाले अभिषेक आनंद झा द्वारा उनके घोषणा पत्र में इसका जिक्र नहीं किया गया है. प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पाल मुंजनी, झामुमो जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम शामिल थे.



**लगाया आरोप**
- निशिकांत दुबे ने अपने घोषणा पत्र में कई साक्ष्य छिपाये
- गोड्डा डीसी से शिकायत करने के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

गोड्डा और रांची के नामकुम में प्रियंका गांधी की चुनावी सभा कल

# प्रदीप व यशस्विनी के लिए मागेंगी वोट

मुख्य संवाददाता। रांची

कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा 22 मई को चुनावी दौरे पर झारखंड आएंगी. यहां वो राज्य के तीसरे और चौथे चरण में होने वाले चुनाव के लिए चुनावी सभाएं करेंगी. प्रियंका गांधी की पहली चुनावी सभा गोड्डा के मेला मैदान में है. वहीं रांची के नामकुम स्थित लोवाडीह के हाईटेंशन मैदान में भी चुनावी सभा को संबोधित करेंगी.

प्रियंका गांधी की दोनों चुनावी सभाओं में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन मौजूद रहेंगी. इसके अलावा प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद के मंत्री सत्यानंद भोक्ता और अन्य गठबंधन दलों के नेता भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे. एआईसीसी ने प्रियंका गांधी के अप्रूव कार्यक्रम की जानकारी पीसीसी को भेज दी है. प्रियंका 22 मई की सुबह नौ बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगी. यहां से हेलिकॉप्टर से गोड्डा जायेंगी. गोड्डा के मेला मैदान में गोड्डा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में वोट देने की अपील करेंगी. इसके बाद प्रियंका गांधी हेलिकॉप्टर से नामकुम के लोवाडीह स्थित हाईटेंशन मैदान आएंगी. यहां दोपहर 1:55 मिनट बजे रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी. इसके बाद 3:20 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी.



**खास बातें**
- एआईसीसी ने प्रियंका का अप्रूव कार्यक्रम पीसीसी को भेजा
- लोआडीह के हाईटेंशन मैदान में सीएम व कल्पना रहेंगे मौजूद

**सूरते-हाल** कभी अग्रणी था झारखंड, अब पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से भी कम है मजदूरी

# केंदू पत्ता संग्रहण में झारखंड पिछड़ा, करोड़ों के राजस्व का नुकसान

प्रवीण कुमार। रांची

केंदू पत्ता संग्रहण में कभी अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शुमार रहनेवाला झारखंड अब इसमें भी पिछड़ता जा रहा है. इससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है. सरकारी आंकड़े के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 में केंदू पत्ता से राज्य सरकार के खजाने में 56.60 करोड़ रुपये के राजस्व का संग्रह हुआ था, जबकि 2022-23 में मात्र 24.38 करोड़ के ही केंदू पत्ता बेचे गये.

यही नहीं केंदू पत्ता संग्रह कार्य में लगे मजदूरों को पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से भी कम मजदूरी मिलती है. केंदू पत्ता संग्रह करनेवालों को अब तक यह मालूम ही नहीं है कि प्रति मानक बोरा कितनी न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की गई है. वहीं, पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में 4500 रुपये प्रति मानक बोरा और मध्यप्रदेश में 4000 रुपये प्रति मानक बोरा दर निर्धारित है.

झारखंड की बात करें, तो यहां मात्र 1750 रुपये प्रति मानक बोरा मजदूरी निर्धारित है, जो कि बाकी राज्यों की तुलना में आधे से भी कम है. नतीजतन, केंदू पत्ता संग्रह में लगे मजदूरों की संख्या में दिनों दिन कमी देखने को मिल रही है. बता दें कि एक मानक बोरा में 52,000 केंदू पत्ता आते हैं.



**किस राज्य में कितनी है मजदूरी दर**

| राज्य - दर (प्रति मानक बोरा) |
|---|
| झारखंड - 1750 रुपये |
| मध्य प्रदेश - 4000 रुपये |
| छत्तीसगढ़ - 4500 रुपये |

**पिछले चार साल में वन निगम को कितनी आमदनी**

| वित्तीय वर्ष - राशि (रुपये में) |
|---|
| 2021-22 - 56.60 करोड़ |
| 2022-23 - 42.61 करोड़ |
| 2023-24 - 24.38 करोड़ |
| 2024-25 - 41.36 करोड़ |

### पलामू के 199 गांवों में नहीं होता है वनोपज संग्रहण

झारखंड के वैसे आरक्षित वन क्षेत्र, जिन्हें विभिन्न वन्य प्राणी संरक्षण परियोजनाओं के लिए रिजर्व किया गया है, उन इलाके के लोगों को वनोपज संग्रहण करने पर सरकार ने रोक लगा रखी है. पलामू व्याघ्र परियोजना के अंतर्गत 199 गांव हैं, जहां बाघ संरक्षण के नाम पर केंदू पत्ता तोड़ने सहित अन्य वन उत्पाद संग्रहण की मनाही है. वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी व दलितों के जीविकोपार्जन का मुख्य आधार वनोत्पाद ही हैं. ग्रामीण परिवार इसके माध्यम से पांच से 15 हजार रुपये तक कमा लेते हैं. ग्रामीण इस राशि का उपयोग खेती के लिए बीज, हल, बैल के अलावा दवाइयां व दूसरी जरूरतों के लिए करते हैं.

**केंदू पत्ता संग्रहण से जुड़े हैं एक लाख परिवार** | झारखंड में केंदू पत्ता संग्रह कार्य से लगभग एक लाख परिवार जुड़े हैं. इन्हें साल भर में 20 से 30 दिन तक का रोजगार मिलता है. झारखंड में केंदु पत्ता सग्रहण को लेकर 2015 में नीति बनी थी. केंदू पत्ता को बढ़ावा देने की जिम्मेवारी झारखंड राज्य वन विकास निगम लिमिटेड को सौंपी गई है. राज्य में सबसे अधिक रांची, गढ़वा, पलामू के अलावा धालभूमगढ़ में भी केंदू पत्ता की उपज होती है. पलामू में सिर्फ पलामू ब्याघ्र परियोजना (पीटीआर) के अंदर केंदू पत्ता के संग्रहण पर रोक है.

क्लासिफाइड






तापमान
37.4° अधिकतम
21.5° न्यूनतम

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



इस्लाम नगर

रांची, मंगलवार 21 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 14 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 42 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# 13 साल बीत गये उजड़े हुए, और कितना इंतजार करें विस्थापित

■ 291 विस्थापितों के लिए जी प्लस थ्री फ्लैट बन कर तैयार ■ फिनिशिंग और लाइट की व्यवस्था नहीं, करना होगा इंतजार

रेहान अहमद। रांची

इस्लामनगर वासी पांच अप्रैल 2011 की काली रात को कभी कभी भूल नहीं सकते हैं. इस दिन जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत गरीबों के बांस बल्ली के आशियाने को बुलडोजर के सहारे ढाह दिया गया था. अभियान दूसरे दिन छह अप्रैल को भी अहले सुबह से आरंभ हुआ था. इस तरह इस्लाम नगर के करीब 1175 से अधिक परिवारों का आशियाना उजड़ा गया था. याचिकाकर्ता मो शकील ने बताया कि पूर्व राज्यसभा सदस्य परिमल नाथवानी ने बस्तीवालों को बसाने के लिए अपना पूरा सहयोग किया. हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी, फिर इस्लामनगर वासियों ने केस जीता. इसके बाद तत्कालीन आयुक्त केके सोन ने सर्वे करा कर 444 इस्लामनगर वासियों की सूची तैयार करायी, जो विस्थापित हो गये थे. इस्लाम नगर में ही पॉलिटेक्निक की छह एकड़ नौ डिसमिल जमीन पर बेघर हुए 444 लोगों के लिए मकान बनाने का निर्देश दिया गया. इस तरह नगर निगम की पहल पर इस्लाम नगर में ही तीन एकड़ जमीन पर 33 करोड़ की योजना राशि से जी प्लस थ्री मल्टीस्टोरिड बिल्डिंग तैयार की गयी. यहां 291 लोगों के लिए फ्लैट तैयार है, लेकिन चिह्नित 153 विस्थापित इस सुविधा से वंचित रह जाएंगे, जिन्हें बाद में या दूसरी जगह बसाने की योजना है.

**444** विस्थापितों में से 291 को ही मिल सकेगा घर, बचे 153 का क्या होगा


**1175** से अधिक परिवारों का आशियाना उजड़ गया था



**फिनिशिंग में और छह महीने लगेंगे :** इस्लाम नगरवासियों को उजड़े हुए 13 वर्ष हो गये हैं, लेकिन अबतक उन्हें बसाया नहीं जा सका है. फ्लैटों में लाइटिंग समेत फिनिशिंग का कार्य बाकी है. फिनिशिंग का कार्य करा रहे ठेकेदार ने बताया कि करीब छह माह में काम पूरा करा लिया जाएगा. इसके बाद सरकारी पहल पर इस्लाम नगर के विस्थापितों को यहां शिफ्ट किया जाएगा.

## इस्लाम नगर के विस्थापितों का दर्द

### जल्द से जल्द बसाया जाए : अब्दुल रज्जाक



हाफिज अब्दुल रज्जाक इस्लाम नगर के विस्थापित हैं. वर्षों से बड़ी परेशानी से गुजारा कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि अब बस यहीं चाहते हैं कि जल्मद से जल्काद रहने को मकान मिल जाए, ताकि आगे की जीविका कुछ सरल हो सके.

### 13 साल से बस एक घर की ही चिंता : साजदा



साजदा खातून ने कहा कि बड़ी परेशानी से दिन गुजर रहे हैं. अब बस एक ही चिंता सताती है कि हम लोगों का बसा दिया जाएगा. रहने को एक घर मिल जाएगा. 13 साल का समय कोई कम नहीं होता है. अब तो हम गरीबों को जल्द से जल्द बसा देना चाहिए.

### नगर आयुक्त से शीघ्र ही मिलेंगे : मो शकील



हमदर्द कमेटी इस्लामनगर के अध्यक्ष मो शकील ने कहा कि कमेटी का प्रतिनिधिमंडल लोकसभा चुनाव बाद नगर आयुक्त अमित कुमार से मिल कर जल्द बसाने और बचे हुए 153 विस्थापितों की भी शीघ्र व्यवस्था करने की मांग करेगा.

### घर उजड़ जाने से बढ़ गयी परेशानी : राम



राम इकबाल ने कहा कि दूध बेच कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं. घर उजड़ने के बाद जीवन परेशानियों के दौर से गुजर रही है. सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए. हम बेघरों को दूसरे विस्थापितों की तरह घर दे सरकार.

### खटाल के विस्थापितों पर भी ध्याने दे: विनोद



विनोद कुमार ने कहा कि दुख भरी दास्तान है. हमारे बाप-दादा 90 साल से यहां रह रहे थे. जैसे इस्लाम नगर, रुगड़ीगढ़ा, पहाड़ी के विस्थापितों को बसाया जा रहा है, उसी तरह हम गरीबों को भी बसाना चाहिए था. 13 साल हो गये पर हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं.

### नागाबाबा खटाल उजड़े भी 13 साल बीत गये, विस्थापितों की सुध किसी ने नहीं ली :श्रीदेव



इस्लामनगर के साथ ही नागाबाबा खटाल को भी 2011 में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत उजाड़ दिया गया था. 500 से अधिक परिवार विस्थापित हो गये थे, लेकिन इन्हें बसाने की सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गयी. अतिक्रमण की मार झेल रहे श्रीदेव सिंह ने कहा कि हमारे पूर्वज लंबे समय से यहां रह कर अपनी आजीविका चला रहे थे. लेकिन अतिक्रमण हटाने के दौरान गरीबों की झोपड़ी उजाड़ दी गयी. सिर छुपाने की जगह के लिए कई मंत्रियों, नेताओं व अधिकारियों के पास खटाल से विस्थापित हुए लोग गये थे. नगर निगम ने 295 लोगों का चिह्नित कर सूची तो तैयार करायी, लेकिन सूची तैयार होने के बाद सभी भूल गये. हम सभी लोग विस्थापित ही रह गये और आसपास ही किसी तरह गुजर-बसर कर रहे हैं.

## अगले दो दिन तक होगी बारिश, तापमान में आएगी गिरावट



■ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा

**रांची।** झारखंड में राजनीति तपिश के साथ मौसम भी करवट ले रहा है. अगले दो दिनों राज्य के कई ईलाकों में बारिश के साथ तेज हवा चलेगी. मौसम केंद्र के अनुसार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की आशंका जताई गई है. बारिश के कारण आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट आएगी. तीन डिग्री सेल्यियस तक तापमान में गिरावट आने की संभावना जताई गई है.

**मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट :** मौसम केंद्र ने 21 और 22 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी दक्षिणी और मध्य हिस्से में बारिश के साथ वज्रपात की संभावना जताई है. इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है. इसका असर देवघर, गिरिडीह, कोडरमा, पाकुड़, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, खूंटी, सिमडेगा, गुमला, रांची समेत अन्य जिलों में दिखेगा.

## पूरण विहार : नाले का मलबा और गंदा पानी सड़क पर, लोग परेशान

स्वेता। रांची

**वार्ड नंबर :** 26
**मुहल्ले का नाम :** पूरण विहार
**आबादी :** करीब 5000
**इलाका:** हरमू रोड में अरगोड़ा चौक के पास

**खबर क्यों :** 15 दिन से काम चल रहा है. नाले का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है. नाले का मलबा सड़क पर पड़ा है. नाले का निर्माण कार्य धीमा चल रहा है. मुहल्ले की मुख्य सड़क के एक तरफ के नाले का निर्माण नए सिरे से हो रहा है. करीब 15 दिन पहले काम शुरू हुआ. जेसीबी लगाकर नाली को तोड़ दिया गया. लेकिन नाली निर्माण को लेकर ठेकेदार सुस्त हैं. काम की रफ्तार धीमी है. नाला निर्माण का काम इसलिए किया जा रहा है, ताकि मुहल्ले के लोगों को बरसात में जल जमाव के कारण दिक्कत न हो.

लेकिन हो उल्टा रहा है. नाला निर्माण करने के लिए सड़क पर गिट्टी, पत्थर व मिट्टी बिखरा पड़ा है. साथ में नाले का गंदा पानी भी सड़क पर बह रहा है. इस कारण लोगों को दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है. काम जिस रफ्तार से हो रहा है, इससे लगता है कि काम पूरा होने में दो-तीन माह लग जाएंगे. वर्तमान में सड़क की जो स्थिति बन गई है, उसमें लोगों के लिए काफी दिक्कतें हैं. पर, बरसात में लोगों के लिए इस सड़क से गुजरना बड़ी चुनौती होगी.



### लोग परेशान, पर किसी को मतलब ही नहीं

जिस सड़क की नाली का निर्माण चल रहा है, उसकी लंबाई मेन रोड से करीब 300 मीटर है. इस सड़क से रोज हजारों लोग गुजरते हैं. सड़क अशोकनगर रोड को हरमू रोड से भी जोड़ती है. सड़क से जुड़ी छोटी गलियों में रहने वालों के लिए यह रोड लाइफलाइन जैसी है. लेकिन लोगों की दिक्कतों से किसी को मतलब नहीं.

### क्यों पड़ी नाला निर्माण की जरूरत

निगम ने अरगोड़ा तालाब एरिया के पानी का ड्रेनेज इसी इलाके से होकर निकाल दिया. अरगोड़ा बाईपास वीआईपी रोड है. बरसात में उस रोड पर जल जमाव होने से गाड़ी से चलना भी मुश्किल हो रहा था. इससे वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए दिन-रात एक कर उस पानी को निकालने के लिए नगर निगम ने पूरण विहार से उसका ड्रेनेज जोड़ दिया. इस कारण बरसात शुरू होते ही पूरण विहार का इलाका पानी में डूब जाता था. सड़क व नाली का अंतर भी पता नहीं चल पाता था, जिससे हमेशा लोग हादसे का शिकार होते थे. लोगों ने हंगामा किया, तो भी कुछ नहीं हुआ. न ही वार्ड 26 के पार्षद ने इस पर ध्यान दिया.

### समय से काम न होने से लोगों में गुस्सा

कॉलोनी के लोग कहते हैं कि निगम ने उन्हें तकलीफ में रखने की ठान ली है. नाले का निर्माण कराना ही था, तो दो-तीन माह पहले करा लेते, ताकि बरसात में हमें परेशानी नहीं होती. लोगों के मुताबिक, वसुंधरा अपार्टमेंट का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है. घर से निकलने से पहले 10 बार सोचना पड़ता है. दिन के वक्त तो जैसे- तैसे काम चल जाता है, लेकिन रात में घर से बाहर निकल कर कहीं जाना या आना किसी मुसीबत से कम नहीं है.






## ईडी ने हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत अर्जी का विरोध किया

### सुप्रीम कोर्ट में जमानत अर्जी पर आज होगी सुनवाई

संवाददाता। रांची/नयी दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत के अनुरोध वाली उनकी अर्जी का सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में विरोध किया. गिरफ्तारी के खिलाफ और अंतरिम जमानत के लिए सोरेन की अर्जी पर शीर्ष अदालत में दिये अपने हलफनामे में जांच एजेंसी ने कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद साक्ष्य से यह स्थापित होता है कि झामुमो के नेता अवैध तरीके से संपत्तियां हासिल करने और उनपर कब्जा रखने में शामिल हैं, जो अपराध से अर्जित आय है.



न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की एक अवकाशकालीन पीठ सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ और उनकी अंतरिम जमानत अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई करने वाली है. एजेंसी ने कहा, पीएमएलए की धारा के तहत कई बयान दर्ज किये गए हैं, जिससे स्थापित होता है कि बरियातू में लालू खटाल के निकट शांति नगर में 8.86 एकड़ जमीन अवैध गैरकानूनी तरीके से हासिल की गई और यह हेमंत सोरेन के कब्जे एवं उपयोग में है तथा यह कृत्य गुप्त तरीके से किया गया. लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार अभियान के लिए सोरेन की अंतरिम जमानत का विरोध करते हुए ईडी ने कहा कि यह गौर करना जरूरी है कि चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मूल अधिकार है ना ही संवैधानिक अधिकार या कानूनी अधिकार है.

जांच एजेंसी ने कहा कि राज्य सरकार की मशीनरी का दुरूपयोग कर जांच को प्रभावित करने और अपने पिट्ठुओं के जरिए अपराध की आय को वैध साबित करने की सोरेन की ओर से कोशिश की जा रही.

## मटका किंग आनंद वर्मा, संदीप थापा समेत पांच जिला बदर



■ आठ को थाना में हाजिरी लगाने का आदेश

**रांची।** एसएसपी चंदन सिन्हा की अनुशंसा पर डीसी राहुल सिन्हा ने पांच अपराधियों को जिलबदर किया है और आठ अपराधियों को थाना में हर दिन हाजिरी लगाने का आदेश दिया है. गौरतलब है कि कोतवाली डीएसपी ने संदीप थापा, मटका किंग आनंद वर्मा और बिट्टू मिश्रा को जिला बदर करने के लिए रांची एसएसपी से अनुशंसा की थी.

**ये हैं पांच अपराधी जिन्हें जिला बदर किया गया है**

1. आनन्द वर्मा
2. बलिराम साहू
3. विजय सिंह उर्फ गेंदा सिंह
4. संदीप थापा
5. राजीव कुमार उर्फ बिट्टू मिश्रा

**इन आठ अपराधियों को थाने में हाजिरी लगाने आदेश**

1. आकाश कुमार गुप्ता
2. कारो पाहन
3. छोटू लोहरा
4. मनमोहन लोहरा
5. अभिषेक शर्मा
6. मो. मुस्तफा उर्फ डुडू
7. अनिल कुमार सिंह
8. सुभाष साहू

### ब्रीफ खबरें

#### जयंत सिन्हा को चुनाव प्रचार में शामिल नहीं होने के लिए कारण बताओ नोटिस

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा को हजारीबाग लोकसभा सीट से मनीष जायसवाल को उम्मीदवार घोषित किये जाने के बाद चुनाव प्रचार में भाग नहीं लेने और इस तरह पार्टी की छवि को 'खराब' करने के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया. पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा के बेटे जयंत सिन्हा हजारीबाग से मौजूदा सांसद हैं. भाजपा के प्रदेश महासचिव आदित्य साहू ने नोटिस में कहा, 'जब से पार्टी ने मनीष सिन्हा को हजारीबाग लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है, तब से आप (जयंत) संगठनात्मक कार्यों और चुनाव प्रचार में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं. आपने अपने मताधिकार का प्रयोग करना भी उचित नहीं समझा. आपके आचरण के कारण पार्टी की छवि खराब हुई है.' पार्टी ने जयंत सिन्हा से दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा है. भविष्य की कार्रवाई के बारे में पूछे जाने पर साहू ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि यह जयंत सिन्हा के जवाब पर निर्भर करेगा.



## सावधान ! फल के साथ जहर तो नहीं खा रहे?

### कार्बाइड से पकाये जा रहे आम व अन्य फल, कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित कर सकता है केमिकल

बसंत मुंडा । रांची

शरीर में प्रोटीन-विटामिन की कमी दूर करने के साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए फलों का सेवन करना लाभदायक होता है. मौसमी व पके फलों का सेवन हर कोई करना चाहता है, ताकि स्वास्थ्य बेहतर हो सके. शरीर के लाभदायक हो. लेकिन फल बिक्रेता अपने फायदे और फलों को जल्द से जल्द पकाने के लिए जानलेवा केमिकल और कार्बाइड का प्रयोग करते हैं. केले, आम को पकाने के लिए खासकर कार्बाइड का प्रयोग करते हैं.

गर्मी के मौसम में फलों का राजा आम बाजार में आता है, लेकिन फल बिक्रेता कच्चे आम को जल्द से जल्द पका कर बिक्री के लिए बाजार में उतारने के लिए जहर समान कार्बाइड का प्रयोग करते हैं. आम काफी फायदेमंद है, लेकिन सावधान रहें. साल भर के इंतजार के बाद गर्मियों में मिलने वाला यह मौसमी फल कहीं आपको रोगग्रस्त न कर दे. क्योंकि इस वक्त बाजार में जो आम मिल रहे हैं, वह प्राकृतिक रूप से पके हुए नहीं हैं. महाराष्ट्र, असम और बिहार से आनेवाले आम को प्रतिबंधित केमिकल और कार्बाइड के उपयोग से पका कर बाजार में बेचा जा रहा है. अन्य फलों की भी यही स्थिति है. बाजार में बिक रहे अधिकांश तरबूज, पपीता और केले को भी पकाने में भी केमिकल का इस्तेमाल हो रहा है.

विशेषज्ञों का मानना है कि फलों को पकाने में रसायन का उपयोग इतना खतरनाक है कि यह आपको कई गंभीर बीमारियों के साथ कैंसर तक का रोगी बना सकता है.

### लाते हैं कच्चा फल बेचते हैं पका कर

बाजार में इन दिनों आम की बिक्री खूब हो रही है. छोटे-बड़े फल की दुकानों से लेकर चौक-चौराहों, ठेलों पर फलों की बिक्री हो रही है. बढ़ती मांग के मद्देनजर ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में फल विक्रेता मंडी से कच्चा आम ही खरीद ले रहे हैं, फिर उसमें केमिकल डाल कर उसे पकाते हैं और धड़ल्ले से बाजार में बेचते हैं. पूछने पर फलवालों का एक ही जवाब है- इससे कुछ नहीं होता है, हल्का कार्बाइड डाल कर तो पकाया ही जाता है.



### हानिकारक है केमिकल का उपयोग : डॉ श्याम सिडाना

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्याम सिडाना बताते हैं कि फलों को पकाने में केमिकल का उपयोग हानिकारक है. इससे गंभीर बीमारियां की चपेट में आने का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है. पैसा कमाने के चक्कर में इन दिनों बीमारी बांटी जा रही है. फल ही नहीं सब्जियों में भी इंजेक्शन से केमिकल डाला जा रहा है, ताकि आकार में छोटी सब्जियां जल्द तैयार हो जाएं. उन्होंने बताया कि फल और सब्जी को अच्छी तरह से धो कर ही उपयोग में लाना चाहिए. कार्बाइड का हल्का उपयोग उतना हानिकारक नहीं है, लेकिन केमिकल इंजेक्ट कर तैयार की गयीं फल-सब्जियां ज्यादा हानिकारक होती हैं.

### क्या कहते हैं फल विक्रेता

- डेली मार्केट के फल विक्रेता मो अफसर ने बताया कि महाराष्ट्र से सफेदा, गुलाब और रसालु से आम मंगाया जा रहा है. फाहुरा आम सबसे ज्यादा महंगा बिक रहा है. छह सौ रुपये में आधा दर्जन आम बाजार में मिल रहा है.
- फल विक्रेता मो शौकत ने बताया कि फलों को कई सालों से कार्बाइड से पकाया जाता रहा है. हल्की मात्रा में कार्बाइड को कागज के पुड़िया के साथ पेटी में रख दिया जाता है. दो-तीन दिन में आम और केला पूरी तरह से पक जाता है.

### शहर में आज

1. राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता, नामकुम में दिन के 11 बजे
2. कांग्रेस का जन संपर्क अभियान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दोपहर 12 बजे
3. बीजेपी का जन संपर्क अभियान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दोपहर 12 बजे

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

### ब्रीफ खबरें

#### रांची में आज से 20वीं जूनियर वुशु प्रतियोगिता

**रांची।** 20वीं राज्य स्तरीय जूनियर वुशु प्रतियोगिता का आयोजन 21 मई से रांची के नामकुम स्थित लॉन बॉल्स स्टेडियम में किया जाएगा. दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों की टीम मंगलवार को रांची पहुंचेंगी और उनका वजन और रजिस्ट्रेशन किया जाएगा. इसकी जानकारी देते हुए झारखंड वुशु एसोसिएशन के महासचिव शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि प्रतियोगिता की सारी तैयारी पूर्ण हो चुकी है. इस प्रतियोगिता के आधार पर राज्य टीम का चयन होगा, जो आगामी जूनियर नेशनल में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी.

#### बूथों की सफाई में जुटा है नगर निगम



**रांची।** 25 मई को रांची लोकसभा में मतदान होना है. इसी कड़ी में रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र में पड़ने वाले बूथों की सफाई की जा रही है. जारी आदेश में 53 वार्डों में 257 बूथों पर 22 मई तक मतदान केन्द्र और मतदान केन्द्र के संपर्क पथों की विशेष साफ-सफाई, नियमित रूप से गार्बेज कलेक्शन, नालियों की सफाई, ब्लीचिंग पाउडर,लार्विसाईडल दवा का छिड़काव कराना व मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार वाटर टैंकर की व्यवस्था कराना और झाड़ियों की कटाई की जाएगी. जिसकी निगरानी और पर्यवेक्षण को लेकर प्रतिनियुक्ति कर दी गई है.

#### मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें: कुर्बान अली

**रांची।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षा संघ के दक्षिणी छोटानागपुर



प्रमंडलीय सचिव मो कुर्बान अली ने कहा कि रांची में 25 मई को लोकसभा चुनाव का मतदान होना है. उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें. यह हमारे लोकतंत्र का महत्वपूर्ण पहलू है. हमें लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये अपनी भूमिका अवश्य निभानी चाहिये. याद रखें आपका एक मत देश के भविष्य को निर्धारित करता है. इसलिये मतदान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और देश के लोकतंत्र को मजबूत करें. मतदान करने के वक्त अपने मूल अधिकार व विकास के लिये अपने लीडर चुने. किसी के बहकावें में आकर धर्म जाति देखकर वोट नहीं दें.

### लोकसभा चुनाव : मतदान की तारीख नजदीक आते ही प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान किया तेज

## भाजपा प्रत्याशी ने सरनास्थल में की पूजा आदिवासी संगठनों ने दिया जीत का भरोसा

संवाददाता।रांची



बीजेपी के लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ सोमवार को हातमा पहुंचे.जगलाल पाहन ने उनका स्वागत किया.पाहन के घर पर ही संजय सेठ ने बैठक की, जिसमें दर्जनों आदिवासी संगठन के लोग शामिल हुए. पाहन की अगुवाई में लोकसभा प्रत्याशी सरना स्थल में पूजा अर्चना किया. इसके बाद आदिवासी समुदाय के अगुवाओं ने बीजेपी को जिताने का भरोसा दिलाया और कहा कि अबकी बार आदिवासी समुदाय जल,जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए बीजेपी को जिताना है. जाति धर्म से ऊपर उठकर लोगों को वोट देंगे. देश हित के लिए बीजेपी को बहुमत से जीताना है. देश की सुरक्षा बीजेपी ही कर सकती है. आदिवासियों की सुरक्षा के लिए बीजेपी के हाथ को मजबूत बनाना होगा.

इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलु मुंडा ने कहा कि बीजेपी आदिवासियों को देश में सर्वोच स्थान दिया है. पूरी दुनिया में आदिवासी समुदाय को पहचान दिलाया है. देश आजादी के 70 वर्षो बाद आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया है. आदिवासी गांवों में बिजली पहुंचायी और सड़क बनायी है. घर-घर में सुलभ शौचालय दिया. आदिवासी बच्चे पढ़ें, इसके लिए गांव में एकलव्य स्कूल बना रहा है. किसानों का खेत हरा भरा रहे, इसके लिए सरकार किसानों को सब्सिडी दे रही है.

**बैठक में सगंठन के ये लोग हुए शामिल :** केंद्रीय धुमकुड़िया अध्यक्ष सुनील टोप्पो,छोटानागपुर सरना समिति अध्यक्ष बिरसा पहान,कोंगे सरना समिति अध्यक्ष नरेश पहान, जनजाति सुरक्षा मंच के संयोजक संदीप उरांव,हेदलहातू सरना समिति अध्यक्ष मुकेश मुंडा,डहू टोली सरना समिति अध्यक्ष विसवास उरांव, चडरी सरना समिति के पूजा अध्यक्ष सबलू मुंडा समेत पप्पू बान्डो, शिवधन मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, मुकेश मुंडा, सुरेश महली, सुरेंद्र मुंडा,अरूण कोरियार, चुन्नू पहान, निर्मल पहान,बलकू उरांव बैठक में शामिल थे.

## मोदी सरकार ने युवाओं को किया बेरोजगार ‘इंडिया’ सरकार देगी रोजगार : यशस्विनी

संवाददाता।रांची



रांची लोकसभी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा है कि मोदी सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में देश के युवाओं को बेरोजगार करने का काम किया है. सहाय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आएगी, तो युवाओं की समस्याओं को दूर किया जाएगा.कांग्रेस सरकार सबसे पहले खाली पड़े 30 लाख पदों पर युवाओं को नौकरी देगी. इसके साथ ही शिक्षित युवाओं को अप्रेंटिसशिप योजना के तहत एक साल तक एक लाख रुपया देगी. सहाय ने सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्रा कर लोगों से संपर्क किया और रोड शो कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की.

लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों के बारे में सोचती है. इसीलिए चुनाव से पूर्व कांग्रेस की ओर से महिलाओं, युवाओं, किसान, श्रमिकों के साथ समाज के अन्य वर्गों के विकास और उत्थान के लिए 25 गारंटी निर्धारित की गई है. कांग्रेस की यह गारंटी मोदी सरकार के नीतियों से परेशान जनता को राहत दिलाने का काम करेगी. उन्होंने मतदाओं से कांग्रेस को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने का अपीन की.

**मोदी सरकार ने सिर्फ पूंजीपतियों की सेवा की : सुबोधकांत :** मतदाताओं को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने 10 साल के शासनकाल में सिर्फ पूंजीपतियों की सेवा की है. सरकारी की इस नीति के कारण अमीर और अमीर होते गये और गरीबों का जीवनयापन करना मुश्किल हो गया. देश में चरम पर पहुंच गई महंगाई और बेरोजगारी पर प्रधानमंत्री कभी भी बातें नहीं करते हैं, क्योंकि महंगाई कम होगी, तो उनके पूंजीपति मित्रों की कमाई कम हो जाएगी. सहाय ने कहा कि देश से महंगाई, बेरोजगारी से मुक्ति और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस को वोट देकर यशस्विनी सहाय को विजयी बनाकर राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करें.

### सिल्ली, अनगड़ा और सिकिदरी में होता रहता है हाथियों का भ्रमण

## चुनाव आयोग की हिदायत- वोटिंग के दिन जंगली जानवरों से करें वोटरों की सुरक्षा

**25** मई को रांची में होनी वोटिंग, जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे 100 से ज्यादा वनकर्मी

प्रमुख संवाददाता।रांची

राज्य निर्वाचन आयोग ने झारखंड के वन विभाग को निर्देश दिया है कि मतदान के दिन जंगली जानवरों से मतदाताओं की सुरक्षा करें. रांची लोकसभा क्षेत्र के तहत सिल्ली, अनगड़ा और सिकिदरी में हाथियों का भ्रमण होता रहता है.

रांची लोकसभा के लिए 25 मई को वोटिंग होनी है. राज्य निर्वाचन आयोग ने वन विभाग को ऐसा निर्देश पहली बार दिया है. कहा है कि इस लोकसभा क्षेत्र के जंगली इलाकों पर विशेष नजर रखें, ताकि मतदाताओं के साथ-साथ मतदानकर्मियों की सुरक्षा हो सके.

#### ट्रेंड वनकर्मियों को करें तैनात

आयोग ने वन विभाग को ये स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि रांची के ऐसे क्षेत्रों में वन विभाग के ट्रेंड कर्मचारियों को तैनात रखें. अगर मतदान के दौरान जंगली हाथी या अन्य जंगली वन्य जीवों का विचरण होता है तो मतदाता और मतदानकर्मियों को सुरक्षा दी जा सके.

#### वनकर्मी और समिति के लोग होंगे तैनात

रांची डीओएफओ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि रांची जिला के सिल्ली और सिकदरी क्षेत्र में आए दिन जंगली हाथियों का विचरण देखा जाता है. इसीलिए करीब 100 वन कर्मचारियों और संबंधित वन समिति के लोगों को जंगली क्षेत्रों में तैनात किया गया है. चुनाव के दिन जितने भी कर्मचारी पोलिंग बूथ पर पहुंचेंगे उनके लिए क्या-क्या दिशा निर्देश जारी किया गया है, उसको वन विभाग के कर्मचारी बताने का काम करेंगे.

#### एलीफेंट अलर्ट एप के उपयोग का निर्देश

डीएफओ ने बताया कि चुनाव से पहले वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा लोगों को जागरूक भी किया जाएगा. उन्हें बताया जाएगा कि जंगली क्षेत्र से मतदाता अकेले ना जाएं कुछ लोगों को साथ लेकर चलें. अगर कहीं भी हाथी के आने की सूचना मिलती है तो एलीफेंट अलर्ट एप का भी उपयोग करें. साथ ही जो सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे, उन्हें भी वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा जानकारियां दी जाएंगी.

### स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल में की जा रही तैयारियों का डीसी ने लिया जायजा

**रांची।** रांची संसदीय क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को पंडरा बाजार समिति प्रांगण में बनाए जा रहे स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया. इस दौरान अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे. निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, साफ-सफाई, लाइटिंग, रांची लोकसभा क्षेत्र के आब्जर्वर्स, पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों/पोलिंग



पार्टियों के लिए की जा रही व्यवस्था, शौचालय, वाहन पार्किंग, ट्रैफिक मैनेजमेंट इत्यादि का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. उन्होंने मतदान के बाद पोल्ड ईवीएम को सुरक्षित रखने के लिए विधानसभावार बनाये गये स्ट्रांग रूम का जायजा लिया. उन्होंने विधानसभा वार पोल्ड ईवीएम को रखने के लिए की गई मार्किंग को देखा एवं भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिये.

## जनता ने 400 पार के संकल्प में झारखंड की सात सीटों को जोड़ दिया : आदित्य



प्रमुख संवाददाता।रांची

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने हजारीबाग, चतरा और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के साथ गांडेय विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभार प्रकट किया. साथ ही शांतिपूर्ण मतदान के लिए चुनाव आयोग के पदाधिकारियों और चुनाव कार्य में लगे सभी कर्मचारियों का भी आभार प्रकट किया. कहा कि राज्य की जनता ने बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लिया है. शाम 5 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार 65 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुए हैं.

पांचवें चरण के मतदान संपन्न होने के बाद जनता ने फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए 400 पार के संकल्प में अपना 7 सीट का योगदान कर दिया है. कोडरमा, हजारीबाग और चतरा के साथ गांडेय उपचुनाव में वहां के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया. यह मतदान तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को साकार करने के लिए है.

#### भ्रष्टाचारियों को उखाड़ फेंकने के लिए हुआ है मतदान

साहू ने कहा कि यह मतदान प्रदेश से भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को उखाड़ फेंकने के लिए हुआ है. सनातन विरोधियों को सबक सिखाने के साथ आदिवासी, दलित, पिछड़े, युवा महिला, किसान सभी को ठगने वाली नीति और नीयत के खिलाफ यह मतदान हुआ है. राज्य की जनता का प्रदेश भाजपा आभार प्रकट करती है. प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और तारिक इमरान उपस्थित थे.

## तीसरी बार मोदी सरकार के लिए बुद्धिजीवी वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण: कर्मवीर सिंह

संवाददाता ।रांची

प्रबुद्ध वर्ग समाज का अगुआ है. इसका समाज में महत्वपूर्ण स्थान है. यह वर्ग बड़े समूह को अपने अपने क्षेत्र में प्रभावित करता है. इसलिए राष्ट्र की मजबूती के लिए इस वर्ग को बढ़ चढ़ कर नेतृत्व करना चाहिए. यह बात भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश कार्यालय में प्रबुद्ध वर्ग की बैठक को संबोधित करते हुए कही.

उन्होंने कहा कि देश में आम चुनाव चल रहा है. जनता का मिजाज तीसरी बार मोदी सरकार के लिए स्पष्ट है. जनता चाहती है कि सशक्त भारत, मजबूत भारत, आत्म निर्भर भारत, विकसित भारत के लिए तीसरी बार मोदी सरकार बने. राष्ट्र विरोधी, विकास विरोधी, सनातन विरोधी इंडी गठबंधन के लोग जनता को दिग्भ्रमित कर रहे. ऐसे में प्रबुद्ध वर्ग जनता के बीच जाएं और उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियों और इंडी गठबंधन की विकास विरोधी, सनातन विरोधी नीतियों को बताएं. बैठक में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, विधि प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ, आर्थिक प्रकोष्ठ के सुमन चौबे, धीरेंद्र त्रिपाठी, पप्पू रजक, उमेश कुमार, आनंद कुमार ठाकुर, पीके झा, महबूब खान, प्रणव कुमार बब्बू, राजन वर्मा, श्रवण कुमार, राजा राम महतो, पिंटू तिवारी, कमल कांत दुबे, कैलाश केसरी, अमरदीप साहू आदि उपस्थित थे.

**खास बातें**

- संगठन महामंत्री प्रबुद्ध वर्ग की बैठक को किया संबोधित
- कहा-जनता का मिजाज फिर मोदी सरकार चुनने का

### सभी 14 लोस सीटें और गांडेय विस सीट भाजपा जीत रही है : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य की तीन लोकसभा सीट और गांडेय विधानसभा उपचुनाव संपन्न होने पर राज्य की जनता का आभार जताया है. कहा कि एनडीए राज्य की सभी 14 लोकसभा सीट जीतेगा. गांडेय विधानसभा उपचुनाव में भी एनडीए प्रत्याशी की जीत तय है. 400 पार का लक्ष्य एनडीए के लिए कठिन नहीं है. पिछली बार भी भाजपा ने 303 सीटें जीती थी. एनडीए ने 353 सीट जीती थी. अब 47 सीट ही आगे बढ़ाना है, जो जनता के आशीर्वाद से संभव है. प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में जो काम किया है, वह किसी से छुपा नहीं है.

## प्रदेश भाजपा ने अजा मोर्चा की कार्यसमिति सदस्य सीताराम के निधन पर जताया शोक

संवाददाता ।रांची



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीताराम रवि के असामयिक निधन पर प्रदेश भाजपा ने शोक जताया है. उनके पार्थिव शरीर को प्रदेश कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए लाया गया. इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने उनके पार्थिव शरीर पर भाजपा का झंडा अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीताराम रवि के आकस्मिक निधन की सूचना अत्यंत दुःखद और पीड़ादायी है. ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें. शोकाकुल परिवार को इस भीषण दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें.

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीता राम रवि के आकस्मिक निधन की दुखद सूचना मिली. मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं. प्रभु श्री राम दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और परिजनों को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें. क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीता राम रवि के निधन की दुखद खबर मिली. यह पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है. भगवान उन्होंने अपने श्रीचरणों में जगह दें.पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीता राम रवि के निधन की खबर से मन दुखी है. वे मृदुभाषी और मिलनसार थे.

**खास बातें**

- भाजपा के प्रदेश कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि
- प्रदेश अध्यक्ष ने रवि के निधन को बताया काफी पीड़ादायी

## जून में शुरू हो सकती है हाइकोर्ट एडवोकेट एसो. की चुनाव प्रक्रिया

संवाददाता ।रांची

झारखंड हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की मौजूदा कमिटी का कार्यकाल खत्म हो चुका है. जिसके बाद अब जल्द ही चुनाव होने के आसार हैं. इस वर्ष होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद और महासचिव पद के लिए कई हेवीवेट उम्मीदवार चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमाएंगे. अब तक हाइकोर्ट बार एसोसिएशन में जिन नामों की चर्चा है, उसमें वर्तमान अध्यक्ष ऋतु कुमार, वर्तमान महासचिव नवीन का दुबारा उसी पद पर चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है. सबसे ज्यादा कांटे की लड़ाई अध्यक्ष और महासचिव की कुर्सी पर काबिज़ होने की होगी. क्योंकि ऋतु कुमार और नवीन कुमार दुबारा चुनाव जीत कर हाइकोर्ट के वकीलों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. हालांकि झारखंड एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव की तारीख का एलान अभी नहीं किया गया है, लेकिन गर्मी की छुट्टियों के बाद जब हाईकोर्ट में काम-काज शुरू होगा, तो जनरल बॉडी की मीटिंग कर चुनाव की तारीख की घोषणा की जा सकती है. हाईकोर्ट में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और महासचिव समेत कुल 18 पदों पर चुनाव होते हैं. पिछली बार हाईकोर्ट के करीब 2500 वकीलों ने मतदान कर कमिटी का चुनाव किया था.

### अतिक्रमण मुक्त अभियान : निगम ने नो वेंडिंग जोन में लगी दुकानें और ठेला-खोमचों को हटाया

## कचहरी से अलबर्ट एक्का चौक तक हटाया अतिक्रमण

संवाददाता।रांची





नगर प्रशासक के आदेशानुसार, रांची नगर निगम क्षेत्र की सड़कों को जाम मुक्त और अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर निगम लगातार अतिक्रमण मुक्त अभियान चला रहा है. इसी क्रम में सोमवार को रांची नगर निगम द्वारा कचहरी चौक से शहीद चौक होते हुए परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक तक दंडाधिकारी व पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया.

इस क्रम में नो वेंडिंग जोन में लगी दुकानें व ठेला-खोमचों को हटाया गया. साथ ही दुकानों द्वारा सड़कों पर अतिक्रमण कर सामान रखने पर सामान भी जब्त किये गये. इस दौरान कुल दो चौकी और एक टेबल जब्त किया गया. बता दें कि अतिक्रमण मुक्त अभियान के पूर्व नगर निगम की ओर से सभी दुकानदारों और विक्रेताओं को माइकिंग के माध्यम से स्वयं अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था. इसके बाद सामान जब्त करते हुए कार्रवाई की गई.

### राजमहल परियोजना के अफसरों के खिलाफ सीबीआई की कार्रवाई

## तीन अफसर घूस लेते गिरफ्तार

संवाददाता।रांची




गोड्डा में सीबीआई ने तीन अफसरों को गिरफ्तार किया है. धनबाद ब्रांच की एसीबी टीम ने सोमवार को यह कार्रवाई की है. सीबीआई की टीम ने राजमहल कोल परियोजना के तीन अधिकारियों को घूस लेते गिरफ्तार किया है. इनमें मुख्य प्रबंधक, उपप्रबंधक और सहायक रेवेन्यू ऑफिसर शामिल हैं. टीम ने एक को 25 हजार और दूसरे को 50 हजार रुपए घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया.

मुआवजे का भुगतान करने के एवज में इन अधिकारियों ने छह लाख घूस मांगी थी. शिकायतकर्ता हैदर अंसारी द्वारा सीबीआई से शिकायत की गयी थी, कि राजमहल परियोजना के मुख्य प्रबंधक परमेश्वर यादव, उपप्रबंधक विपिन कुमार व सहायक रेवेन्यू ऑफिसर पवन कुमार महतो ने 12 लाख रुपए मुआवजा का भुगतान करने के एवज छह लाख रुपए घूस की मांग की है. केस रजिस्टर किये जाने के बाद सीबीआई व एसीबी की टीम के द्वारा सोमवार की सुबह से ही मामले को लेकर आरोपी अधिकारियों को ट्रैप किया गया. इनमें विपिन कुमार उपप्रबंधक को 25 हजार रुपए, अमीन पवन कुमार महतो को 50 हजार कैश लेते रंगेहाथ पकड़ा गया. सीबीआई ने प्रेस रिलीज में बताया है कि परमेश्वर यादव को भी इस केस में गिरफ्तार किया गया है. सभी से इस संबंध में पूछताछ की जा रही है.

### क्या होगा वादों का, ना भाजपा के प्रत्याशी संजय सेठ आये और ना ही कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ही पहुंची


# चार दिन बाद है मतदान, गरीबों की बस्ती में नहीं आया कोई अब तक झांकने

**रेहान अहमद। रांची**

बलदेव सहाय लेन और नाजिर अली लेन के वासियों ने कहा कि लोकसभा चुनाव को महज चार दिन ही शेष रह गये हैं. लेकिन हम गरीबों की बस्ती में कोई झाकने तक नहीं आया है. ना भाजपा के प्रत्याशी संजय सेठ आये और ना ही कांग्रेस की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ही पहुंची.

लोगों ने बड़े ही मायूसी से कहा कि जब चुनाव के नजदीक कोई पूछने वाला नहीं है, क्या होगा वादों का जब चुनाव के नजदीक मिलने तक नहीं आये, तो चुनाव के बाद क्या होगा. यहां करीब 5 हजार की आबादी रहती है. यहां 6 माह से नालियों की सफाई नदारत है. पानी भी आधे से पौन घंटे के लिये ही आता है. वह भी पूरा नहीं पड़ता है. तीन मिनी एचवाईडीटी है, एक में पानी ठीक आता है उसका बोरिंग 350 फीट है. लेकिन आबादी के हिसाब से सभी को पानी पूरा नहीं पड़ता है. सफाई के साथ जल संकट हल की जरूरत है.

- कांग्रेस, भाजपा दोनों से बस्ती वासी हैं नाराज
- छह माह से नहीं हुई है नालियों की सफाई
- आबादी 5 हजार आधे-पौन घंटे सप्लाई पानी पूरा नहीं पड़ता
- तीन मिनी एचवाईडीटी में एक में पानी ठीक आता है









**भाजपा-कांग्रेस किसी को हमारी परवाह नहीं : बुलंद**

बुलंद अख्तर ने कहा कि हम गरीबों की बस्ती में लोकसभा चुनाव के समय में भी कोई झाकने तक नहीं आया. भाजपा हो या कांग्रेस किसी को हमारी परवाह नहीं है. छह माह से सफाई नहीं हुई नालियां अटी पड़ी हैं, रविवार दोपहर में हुई बारिश से मुहल्ले के कई घरों में नाली का पानी घुस गया, लोक काफी परेशान हुए. एचवाईडीटी तीन हैं, एक में पानी ठीक आता है. उसका बोरिंग 350 फीट है, लेकिन आबादी बड़ी होने की वजह से सभी को पानी पूरा नहीं हो पाता है. इस लिये सप्लाई पानी का प्रेशर बेहतर करने की जरूरत है.

**चुनाव के नजदीक भी कोई नहीं आये हाल लेने के लिए : फिरोज**

मो फिरोज ने कहा कि चुनाव के समय में भी कोई नेता मंत्री हम लोगों का हाल लेने नहीं पहुंचे. पानी और सफाई की कमी से यहां के लोग काफी परेशान हैं. इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

**पानी का प्रेशर ठीक करने की है जरूरत : सलमान**

सलमान अली ने कहा कि पानी के लिये सप्लाई पानी का प्रेशन ठीक कर दिया जाये एवं करीब 2 घंटे तक पानी दिया जाये तो कुछ हद तक सुधा हो सकता है.

**सप्लाई पानी में नाम मात्र के लिये ही पानी आता है : आदिल हुसैन**

मो आदिल हुसैन ने कहा कि सप्लाई पानी तो 15 साल पहले से लगा है. लेकिन पानी नाम मात्र के लिये ही आता है, इस कारण सभी को पानी पूरा नहीं पड़ता है. इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

**यहां पानी की काफी परेशानी है : जावेद**

गुदड़ी मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मो जावेद ने कहा कि यहां पानी की काफी परेशानी है. सरकारी पहल पर यदि सप्लाई पानी की व्यवस्था बेहतर हो तो बहुत हद तक सुधार हो जाएगा.

# नाली है जाम, बारिश में होंगे परेशान

**आकर्ष अनिकेत। रांची**

प्री मॉनसून को देखते हुए रांची नगर निगम लगातार शहर की नालियों की सफाई करा रहा है. लेकिन शहर के कई मुहल्लों की नालियां ऐसी हैं, जिनकी सालों-महीनों से सफाई नहीं हुई है, लेकिन निगम की नजर अब तक नहीं पड़ी है. शहर के विभिन्न इलाकों में कचरे से नालियां बजबजा रही है. कई नालियों का हाल काफी बुरा है, जिसकी जल्द से जल्द सफाई नहीं की गयी, तो बारिश के समय उस इलाके की सड़कें जलमग्न हो जाएंगी और मुहल्ले के लोगों के साथ ही साथ उधर से गुजरनेवाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. वैसे कई मुहल्लों में गहरी नालियां हैं, लेकिन उसे स्लैब से नहीं ढंका गया है. जिन नालियों को स्लैब से नहीं ढंका गया है, उसे बारिश से पहले स्लैब से ढंकने की जरूरत है, क्योंकि तेज बारिश होने पर नाली और सड़क का पता ही नहीं चल पाता है.




## न्यूज अपडेट

### गुरुकृपा स्कूल में छात्रों के लिए आशीर्वाद समारोह



**रांची।** दयालनगर स्थित गुरुकृपा पब्लिक स्कूल में आशीर्वाद समारोह का आयोजन हुआ. सत्र 2023-24 के दसवीं बोर्ड के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया. सृष्टि कुमारी और अर्पिता ओशमी ने परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया है. जबकि सोनम सिंह ने 83 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय और वैभव जायसवाल ने 71.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया. समारोह के मुख्य अतिथि सेल्स टैक्स पदाधिकारी नवीन प्रसाद साहू व विशिष्ट अतिथि शिक्षा विभाग के राजेंद्र प्रसाद ने छात्रों के अच्छे रिजल्ट के लिए विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया.

### नीरजा सहाय डीएवी में 22 मई को है एंट्रेंस



**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में ग्यारहवीं कक्षा के विज्ञान संकाय में नामांकन के लिये छात्रों को एक और अवसर मिला है. उन विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मौका है जो विज्ञान संकाय में प्रवेश तो लेना चाहते हैं, किंतु उनके अंक अपेक्षित नहीं हैं. ऐसे विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संस्थान में नामांकन करवा सकते हैं. 22 मई को सुबह 8 बजे से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा. सीबीएसई के अलावा आईसीएसई और जैक बोर्ड से 10वीं पास करने वाले विद्यार्थी भी प्रवेश परीक्षा में शामिल होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं.

### डीपीएस को मिला बेस्ट स्कूल का अवार्ड

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल को शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए "इंडियाज बेस्ट स्कूल्स अवार्ड 2024" से सम्मानित किया गया है. 'डे स्कूल कैटेगरी'''' के अंतर्गत विद्यालय ने एएएए ग्रेड प्राप्त किया है. गुरुग्राम स्थित प्रसिद्ध संगठन करियर 360 ने विद्यालय के छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन, संकाय गुणवत्ता और स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे मात्रात्मक मापदंडों को देखते हुए यह सम्मान दिया है. इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को विद्यालय के शैक्षणिक निर्माण में योगदान देने के लिए बधाई दी है.

### डॉ एम रजिउद्दीन के निधन पर आरयू में शोकसभा

**रांची ।** रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रति कुलपति डॉ एम रजिउद्दीन के निधन पर सोमवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय में शोकसभा आयोजित की गयी. इसमें कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा सहित सभी पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की. डॉ रजिउद्दीन अप्रैल 2013 से मई 2016 तक रांची विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति रहे थे. वह विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे थे. डॉ रजिउद्दीन जंतु विज्ञान के प्राध्यापक थे.

### मारवाड़ी कॉलेज में करियर काउंसलिंग

**रांची ।** एटलस हायरिंग को लेकर मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल और टीसीएस के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय करियर काउंसलिंग वर्चुअल वर्कशॉप का आयोजन किया गया. जिसमें स्नातकोत्तर 2022-24 अर्थशास्त्र और गणित के विद्यार्थियों को डाटा एनालिस्ट का रोल मिलेगा. उनका सालाना पैकेज 5.3 से 8 लाख प्रति वर्ष होगा. टेस्ट 17 जून को टीसीएस के आयन सेंटर में 90 मिनट का होगा. जिसमें स्टेटिस्टिक्स, मैथमेटिक्स, इकोनॉमिक्स और प्रोग्रामिंग (स्टेटिस्टिकल डाटा एनालिसिस) से सवाल होंगे. टेस्ट और इंटरव्यू स्कोर के आधार पर चयनित विद्यार्थियों को एटलस ऑफर का पोस्ट 5.3 एलपीए या एटलस प्लस का पोस्ट 8 एलपीए ऑफर किया जाएगा. वेबिनार को सफल बनाने में गणित विभाग से डॉ घनश्याम प्रसाद, अर्थशास्त्र विभाग से डॉ बसंती रेणु हेंब्रम और एमबीए स्टूडेंट प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर आदित्य टंडन का महत्वपूर्ण योगदान रहा. प्राचार्या डॉ मनोज कुमार ने कॉलेज के सभी योग्य विद्यार्थियों को 22 मई तक इस ड्राइव में अपना रजिस्ट्रेशन करवाने को कहा. इच्छुक विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए टीसीएस हेल्प डेस्क टीम के दिया हुए टोल फ्री हेल्प लाइन नंबर 18002093111 या TCS.Com में संपर्क करके ले सकते हैं.

### दो दिवसीय राज्यस्तरीय जूनियर वुशु टूर्नामेंट आज से

**रांची।** 20वीं राज्य स्तरीय दो दिवसीय जूनियर वुशु प्रतियोगिता का आज से नामकुम स्थित लॉन बॉल्स स्टेडियम में आगाज होगा. प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिए राज्य के विभिन्न जिलों की टीमें सोमवार को राजधानी पहुंचीं. जिसके बाद खिलाड़ियों का वजन किया गया. उसके बाद उनका पंजीकरण किया गया. इसकी जानकारी देते हुए झारखंड वुशु एसोसिएशन के महासचिव शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि प्रतियोगिता की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. इस प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर राज्य टीम का चयन किया जाएगा. जो आगामी जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी.

# पीएमश्री स्कूल योजना के आवेदनों का वेरिफिकेशन



**संवाददाता। रांची**

**पीएमश्री स्कूल**

- बीआरपी सीआरपी ने किया आवेदनों का वेरिफिकेशन
- आवेदनों में पाई गई त्रुटियों की पहचान की गई

पीएमश्री स्कूल योजना के तहत रांची जिले के विभिन्न स्कूलों के द्वारा भरे गए ऑनलाइन आवेदन का सोमवार को बीआरपी सीआरपी एवं परियोजना के पदाधिकारियों ने वेरिफिकेशन किया. बीएमपी डोरंडा स्थित जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय में एडीपीओ कौशल किशोर एवं प्रताप कुमार की देखरेख में बीआरपी सीआरपी ने विभिन्न विद्यालयों के आवेदनों का वेरिफिकेशन किया.

आवेदनों में पाई गई त्रुटियों की पहचान की गई. पीएम श्री स्कूल योजना का व्यापक उद्देश्य छात्रों को इस तरह से पोषित करना है जो उन्हें व्यस्त, उत्पादक और योगदान देने वाले नागरिकों में बदल दे. यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो समानता, समावेशिता और बहुलवाद की विशेषता वाले समाज का निर्माण करने का प्रयास करता है. पीएमश्री स्कूल योजना में चयनित स्कूलों को केंद्र सरकार के द्वारा विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी और विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्य किए जाएंगे. स्कूलों द्वारा अलग-अलग मापदंड के तहत पूछी गई सवालों का जवाब विभिन्न विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों ने दी है. इस संबंध में किए गए दावों के तहत विद्यालयों को अंक दिए गए हैं. सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यालयों का चयन पीएम श्री स्कूल में किया जाएगा. इस मौके पर सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता, बीआरपी लालकेश्वर यादव, बीआरपी गोपाल ठाकुर, अरुण कुमार महतो, बादल चंद्र मंडल, बलदेव महतो, शुभाशीष कुमार दास, प्रियंका कुमारी, संजीव कुमार, रोहित कुमार, अरविंद कुमार गुप्ता, जयराम महतो, अब्दुल नासिर, सुशांत कुमार मिश्रा, विकास कुमार गुप्ता सहित कई बीआरपी सीआरपी ने आवेदनों का वेरिफिकेशन किया.

### पांच हजार आबादी के लिए चार मिनी एचवाईडीटी, तीन में कम आता है पानी

# करमटोली के अहीर टोली में जल संकट

**रेहान अहमद। रांची**

नगर निगम क्षेत्र के करमटोली के अहीर टोली में करीब पांच हजार की आबादी पीने के पानी के लिए परेशान है. यहां पानी के लिए नगर निगम की ओर से चार मिनी एचवाईडीटी की व्यवस्था की गयी है. लोगों ने बताया कि इनमें तीन की हालत अच्छी नहीं है. इनमें कम मात्रा में पानी मिलता है. एक मिनी एचवाईडीटी में थोड़ा ठीक से मिलता है, लेकिन इससे सभी लोगों की पानी की जरूरतें पूरी नहीं हो पाती हैं.

लोगों का कहना है कि यदि तीन मिनी एचवाईडीटी को ठीक कर दिया जाए, तो लोगों को जरूरत के हिसाब से पानी मिल सकता है. मुहल्ले के कुछ हिस्सों में सप्लाई पानी का कनेक्शन है, लेकिन बड़े हिस्से में पाइपलाइन नहीं बिछी है. सप्लाई कनेक्शन वालों को नियमित पानी नहीं मिल पाता है. यदि सप्लाई पानी का कनेक्शन पूरे इलाके में दे दिया जाए, तो लोगों को काफी हद तक सुविधा मिलेगी.




**लोग परेशान**

- बड़े हिस्से में सप्लाई वाटर की पाइप लाइन बिछी ही नहीं
- कहीं पाइप लाइन बिछी भी है, तो नहीं मिल पाया कनेक्शन


**क्या कहते हैं मुहल्लेवासी**

**सभी की पानी की जरूरतें पूरी नहीं हो पाती हैं : मनीष**



मनीष खलखो ने कहा कि क्षेत्र में चार मिनी एचवाईडीटी हैं, लेकिन एक में ही अच्छी तरह पानी आता है. तीन में कम पात्रा में पानी आता है, इसलिए एक मिनी एचवाईडीटी से सभी को पानी पूरा नहीं हो पाता है.

**अगर पूरे क्षेत्र में बिछे पाइपलाइन, तो होगी राहत: अंकित**



अंकित खलखो ने कहा कि क्षेत्र क्षेत्र के कुछ हिस्सों में सप्लाई पानी का कनेक्शन नहीं है. यदि पूरे क्षेत्र में सप्लाई पानी का कनेक्शन दे दिया जाए, तो काफी हद तक लोगों को जल संकट से राहत मिल जाएगी.

**तीन एचवाईडीटी से कम आता हा पानी: निलेश मिंज**



निलेश मिंज ने कहा कि ऐसे तो चार मिनी एचवाईडीटी हैं, लेकिन एक से ही पानी मिल पाता है. एकमात्र एचवाईडीटी से पांच हजार की आबादी की प्यास नहीं बुझ सकती है. निगम शेष तीन मिनी एचवाईडीटी को भी ठीक कराए.

### समाजसेवी व भाजपा नेता विजय नायक का निधन

**रांची ।** सड़क दुर्घटना में घायल समाजसेवी सह भाजपा नेता विजय नायक का ईलाज के दौरान सोमवार को निधन हो गया. वे जयपाल सिंह मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट भुसूर के अध्यक्ष थे. विजय नायक भाजपा एससी मोर्चा के खिजरी मंडल अध्यक्ष भी थे. मालूम हो कि 15 मई को रिंगरोड के गडखटंगा में ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी थी.

# डोरंडा कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**संवाददाता। रांची**

डोरंडा कॉलेज के प्लेसमेंट सेल, आईक्यूएसी और ईनेक्टस सोसाइटी की ओर से सोमवार को मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया. इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर के विभिन्न संकायों के लगभग 300 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया. इसमें बहुराष्ट्रीय (एमएनसी) कंपनियां- टीसीएस, टेक महिंद्रा, विप्रो, कन्सेंट्रिक्स, टेली परफॉर्मेंस आदि अपनी रिक्तियों के साथ आईं. लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर 40 विद्यार्थियों को विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया1. इन्हें एक सप्ताह के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नियुक्ति पत्र मिलने की संभावना है. डॉ पप्पू कुमार रजक और डॉ मिथिलेश कुमार के नेतृत्व में प्लेसमेंट सेल की टीम ने इस ड्राइव का संचालन किया. प्लेसमेंट के लिए आए विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को संचार कौशल बेहतर करने की सलाह दी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ राज कुमार शर्मा ने बताया कि आगे अन्य एमएनसी कपंनियों के भी कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव डोरंडा कॉलेज में होंगे. इसका सभी को फायदा होगा.

**विकास भवन** | जर्जर विकास भवन में अधिकारी बैठकर बनाते हैं विकास की योजनाएं

# विकास भवन आयें, तो रहें सतर्क, गिर न जाए छज्जा

**बसंत मुंडा। रांची**

शहर में कचहरी रोड पर नगर निगम, आरआरडीए बिल्डिंग, समाहरणालय, विकास भवन हैं, जहां शहर व ग्रामीण क्षेत्र की विकास की योजनाएं बनती है. लेकिन जिस विकास भवन में बैठकर अधिकारी व इंजीनियर विकास का खाका तैयार करते हैं, योजनाएं बनाते हैं. उसी भवन की हालत जर्जर होती जा रही है.यहां उप विकास आयुक्त भी बैठते हैं , लेकिन भवन के बाहरी हिस्से के छज्जे टूट-टूट कर गिर रहे हैं.

इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता है. 25 जनवरी 1993 को इस भवन का उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद ने किया था. भवन 61 साल पुरना हो चुका है, इसकी मरम्मत कब हुई है, यहां के कर्मचारियों को भी नहीं पता है. हालत यह है दीवार व छज्जे टूट-टूटकर गिर रहे हैं. यहां हर दिन कर्मचारी ड्यूटी करने और सैंकड़ों लोग अपने काम से आते हैं. गाड़ी की पार्किंग भी करते हैं. लेकिन कब उन पर या उनकी गाड़ी पर छज्जा टूट कर गिर जाए कहां नहीं जा सकता है. कई दफा यहां के कर्मचारियों के वाहनों पर छज्जा टूटकर गिर चुका है और वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है. नाम नही छापने के शर्त पर कर्मचारियों ने बताया कि भवन का निर्माण बिल्डिंग डिवीजन ने कराया था.



**भवन जर्जर**

- विकास भवन में उप विकास आयुक्त भी बैठते हैं
- कर्मचारियों के वाहनों पर छज्जा टूटकर गिर चुका है

# संस्कार भारती रांची महानगर की नयी कार्यकारिणी गठित

**संवाददाता। रांची**



कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की रांची महानगर इकाई की साधारण सभा की बैठक लाइन टैंक रोड स्थित वाटिका होम्स के सभागार में हुई. जिसमें वर्ष 2024-27 के लिए रामानुज पाठक अध्यक्ष, शशिकला पौराणिक मंत्री एवं अनूप कुमार मजूमदार कोषाध्यक्ष बनाये गए. इनके अलावा 11 सदस्यों की प्रबंध कारिणी का भी गठन किया गया. साधारण सभा की इस बैठक में झारखंड प्रांत के महामंत्री संजय कुमार श्रीवास्तव चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर उपस्थित थे. नई कमिटी में रामानुज पाठक अध्यक्ष, शशिकला पौराणिक मंत्री व अनूप मजूमदार कोषाध्यक्ष बनाए गए. वहीं प्रबंधकारिणी में डॉ आशुतोष प्रसाद, अवनींद्र सिंह, डॉ राजश्री जयंती, जेपी सिंह, सुशील मिश्र, डॉ सुरिंदर कौर नीलम, विपुल नायक, सुजाता मजूमदार, मधुरेश चंद्र, ध्रुव कुमार मिश्र और कुमकुम गौड शामिल किए गए. प्रारम्भ में दीप प्रज्ज्वलन एवं सुजाता मजूमदार एवं सुशील मिश्र के द्वारा ध्येय गीत गायन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ आशुतोष प्रसाद ने अभ्यागतों एवं सभा का स्वागत किया. तत्पश्चात मंत्री शशिकला पौराणिक ने 2023-24 के दौरान रांची इकाई की उपलब्धियों का कार्यवृत्त सभा में प्रस्तुत किया एवं कोषाध्यक्ष अनूप कुमार मजूमदार ने 2023-24 के दौरान हुए आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया.

ब्रीफ खबरें

## मांडर में सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**मांडर।** थाना क्षेत्र के मुड़मा गांव के पास सोमवार की शाम पांच बजे सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए. बताया जाता है कि मांडर की ओर जा रही बाइक की टक्कर से महिला सोनी परवीन और उसका सात माह का बच्चा घायल हो गया. हादसे में मुड़मा निवासी बाइक चालक अनीश अंसारी को भी गंभीर चोटें आयी है. चान्हो के सोनचीपी गांव की सोनी परवीन अपने बच्चे शिफान अंसारी को लेकर ऑटो से उतरकर सड़क पार कर रही थी. तीनों को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर किया गया है.

## बेड़ो में दो माह से बंद है सामुदायिक शौचालय

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय के बगल में सामुदायिक शौचालय बंद रहने से ग्रामीण खासकर महिलाओं को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. वहीं सामुदायिक शौचालय की देखरेख कर रहे कर्मी ने बताया कि टंकी भरने के कारण शौचालय मजबूरन बंद करना पड़ा है. वे अपने स्तर से स्थानीय जनप्रतिनिधि से टंकी साफ कराने के लिए मौखिकरूप से बात भी रखी. लेकिन दो माह बाद भी सामुदायिक शौचालय की टंकी की सफाई नहीं हो सकी, इस कारण शौचालय बंद है.

## लूटपाट के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**मांडर।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने लूटपाट के आरोपी अल्फाज अंसारी को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस के अनुसार टांगरबसली निवासी अल्फाज अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर रविवार की रात टांगरबसली नवाटांड़ रोड में सियारपतरा के पास परयागो से शादी समारोह से लौट रहे अजय उरांव से मोबाइल और अन्य सामान लूट लिया था.उसी दौरान अजय के अन्य साथी मौके पर पहुंचे और खदेड़कर अल्फाज अंसारी को पकड़ लिया. जबकि अल्फाज के अन्य चार साथी फरार हो गए थे.आरोपी ने लूट की घटना में शामिल अपने अन्य साथियों की जानकारी पुलिस को दी है.

## अज्ञात वाहन ने बिजली पोल में मारी टक्कर

**इटकी।** तरगड़ी रोड स्थित रहमत नगर में अज्ञात वाहन ने बिजली पोल को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है. स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार लगभग 15 दिन पहले एक अज्ञात वाहन के द्वारा बिजली पोल को टक्कर मारकर तोड़ दी गई. जिसकी सूचना विभाग को दे दिया गया है पर फिर भी अभी तक विभाग के कान में जूं तक नहीं रेंग पाया है पोल क्षतिग्रस्त होने से ग्यारह वोल्टेज लाइन और नेशनल पब्लिक स्कूल के बने गेट के सहारे टिका हुआ है.

## बेड़ो में ऑटो पलटने से चार महिलाएं घायल

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के दुधिया मोड़ के पास ऑटो पलटने से चार महिलाएं घायल हो गईं. घटना सोमवार की शाम लगभग साढ़े पांच बजे की है। घायलों में जौरी उरांव, जल सहिया सरोज उरांव, बालमुनि उरांव और बासमती उरांव गांव नेहालु अंबाटोली की निवासी हैं. ग्रामीणों के सहयोग से चारों घायलों को सीएचसी बेड़ो पहुंचाया गया, जहां डॉ मेघा भगत ने चारों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल सरोज उरांव और जौरी उरांव को रिम्स रेफर कर दिया. घायल बासमती उरांव ने बताया कि चारों बेड़ो से ऑटो से नेहालू अपने घर जा रही थीं तभी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया.

# कोयलांचल के शहरी क्षेत्रों में कम ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक मतदान

संवाददाता। पिपरवार



पिपरवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चतरा एवं हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ. जबकि कुछ मतदान केन्द्रों में माओवादियों के वोट बहिष्कार करने के फरमान पर मतदान केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहता था. वैसे मतदान केंद्र पर मतदाताओं की लंबी कतार देखी गई . मतदाता सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्र जाकर कतार में खड़े हो गए और अपनी बारी आने का इंतजार करते देखा गया. पुरुष मतदाताओं से कही अधिक उत्साह महिला मतदाताओं में देखा गया . लोगों में अपने अपने पसंद के प्रत्याशी के प्रति अलग-अलग उत्साह देखा गया. जहां पर नक्सलियों के वोट बहिष्कार और बुलेट का भय मतदाता को सताती थी आज लोग वैलेट के माध्यम से सीर पर चढ़ कर बोला. हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़कागांव विधानसभा अंतर्गत पाताल पंचायत मे 72%,किचटो पंचायत मतदान केंद्र संख्या 89 में 80 प्रतिशत मतदान केंद्र संख्या 90 में 67 प्रतिशत मतदान केंद्र संख्या 91 में 67% मतदान मतदान केंद्र संख्या 92 में 74% मतदान केंद्र संख्या 93 में 76% मतदान केंद्र संख्या 94 में 74% मतदान केंद्र संख्या 95 में 75% मतदान हुआ । शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों कि मतदाताओं में अधिक उत्साह देखा गया और मतदान का भी प्रतिशत अच्छा रहा.

**खास बातें**

- ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं में वोट देने की उत्साह देखा गया
- पहले मतदान करने से डरते थे, अब खुल कर किया मतदान

पिपरवार थाना क्षेत्र के 35 बूथ पर पड़े 70 प्रतिशत वोट : पीके मिश्रा

इधर मतदान संपन्न होने के पश्चात पिपरवार थाना प्रभारी पीके मिश्रा ने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी 35 बूथ पर 70% वोट पड़े. इस संबंध में उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के सभी 35 बूथ पर मतदाताओं ने सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था के बीच बेखौफ होकर अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया.

### सीएम ने भाजपा को बताया मुद्दाविहीन और गुमराह करने वाली पार्टी

# सरना धर्म कोड हर हाल में लागू हो : चंपाई सोरेन

**सीएम बोले**

- 1932 आधारित खतियान नीति हर हाल में करेंगे लागू
- लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए लड़ रहे लड़ाई



संवाददाता। तोपचांची

तोपचांची के हटिया मैदान में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड में 14 में एक भी सीट भाजपा को नहीं लेने देंगे. भाजपा के पास कोई भी मुद्दा नहीं बच गया है. इन्होंने सिर्फ जनता को गुमराह करने का काम किया है. वहीं, केंद्र सरकार झारखंड विकास विरोधी है. सीएम सोमवार को गिरिडीह लोकसभा से इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे.

सीएम चंपाई ने कहा कि भाजपा ने 1985 को स्वीकार किया है, लेकिन 1932 का खतियान ये लोग स्वीकार नहीं करेंगे. हमलोगों ने 1932 का संकल्प लिया है और लड़ के लेंगे. आदिवासी को बचाने के लिए सरना धर्म कोड हर हाल में लागू करना है. भाजपा सबसे बड़ी झूठा पार्टी है. भाजपा को झारखंड में वोट मांगने का अधिकार नहीं है. सीएम ने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड के लिए पीएम आवास का पैसा बंद कर दिया.

## गरीबों के लिए मोदी ने काम किया: बाबूलाल

### हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्ट थी, इसलिए जेल में हैं हेमंत





- ढुल्लू का दावा–उनपर राहुल गांधी से कम है मुकदमा

**गोविंदपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गरीबों के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कितना काम किया है, उतना काम किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया है. यही कारण है कि मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे. वे सोमवार को गोविंदपुर प्रखंड के टीटीचापड़ी गांव में धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे.उन्होंने दावा किया कि हेमंत सोरेन लूट की सरकार चला रहे थे.

### झामुमो व कांग्रेस ने मिल कर राज्य की खनिज संपदा को लूटा

**मैथन।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी सोमवार को निरसा के विजयपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पिछले 55 वर्षों से देश में राज किया, लेकिन अलग राज्य का गठन की मांग पूरा नहीं की. झामुमो व कांग्रेस ने झारखंडियों की भावना का कभी भी सम्मान नहीं किया. राज्य की खनिज संपदा को लूटा है.

## राज्यसभा सांसद ने डोर-टू-डोर चलाया अभियान

**ओरमांझी।** राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को ओरमांझी के ग्राम कुच्चू, कुल्ही, कामता, बजरमारा समेत अन्य गांवों में डोर-टू-डोर अभियान चलाया. भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान की अपील की. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी ग्रामीणों को दी. वहीं अबकी बार 400 पार नारे को सफल करने का आह्वान किया. मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष रंधीर चौधरी, कुच्चू मुखिया पूनम देवी, पूर्व मुखिया रतन देवी, गंगेश्वरी देवी, अरविंद कुमार, मंजू देवी, बसंती देवी, समुंदर पाहन, चनु महतो, रामवृक्ष महतो, बिरजू महतो, प्रमोद कुमार, शशिभूषण कुमार आदि मौजूद थे.

## बीएड कॉलेज में एल्युमिनी मीट कार्यक्रम का आयोजन

**अनगड़ा।** जसपुरिया बीएड कॉलेज बीसा मेंसोमवार को एल्युमिनी मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार और प्राचार्य डॉ अनिल मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर की. कार्यक्रम में दर्जनों पूर्व छात्र-छात्राएं शामिल हुए. कार्यक्रम की शुरुआत दीप्ति और समूह द्वारा वंदना नृत्य के साथ की गई. बीएड प्रशिक्षुओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. जैलेन्द्र कुमार ने कहा पुरातन छात्रों को कॉलेज के अध्यक्ष ने मोमेंटो और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया. मौके पर शिक्षिका विभा कुमारी, प्रियंका शर्मा, सरिता सिंह की सक्रिय भूमिका रही. मौके पर निदेशक शालिनी प्रिया, सजीब कुमार, शशि प्रभा, उषा मिंज, रीमा उपासना और काजल गोस्वामी आदि मौजूद थे.

## जेएसए, स्पोर्टिंग यूनियन, मेकॉन व बरियातू ने अपने-अपने मैच जीते



संवाददाता। रांची

छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन (सीएए) की ओर से आयोजित सीनियर डिवीजन फुटबॉल लीग में जेएसए, स्पोर्टिंग यूनियन, मेकॉन व राजा स्पोर्ट्स बरियातू की टीम ने अपने-अपने मैच जीतकर पूरे अंक हासिल किए. खेलगांव प्रैक्टिस ग्राउंड में पहला मुकाबला जेएसए व गाड़ीहोटवार के बीच खेला गया. जेएसए ने यह मुकाबला आसानी से 3-0 से जीता. 22वें व 70वें मिनट में रोहित उरांव व 57वें मिनट में सोहित खलखो ने गोल मारा. दूसरा मुकाबला जेएसएसपीएस व स्पोर्टिंग यूनियन का बेहद रोमांचक रहा. हालांकि अपने होम ग्राउंड में जेएसएसपीएस की टीम मैच 2 गोल से हार गई. स्पोर्टिंग यूनियन के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर जेएसएसपीएस के खिलाड़ियों की चलने नहीं दी. 18वें व 53वें मिनट में मो. कैफ ने दो शानदार गोलकर टीम को एक बड़ी जीत दिला दी. वहीं, स्टेडियम ग्राउंड में मेकॉन ने बिरसा क्लब कोकर को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से पराजित किया. मेकॉन की ओर से 12वें मिनट में रोहन कच्छप, 43वें मिनट में विशाल ने गोल किया. कोकर की तरफ से 23वें मिनट में सचिन ने गोल मारा. आखिरी मुकाबले में बरियातू ने कड़े संघर्ष के बाद इरबा को 1-0 से हराया. 31वें मिनट में तौहिद अहमद ने गोल दागा.

## आंधी में उड़े दर्जनों घरों के छप्पर

संवाददाता। लापुंग



लापुंग प्रखंड क्षेत्र के ककरिया पंचायत के ककरिया, खटंगा सरनाटोली एवं चम्पाडीह के डाड़टोली में सोमवार को दोपहर बाद हुई बारिश के साथ भीषण आंधी ने भारी तबाही मचायी. ककरिया निवासी किसान गोबरा उरांव के घर के पास एक साथ आंधी और वज्रपात की घटना से आम का एक विशालकाय पेड़ गिरकर धराशायी हो गया. जिसमें दबकर गोबरा उरांव का एक मवेशी की मौत हो गई, वहीं दूसरा घायल हो गया. मवेशी की मौत होने पर भुक्तभोगी किसान गोबरा उरांव ने कहा कि मवेशी के मौत होने पर उसे काफी नुकसान हुआ है. उसने मुवावजे को लेकर मुखिया से गुहार लगाई. वहीं ककरिया के नाजिर खान, राजेन्द्र बैठा, सरनाटोली के पतरस खलखो, करमा लोहरा, नंदलाल उरांव, तेंबू उरांव तथा कोलेस्टिका खलखो के घरों का छप्पर तेज आंधी की चपेट में आकर हवा में तिनके की तरह उड़ गए. पतरस खलखो ने हाल ही में अपना नया घर बनाया था. लेकिन भीषण आंधी के कारण उसके घर का छप्पर पूरी तरह उड़ गया. जबकि करमा उरांव के घर का छप्पर उड़ने से पूरे परिवार वाले भारी सदमे में हैं. तेंबू उरांव के घर में अब रहने लायक जगह नहीं था इसलिए उधार लेकर रात में ही एस्बेस्टस खरीद कर लाया और रहने लायक बनाने की जुगाड़ में जुटा था. सरना टोली के अलावे चम्पाडीह डांड़टोली में भी कई गरीब किसानों के घरों के छप्पर उड़ने की खबर मिली है. यहीं 11 हजार वोल्ट लाइन पर पेड़ के गिरने से बिजली के तार टूटकर गिर गए. जिससे विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई. भयंकर आंधी की खबर मिलते ही मुखिया बिरसमुणी देवी व समाजसेवी शिव कुमार सिंह तथा बिपिन कुमार जयसवाल ने प्रभावित इलाके का दौरा किया. उन्होंने क्षतिग्रस्त घरों के नुकसान का जायजा लिया तथा गोबरा उरांव के घर भी भी पहुंची जहां विशाल का आम का पेड़ गिरने से उसमें दबकर एक मवेशी की मौत हो गई थी. मुखिया बिरसमुणी देवी ने आश्वासन दिया कि चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन के तहत मुआवजा दिलाया जाएगा. उन्होंने कहा कि इस संबंध में अंचलाधिकारी पंकज कुमार को मामले की जानकारी दी जाएगी.

न्यूज अपडेट

## जीजेएस पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन



**इटकी।** प्रखंड अंतर्गत सेमरा गांव स्थित जीजेएस पब्लिक स्कूल में सोमवार को समर कैंप का आयोजन कर कैंप को ग्रीन डे के रूप में मनाया गया. कैंप में बच्चें हरे पोशाक पहन कर शामिल हुए. बच्चों द्वारा रैंप वॉक, कविता, नन फायर फूड आदि प्रस्तुत किया गया. इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका चंद्रनिमा कुमारी ने पर्यावरण संरक्षण तथा पेड़ पौधे लगाने पर विशेष चर्चा की और बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया. मौके पर जयश्री दास, विराज तिर्की, रिंची कुमारी, सोनल, अलीशा, मारिया आदि शामिल थे.

## मंडा पूजा पर लगा फ्री मेडिकल कैंप



**रातू।** टेंडर रोड रातू में मंडा पूजा पर दीर्घायु मेडिकल सेंटर ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया. शिविर में आये लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. रविकांत चतुर्वेदी ने की. शिविर में बड़ी संख्या में लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं भी दी गयीं. शिविर में शुगर और बीपी की जांच की गयी. शिविर को सफल बनाने में अभिनव डोकानिया, रंजन सिंह, चंदन यादव, राजू मिश्रा और हरिनारायण चौबे ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया.

## अनवारूल ने इंडी गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में मांगे वोट



**ओरमांझी।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला ग्रामीण महासचिव अनवारूल अंसारी के नेतृत्व में कांके प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया. इसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चूट्टू, नेवरी, चंदवे, ओईना, ईरबा, मेसरा, केदल गांव दौरा किया. इस क्रम में उन्होंने इंडी गठबंधन प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में लोगों से वोट करने की अपील की. मौके पर जिला ग्रामीण सचिव अब्दुस सलाम,हयात अंसारी, जहांगीर अंसारी, कैलाश महतो, मोदसिर अंसारी, शिव टहल नायक, जावेद अख्तर आदि मौजूद थे.

## इटकी में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**इटकी।** हमीदा गर्ल्स स्कूल में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें स्कूल में प्रथम श्रेणी से पास बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की गई. स्कूल के बच्चों द्वारा गीत-संगीत, नाटक आदि का प्रस्तुति किया गया. मौके प्रधानाध्यापिका समशा परवीन, शरकुआ जमाल, शीबा फरीन, अंब्रा सिम्मी, नुजहत, नौशब समरीन, सहित अन्य शामिल थे.

## झारखंडियों को बीजेपी के विरोध में वोट करना होगा :शमीम



**बुढ़मू।** बुढ़मू के इंडिया गठबंधन कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता बलराम साहु ने किया .कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 का चुनाव झारखंडियों को एकजुट होकर बीजेपी को हारना होगा.देश में भाजपा की सरकार बनी तो झारखंड में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा.संविधान को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को वोट देना होगा.झामुमो नेता शमीम बड़ेहार ने कहा कि बीजेपी देश को गुलाम बना देगा.लोगों की पूरी आजादी छिन्न लेगा.झारखंड के आदिवासी मूलवासी को बीजेपी के विरोध में वोट करना होगा .देश मे नये वन अधिनियम लागु करेगा. लाखो आदिवासीयो के सामने भूखमरी के कगार पर पहुचा देगा. मौके पर राजद नेता सज्जाद अंसारी, अजय कुमार यादव ,कांग्रेस नेता जाकिर हुसैन, मंडल अध्यक्ष तस्लीम अंसारी ,जाकिर अंसारी, अख्तर अंसारी, सदन कुमार साहू, असजद अंसारी, पवन ठाकुर, राजेंद्र यादव, बालेश्वर यादव, चंदन लोहार, अजीत साहू आदि उपस्थित हुए.

## नौ दिनों तक चले संकीर्तन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बुंडू।** श्री श्री राधा रानी मंदिर में नौ दिनों से आयोजित अखंड संकीर्तन सह नवरात्र मेला सोमवार की सुबह संपन्न हो गया. बुंडू सहित पूरे पंच परगना क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध नौ दिनी नवरात्र मेले में दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ी. इस दौरान श्रीश्री राधा रानी मंदिर में अखंड हरिकीर्तन के साथ प्रसाद वितरण किया गया. महिला और पुरुष भजन मंडलियों द्वारा मंदिर परिसर में भजन कीर्तन किया गया. स्थानीय लोगों के अनुसार बुंडू के श्रीश्री राधा कृष्ण मंदिर में सैकड़ों वर्षों से प्रतिवर्ष अखंड हरिकीर्तन मेला का आयोजन किया जाता है. यह मेला अक्षय तृतीया की रात से शुरू होकर नौ दिनों तक चलता है. इन नौ दिनों में पूरे क्षेत्र में मांसाहार प्रतिबंधित रहता है. बुंडू को चौरासी मौजा की जनता स्वेच्छा इन दिनों मांसाहार का सेवन नहीं करती है.मछुआरे मछली नहीं पकड़ते और भिखारियों को भीख मांगने रोक रहती है.

रोजगार

### वनोत्पाद पर जीवन-यापन करने वाली आदिवासी महिलाओं के जीवन में छा रहीं हैं खुशियां

# सखुआ पत्तों से तैयार उत्पाद जनजातीय महिलाओं के जीवनयापन का साधन

पियूष गौतम। रांची

- साल के पत्तों से तैयार पत्तल, दोना की बिक्री कर चला रहीं घर-परिवार
- जनजातीय महिलाओं के उत्पाद को प्रोत्साहन मिले, तो पर्यावरण का भी







वन क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के सामने आजीविका चलाना सबसे बड़ी चुनौती है. रोजगार का कोई साधन नहीं होने के कारण लोगों के पास आय का कोई स्रोत उपलब्ध नहीं है. लेकिन वनवासियों ने साल के पेड़ का पत्ता, जिसे सखुआ पत्ता भी कहा जाता है, जिसे अपनी आजीविका का साधन बना लिया है.सखुआ पत्ते का वैज्ञानिक नाम 'शोरिया रोबस्टा' है. यह जंगलों या इसके आस-पास रहने वाली जनजातीय समुदाय महिलाओं के लिए आय का अब महत्वपूर्ण स्रोत बनता जा रहा है. साल का पत्ता आकार में बड़ा और चौड़ा होता है. इसलिए इससे कई तरह के उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं. इसके अलग-अलग उत्पाद बना कर बाजार में बेचने से जनजातीय महिलाओं को अच्छी-खासी आमदनी हो रही है.

**50 किलो में 10 बंडल 'दोना' होता है तैयार**

रांची से लगभग 25 किलोमीटर दूर तैमारा घाटी के वन क्षेत्र में निवास करने वाली महिलाएं पत्तों को चुनने के लिए हर रोज सुबह जंगलों में प्रवेश करती हैं. इ कई महिलाएं समूह में पत्ते चुनती हैं. दो से तीन घंटे तक पत्ते चुनने का काम चलता है. उन पत्तों से पत्तल और दोने तैयार किए जाते हैं. 50 किलो की बोरी में पत्तों को भरकर इकट्ठा किया जाता है.

**सखुआ पत्तों से तैयार उत्पाद की कीमत**

| दोना/पत्तल (रु. में) | मात्रा | कीमत |
|---|---|---|
| प्रति दोना | एक | दो |
| एक बंडल दोना | 50 | 20 |
| एक बंडल पत्तल | 100 | 150 |

**प्रति दिन 300 रुपये की होती आमदनी**

रांची के डेली मार्केट के समीप इन उत्पादों की बिक्री करने वाली सरस्वती देवी और पूर्णिमा देवी ने बताया कि प्रतिदिन लगभग तीन सौ रुपये तक की आमदनी होती है. लेकिन हमारी मेहनत के मुताबिक यह बहुत कम है. इसके बाजार मूल्यों में बढ़ोतरी होनी चाहिए. पत्तों से बने उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होते हैं और ऐसे उत्पादों को अपनाना पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है. लोगों को प्लास्टिक से बने उत्पादों को खरीदने से परहेज करना चाहिए.

# संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है :बंधु तिर्की



संवाददाता। डकरा

आगामी लोकसभा चुनाव देश के साथ ही अपने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का भी चुनाव है. इस चुनाव में यदि हमसे और देश की जनता से थोड़ी-सी भी चूक हुई तो हमलोग को जिंदगी भर पछताना पड़ेगा. उक्त बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने डकरा अम्बेडकर पार्क में सोमवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा. इस मौके पर अब्दुल्ला अंसारी, राजन सिंह राजा, राजेश सिंह मिंटू,साबिर अंसारी, जालिम सिंह, सुनील सिंह, सोनू पांडेय, सुमन देवी, मारुति देवी, सुधा झा, गीता देवी, संगीता देवी, नीलम देवी, देवंती देवी,सलामत अंसारी, रमेश चौहान सहित अन्य लोग मौजूद थे.



## केन्द्रों पर भीड़ देख कल्पना उत्साहित, कहा मिल रहा आशीर्वाद

**बेंगाबाद (गिरिडीह )** । लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के दौरान कोडरमा संसदीय क्षेत्र और गांडेय विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया. सुबह से ही मतदाता वोट के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचन लगे थे और कतारबद्ध नजर आए. इस दौरान गांडेय विधानसभा उप चुनाव की प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने क्षेत्र का भ्रमण किया और अलग अलग बूथों पर जाकर वोटिंग का जायजा लिया. कल्पना सोरेन ने बेंगाबाद और गांडेय प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया. इस दौरान उनके साथ राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू साथ रहे. कल्पना सोरेन ने अलग अलग बूथों पर समर्थकों और वोटरों का उत्साह बढ़ाया. कल्पना सोरेन के बूथों पर पहुंचने से महिला वोटरों में गजब का उत्साह देखने को मिला. मौके पर कल्पना ने कहा ,कि मतदाताओं में काफी उत्साह है. बड़े–बुजुर्ग, महिला–पुरुष के अलावा विकलांग मतदाता भी उत्साहित हैं और लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाने पहुंच रहे हैं. लोगों का यह उत्साह कबीले तारीफ है.

### छिटपुट घटनाओं के बीच झारखंड में दूसरे चरण का मतदान भी शांतिपूर्ण संपन्न

# चढ़ता रहा दिन, पड़ते रहे वोट

## वोटरों के उत्साह के आगे फीका रहा धूप का असर

**चतरा/ कोडरमा/हजारीबाग । चतरा, कोडरमा, हजारीबाग लोकसभा और गांडेय उप चुनाव के लिए सोमवार को मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया. सुबह से ही लोगों में वोट के लिए उत्साह देखा गया. कड़ी धूप के बावजूद भी मतदाताओं ने कतार में खड़े होकर मतदान किया. चतरा लोकसभा के लिए 62.96 प्रतिशत, कोडरमा में 61.86 , हजारीबाग में 64.32 और गांडेय उप चुनाव के लिए 68.26 प्रतिशत वोट पड़े. कहीं कड़ी धूप, तो कहीं बादलों की लुकाछिपी के बीच लोग लंबी कतारों में खड़े दिखे. इनमें महिलाओं की संख्या भी काफी थी. रविवार को रिमझिम फुहारों के बाद लगा था कि सोमवार को मौसम सुहाना रहेगा. लेकिन जैसे जैसे दिन चढ़ता गया, धूप का तीखापन बढ़ता गया. बावजूद इसके वोटरों के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आई. सुबह से ही लोग मतदान केन्द्रों में पहुंचने लगे थे. यह सिलसिला शाम पांच बजे तक चला. मतदान केन्द्रों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. मतदाताओं को वोट करने में कोई दिक्कत न हो प्रशासनिक स्तर पर इसका पूरा ख्याल रखा गया था.**



90 वर्ष की कोल्हा देवी भी वोट डालने के लिए पहुंचीं ?



| | |
|---|---|
| 62.96 | 61.86 |
| चतरा | कोडरमा |
| 64.32 | 68.26 |
| हजारीबाग | गांडेय |



हजारीबाग के एक मतदान केंद्र में मतदान के लिए महिलाओं की कतार.



चतरा में वोट के लिए सुबह से पहुंचने लगे थे लोग.



मतदान के बाद मनीष जायसवाल का पूरा परिवार.



मतदान कर केंद्र से बाहर निकलने के बाद विनोद सिंह



हजारीबाग में संघ के बृजमोहन केशरी और अन्य मतदान के बाद.



मतदान के लिए पूर्व वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा अपनी पत्नी के साथ पहुंचे.



कड़ी धूप में मतदान के लिए कतार में खड़े लोग.

## गावां के सुदूर क्षेत्रों में भी लगी रही लंबी कतार

**गावां (गिरिडीह)** । गावां प्रखंड के सुदूर उग्रवाद प्रभावित इलाकों में भी मतदाताओं की लंबी कतार देखी गई. कुछ केंद्रों में 7 बजे से पहले से ही कतार लग लग गई थी. गावां प्रखंड के सुदूर उग्रवाद प्रभावित गांव चरकी, गोरियांचु, बरमसिया, डूमरझारा, तिलैया, जमडार, बिश्नीतिकर समेत कई स्थानों पर मतदान केंद्रों में लंबी कतार देखी गई.



हजारीबागः मतदान के लिए व्हील चेयर पर पहुं वृद्ध.



गावां के एक केंद्र में मतदान के लिए लगी लोगों की लंबी कतार. गर्मी में भी लोगों में दिखा उत्साह.

### मतदान के लिए 44 हजार सुरक्षा बल तैनात थे

## दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न : रवि कुमार

**संवाददाता। रांची**

झारखंड में दूसरे चरण के मतदान की समाप्ति के बाद निर्वाचन भवन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार और राज्य पुलिस मुख्य निर्वाचन नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि झारखंड ने दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया. मतदानकर्मी इवीएम स्ट्रांग रूम में जमा करने के लिए मतदान केंद्रों से वापस लौटने लगे हैं. उन्होंने बताया कि तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में संपन्न मतदान का अनुमानित वोट प्रतिशत 63 रहा है. उसमें सबसे अधिक अनुमानतः 64.32 प्रतिशत मतदान हजारीबाग में हुआ है. वहीं चतरा में मतदान प्रतिशत 62.96 रहा है. जबकि, सबसे कम 61.86 प्रतिशत मतदान कोडरमा संसदीय



निर्वाचन क्षेत्र में हुआ है. दूसरी और गांडेय विधानसभा उपचुनाव में वोट प्रतिशत 68.26 रहा है. उन्होंने बताया कि आंकड़ा पोस्टल बैलट आदि की संख्या जुड़ने के बाद कुछ बढ़ेगा. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान तीनों संसदीय क्षेत्रों से जुड़े सात जिलों में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के सात मामले दर्ज किये गये हैं. उसमें पलामू में 2, लातेहार में 2, हजारीबाग में 2 और गिरिडीह में एक एफआइआर हुई है. राज्य में चुनाव लड़ रहे 244 उम्मीदवारों में से 66 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं. राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने बताया कि तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में शातिपूर्ण मतदान के लिए अर्धसैनिक बल और झारखंड पुलिस के कुल 44 हजार जवानों की तैनाती की गयी थी. तीनों लोकसभा क्षेत्रों की सीमा तीन राज्यों पश्चिम बंगाल, बिहार और छतीसगढ़ से जुड़ने के कारण संबंधित राज्यों से समन्वय बनाते हुए सीमा पर लगातार चौकसी की गयी. नक्सली गतिविधियों को पूरी तरह बाधित किया गया और लोगों को भयमुक्त वातावरण में मतदान के लिए प्रोत्साहित किया गया. उन्होंने बताया कि 65 बूथों पर हैलीड्रोपिंग से पोलिंग पार्टी को भेजा गया था. पोलिंग पार्टी के वापस लौटते वक्त भी सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गयी है. पुलिस के वरीय अधिकारी फील्ड में बने हुए हैं.



हजारीबाग के एक केंद्र में मतदान के बाद सेल्फी लेती युवती.




सहायक निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखंड सरकार वीरू कुशवाहा और कुमारी दामिनी ने हजारीबाग लोकसभा में अपना बहुमूल्य मतदान दिया.

**बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत : रांची** । रामगढ़ जिले के चितरपुर मतदान केंद्र संख्या 193 में वोट डालने पहुंचे बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गयी. बुजुर्ग की पहचान 65 वर्षीय अख्तर अंसारी के रूप में हुई है. वहीं दूसरी तरफ चतरा जिले के कान्हाचट्टी में बूथ नंबर 393 बेसिक बुनियादी विद्यालय में मतदान के लिए लाइन में खड़े प्रिंस कुमार नाम के युवक की तबीयत बिगड़ गयी. उसे एम्बुलेंस से सदर अस्पताल भेजा गया.

**बूथ बदले जाने से नाराज, किया वोट का बहिष्कार : पांकी** । बूथ बदले जाने से नाराज चतरा लोकसभा क्षेत्र के पांकी विधानसभा अंतर्गत पांकी प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र हुरलौंग पंचायत के गोगाड़ की बूथ संख्या 225 से जुड़े मतदाताओं ने वोट का बहिष्कार किया. जिससे बूथ संख्या 225 में वोट नहीं पड़े. मतदाता गोगाड़ मध्य विद्यालय बूथ 225 पर मतदान करने आए थे,

**450 सहायक अध्यापक मतदान से वंचित : गावां (गिरिडीह)** । गावां प्रखंड में करीब चार सौ सहायक अध्यापकों को मतदान से वंचित होना पड़ रहा है. सहायक अध्यापकों की मतदान ड्यूटी लगने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सभी सहायक अध्यापकों का बैलेट पेपर निर्गत कर दिया गया था. परंतु गावां प्रखण्ड के किसी भी सहायक अध्यापक का चुनाव ड्यूटी नहीं लगने के कारण वे बैलेट पेपर से मतदान नहीं कर पाए.

# ग्लोबल वार्मिंग और मौसम

झारखंड की राजधानी रांची में मौसम ने अंगड़ाई ली. रविवार को झमाझम बारिश हुई और मौसम का मिजाज खुशनुमा हो गया. मौसम के करवट लेने से यहां लोगों को तेज धूप और गर्मी से तत्काल राहत भी मिली, लेकिन राज्य के ही अन्य जिलों में ऐसा नहीं है. वहां लोग गर्मी से परेशान हैं. यही हाल देश के विभिन्न राज्यों का भी है, जहां गर्मी परवान पर है. हर साल मई-जून आते ही पारा बढ़ने पर अखबारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सुर्खियां डराने लगती हैं. इस डर को बढ़ाने में बाजार के उत्पादों का खेल भी शामिल होता है. आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने व ऑरेंज अलर्ट की चेतावनी लू को लेकर मौसम विज्ञान ने दी है. हर रोज एक नई खबर होती है कि अमुक दिन अब तक सबसे गर्म रहा. इतने सालों का रिकॉर्ड टूटा. निश्चित रूप से खेत में काम करते किसान, खुले में जीविका के लिए पसीना बहाते कामगार व आम नागरिकों के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय होता है. बच्चों के लिए यह समय विकट जरूर होता है, जिसके चलते कई राज्यों में जून माह में बच्चों की छुट्टियां घोषित हो जाती हैं. यह समय खासकर बुजुर्गों व पहले ही कई रोगों से पीड़ित लोगों के लिए खास सावधानी की मांग करता है. ऐसे में यदि बिजली की कटौती सामने आए तो और कष्टदायक होता है. यह भी सत्य है कि इस मौसम में बिजली की खपत अचानक बढ़ने और जल प्रवाह में कमी से बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है. जाहिर है बिजली की कटौती परिस्थितिजन्य भी होती है. हम महसूस करें कि बढ़ती जनसंख्या का संसाधनों में बढ़ता दबाव भी तापमान की वृद्धि का कारण है. बड़ी विकास परियोजनाओं व खनन के लिए जिस तरह जंगलों को उजाड़ा गया, उसका खमियाजा हमें और आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा. एक नागरिक के रूप में हम आत्ममंथन करें कि गर्मी के आने पर हम हाय-हाय तो करने लगते हैं, लेकिन कभी हमने विचार किया कि हम इस स्थिति को दूर करने के लिये क्या योगदान देते हैं? क्या हम पौधा-रोपण की ईमानदार कोशिश करते हैं? हम जल के दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं? क्या वर्षा जल सहेजने का प्रयास करते हैं? हमें बढ़ते तापमान के साथ जीना सीखना होगा. हमारे पुरखों ने मौसम अनुकूल खानपान, परंपरागत पेय-पदार्थों के सेवन तथा मौसम अनुकूल जीवन शैली का ऐसा ज्ञान दिया, जो हमें मौसम के चरम में सुरक्षित रख सकता है. रासायनिक खादों से बने भोजन व अशुद्ध दूध व उससे बने उत्पादों के उपभोग से हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता घटी है. हमारे जीवन में लगातार घटते श्रम ने भी जीवनी-शक्ति को कम ही किया है. हम कुछ ऐसा कर सकते हैं, जिससे तपिश से खुद व समाज को सुरक्षित कर सकते हैं. अपने आंगन-छतों में हरियाली उगाकर घर का तापमान अनुकूल कर सकते हैं.

> हर रोज एक नई खबर होती है कि अमुक दिन अब तक सबसे गर्म रहा. इतने सालों का रिकॉर्ड टूटा. निश्चित रूप से खेत में काम करते किसान, खुले में जीविका के लिए पसीना बहाते कामगार व आम नागरिकों के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय होता है.

## सुभाषित

**दुर्जनः प्रियवादीति नैतद् विश्वासकारणम् ।
मधु तिष्ठति जिह्वाग्रे हृदये तु हलाहलम् ॥**

दुर्जन व्यक्ति यदि मधुर लगने वाली वाणी भी बोले तो भी उसका विश्वास करना उचित नहीं है, बल्कि उससे सावधान रहने की आवश्यकता है. क्योंकि उसकी जबान पर तो प्रिय वाणी रूपी मधु होता है, लेकिन हृदय में हलाहल (विष) ही भरा होता है, जो हर हाल में हानि ही पहुंचा सकता है.

# अघोषित आपातकाल : 'वोट की चोट' जरूरी

**आखिर सत्तारूढ़ को आज के चुनाव से इतनी घबराहट क्यों है? अभी तो चौथे चरण का ही चुनाव संपन्न हुआ है और प्रधानमंत्री, जो देश के सर्वोच्च राजपुरुष माने जाते हैं, उनका भाषण इतना विषाक्त क्यों हो गया कि वह बिल्कुल निम्नस्तरीय भाषा का प्रयोग करने लगे हैं. जैसे 'कांग्रेस यदि सत्ता में आती है, तो वह हिंदुओं को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाना चाहेगी. लेकिन, जब तक मैं हूं, सुप्रीम कोर्ट का फैसला राम मंदिर पर कोई नहीं बदल सकता. अडाणी टेंपो में भर-भरकर कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए नोट भेज रहे हैं', आदि-आदि...**




• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

25 जून, 1975 का वह तारीख आज भी सिनेमा की तरह आंखों के सामने घूमने लगती है, जिस दिन देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार द्वारा देश में आपातकाल की घोषणा की गई थी. चारों तरफ खौफनाक सन्नाटा पसरा था. तरह-तरह की बातें सुनने को मिलने लगी थीं. लोग सहमे हुए थे. उसी दिन मेरे एक निकट सम्बन्धी, जो संसद सदस्य रहे थे, मेरे घर आए थे. उनका कहना यह था कि शुक्र है रास्ते में मेरी गिरफ्तारी नहीं हुई, लेकिन जैसे ही मैं अपने घर के लिए निकलूंगा, हो सकता है कि मुझे रास्ते में ही गिरफ्तार कर लिया जाए. पूछने पर उन्होंने बताया कि देश में आपातकाल वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा लगा दिया गया है और लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी को गिरफ्तार कर लिया गया है. चूंकि वह संसद सदस्य रह चुके थे और विपक्ष की सक्रिय राजनीति में थे, इसलिए उनके गांव आने की जानकारी मिलते ही पूरा गांव मिलने और हाल-चाल पूछने जुट गया कि आखिर यह आपातकाल होता क्या है और इसे लगाया क्यों जाता है?

उन्होंने समझाया कि यदि युद्ध, बाहरी आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह के कारण देश की सुरक्षा को खतरा हो तो राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की जा सकती है. राष्ट्रपति के पास मंत्रिपरिषद की लिखित अनुशंसा प्राप्त होने पर राष्ट्रीय आपातकाल लगाने का अधिकार है, लेकिन उद्घोषणा को एक महीने के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए. इसे देश की रक्षा के लिए लगाया जाता है. जो आपातकाल देश में आज लगाया गया है, उसे घोषित आपातकाल कहते हैं. उनसे मिलने आए सभी लोग सन्न रह गए. शाम को उनकी वापसी की ट्रेन थी. जैसे ही सुबह वह अपने गंतव्य स्टेशन पर पहुंचे, पहले से उपस्थित पुलिस टीम ने उन्हें स्टेशन पर ही गिरफ्तार कर लिया. उनका नाम शिवचंद्र झा था और वे बिहार के मधुबनी से संसद सदस्य थे. फिर 19 महीने, अर्थात पूरे आपातकाल में जेल ही में बंद रहे.

वर्ष 1975 का वह घोषित आपातकाल था, क्या अब आपको नहीं लगता कि आज देश में वर्तमान सरकार द्वारा अघोषित आपातकाल लगा दिया गया है? वह दौर बड़ा कठिन था, जब विपक्ष को केवल इसलिए जेल में डाल दिया जाता था कि आप सरकार की तानाशाही का विरोध करते हैं, लेकिन अघोषित आपातकाल में आप यह महसूस नहीं कर रहे हैं, जैसा कि आपातकाल में हुआ था? तब और अब के समय में अंतर यह है कि उस समय कांग्रेस का मीडिया प्रबंधन वैसा नहीं था. न सोशल मीडिया न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का ऐसा दौर था. उस समय केवल प्रिंट और रेडियो पर ही सभी तरह की सूचनाओं का आदान-प्रदान होता था. रेडियो सरकार का था, इसलिए उसे मैनेज करने में कोई परेशानी नहीं थी, लेकिन आज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया सरकार के प्रभाव में आकर उसकी प्रशंसा करते नहीं अघा रहे हैं और विपक्ष के साथ इस तरह का व्यवहार कर रहे हैं, जैसे सत्ता वही चला रहे हों और देश में जो भी कमी है, मसलन-गरीबी, बेरोजगारी उसकी सारी जिम्मेदारी विपक्षियों की ही हो. यह बड़ा हास्यास्पद लगता है, जब इस बात को आप अपनी आंखों के सामने देखते हैं और कानों से सुनते हैं कि यह समाचार आपको गलत सुना दिखा अथवा पढ़ाया जा रहा है, फिर भी आप उस पर विश्वास करने के लिए विवश हो जाते हैं. क्या आप जानते हैं कि ऐसा आपके साथ क्यों होता है? दरअसल, ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि मनोवैज्ञानिक प्रवाह के जरिये आपके विचारों को बुरी तरह रौंद दिया गया है और वह अपने मन से जो दिखाना और पढ़ाना चाहते हैं, आप वैसा ही महसूस करने लगते हैं. वह घोषित आपातकाल था, पर आज? ऐसा इसलिए, क्योंकि लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले चुनावी बॉन्ड के मसले पर जिस सरकार को गिर जाना चाहिए, उसे सरकार द्वारा न्यायोचित ठहराया गया. कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को सरकारी एजेंसियों द्वारा जांच के नाम पर जेल में बंद कर दिया गया. समाज में एक डर को प्रचारित किया गया कि सत्ता की आलोचना करने वालों को जेल में ठूंस दिया जाएगा. हिंदू-मुस्लिम के बीच की खाई को इतना गहरा कर दिया गया है कि इसे शायद ही कोई कभी पाट पाएगा. बेरोजगारी-गरीबी की बात करने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा. खासकर हिंदू-मुस्लिमों के बीच दुश्मनी के बीज इस कदर बो दिए गए हैं कि यदि हिंदू हैं, तो अपने मुस्लिम मित्र से बात करने में डरते हैं.

आखिर सत्तारूढ़ को आज के चुनाव से इतनी घबराहट क्यों है? अभी तो लोकसभा के सात चरणों में चौथे चरण का ही चुनाव संपन्न हुआ है और प्रधानमंत्री, जो देश के सर्वोच्च राजपुरुष माने जाते हैं, उनका भाषण इतना विषाक्त क्यों हो गया कि वह बिल्कुल निम्नस्तरीय भाषा का प्रयोग करने लगे हैं. प्रधानमंत्री अपने भाषण में कहते हैं, 'कांग्रेस यदि सत्ता में आती है, तो वह हिंदुओं को दूसरे दर्जे का नागरिक बनाना चाहेगी. लेकिन, जब तक मैं हूं, सुप्रीम कोर्ट का फैसला राम मंदिर पर कोई नहीं बदल सकता. अडाणी टेंपो में भर-भरकर कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए नोट भेज रहे हैं आदि-आदि.... क्या आजादी के बाद से आज तक के जितने भी प्रधानमंत्री आए-गए, उन्होंने कभी इस स्तर की बात कही? ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई के नाम पर बलात डराना, छापेमारी कराना... कभी ऐसा देखा सुना गया था क्या! एक आपातकाल ने केवल दो वर्ष में ही देश को उद्वेलित कर दिया था, यहां तो पिछले लगभग पांच वर्ष से जनता के मन में जो आक्रोश उमड़ रहा है, उसकी कानाफूसी धीरे-धीरे आमजन के बीच सुनाई देने लगी है. लेकिन, इसे प्रकट कोई करना नहीं चाहता. ऐसा इसलिए, क्योंकि वह जेल नहीं जाना चाहता. हिंदू-मुस्लिम, भारत-पाकिस्तान, गरीबी- बेरोजगारी के खिलाफ एक तरह से सभी लामबंद हो गए हैं, जिसका प्रारंभिक रूप इन चार चरणों के चुनाव में मतदान के कम प्रतिशत होने के तौर पर सामने आया है. प्रत्याशियों को अपना मत न देकर इस बात को तो दर्शाता है कि अंदर से एक लहर सी उठ रही है. ऐसा माना जाने लगा है कि मतदाता सत्तारूढ़ पर अपना क्रोध निकाल रहे हैं. मतदान के प्रति जनता की उदासीनता अच्छा संकेत नहीं है. यदि आपको क्रोध ही प्रकट करना है, तो मतदान करके कीजिए, घर बैठकर नहीं.

• बोधि-वृक्ष सूत्र



## नकटा दर्शन

एक कामचोर भंडारी के कारण राजकोष में बड़ी भारी चोरी हो गई. राजा ने उस भंडारी को तलब किया,और ठीक से जिम्मेदारी न निभाने का कारण पूछा. भंडारी ने उच्छृंखलता से जवाब दिया, "चारों और चोरी बेईमानी फैली है मैं क्या करूं, मैं तो ईमानदार हूं. यदि आपके राज्य में चोरी-बेईमानी की हालत ऐसी ही रहेगी तो इस प्रकार की घटना को कैसे रोका जा सकेगा?" भंडारी की यह बात सुनकर राजा का क्रोध भड़क गया, लेकिन राजा ने संयम से काम लिया और उसकी जान बख्श दी. राजा ने उसकी नाक कटवा कर उसे छुट्टी दे दी. शर्म के मारे वह नकटा किसी दूसरे राज्य में चला गया, लेकिन वहां भी लोगों ने उसे नकटा कह कर उसका मजाक उड़ाना शुरू कर दिया. लोगों के उपहास से बचने के लिए खुद को साधु बताने लगा. वह चौरे-चौबारे प्रवचन देता- "धर्मप्रेमी सज्जनो, मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन उसका अहंकार है, जो मनुष्य को सीधे नाश के द्वार तक पहुंचा देता है यदि आप चाहते हैं कि आपका जीवन सफल हो जाये तो आपको अहंकार से दूर रहना होगा. आपको बता दूं कि यह जो नाक है न, वही अहंकार का मूल है. यह नाक ही हमारी दृष्टि और ईश्वर के बीच व्यवधान है. ईश्वर के दर्शन में सबसे बड़ी बाधा नाक होती है. इसे हटाए बिना ईश्वर के दर्शन नहीं होते. इसीलिए मैंने वह अवरोध हटा लिया है. मैं ईश्वर के साक्षात दर्शन कर सकता हूं." कथनी और करनी की गज़ब एकरूपता देख, लोगों पर उसके प्रवचन का जोरदार प्रभाव पड़ने लगा. लोग तो बस ईश्वर के दर्शन करना चाहते थे, उससे आग्रह करते कि, "भैया हमें भी भगवान के दर्शन करा दो." वह भक्तों को नाक कटवा कर आने की सलाह देता. नाक कटवा कर आने वाले चेलों के कान में मंत्र फूंकता, "देखो अब सभी से कहना कि मुझे ईश्वर दिखने लगे हैं. मैंने तो नकटा न कहलाने के लिए, यही किया था. अगर तुमने कहा कि मुझे तो ईश्वर नहीं दिखते तो लोग नकटा नकटा कहकर तुम्हारा मजाक उड़ाएंगे, तुम्हारा तिरस्कार करेंगे. इसलिए अब तुम्हारी भलाई इसी में है कि 'नकटा दर्शन' के सिद्धान्त का प्रचार-प्रसार करो और अपने समुदाय की वृद्धि करो. हमारे 'ईश दर्श सम्प्रदाय' में रहकर उपहास मुक्त जीवन यापन कर सकोगे और इस तरह तुम नकटे होकर भी सम्मान के सहभागी बने रहोगे." बहुत ही अल्प समय में यह सम्प्रदाय बढ़ने लगा. एक बार नकटे हो जाने के बाद इस सम्प्रदाय में बने रहना और इसके भेद को अक्षुण्ण रखना प्राथमिकता हो गई.

# पौष्टिक खुराक की निर्देशावली का हो पालन

• आहार-विहार

दिनेश सी. शर्मा

पिछले सप्ताह हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पौष्टिकता संस्थान, जो भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तत्वावधान तले देश में सबसे पुरानी अनुसंधान प्रयोगशालाओं में एक है, ने 'भारतीयों के लिए खान-पान दिशा निर्देश' जारी किये हैं. यह दस्तावेज़ हजारों स्वयंभू और तथाकथित विशेषज्ञों द्वारा सोशल मीडिया पर पौष्टिकता, भोजन एवं खुराक को लेकर मचाई जाने वाली चिल्ल-पों के बीच ताज़ी हवा का झोंका बनकर आया है, क्योंकि उक्त लोगों की भोजन और पौष्टिकता पर कही अधिकांश बातें भ्रामक और झूठी होती हैं. आलम यह है कि एक ओर खाद्य पदार्थ उत्पादक कंपनियां और घर तक व्यंजन पहुंचाने वाले एप्प आधारित सेवा प्रदाता उपभोक्ता को यकीन दिलवा रहे हैं कि घर का खाना एक पाप है. वहीं फूड-ब्लॉगर हर ऐरे-गैरे रेहड़ी-ढाबे वाले के चीनी, नमक और वसा से भरे ऊलजलूल व्यंजनों को 'असली स्वाद' और 'स्वर्गिक' बताकर महिमामंडित कर रहे हैं. स्वयंभू पौष्टिकता विशेषज्ञ और मशहूर चेहरे अंजान उपभोक्ता को खान-पान का नया चलन बताकर उलझा रहे हैं . फैक्ट्री में बने खाद्य उत्पादों पर 'स्वास्थ्यकर' व 'ताजा' का ठप्पा लगाकर बेचा जा रहा है, जबकि सेहत- ताजगी से दूर-दूर तक वास्ता नहीं है. निस्संदेह, एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा विभिन्न उम्र वर्ग और अंचल के लोगों के लिए प्रमाण-आधारित और तथ्यात्मक खुराक निर्देशावली जारी करना स्वागत योग्य है. लगभग एक सदी से एनआईएन (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन) भारत में पौष्टिकता और खाद्य संबंधी अनुसंधान कार्य में लगा है और इस विषय में ज्ञान का भंडार है. पौष्टिकता संबंधी लगभग सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे कि एकीकृत बाल विकास योजना, मिड-डे मील योजना और साल्ट आयोडाइज़ेशन के अलावा पौष्टिकता की कमी के उत्पन्न रोगों का निदान करने वाली योजनाएं एनआईएन द्वारा दिए वैज्ञानिक शोध आधारित परामर्श पर आधारित है. खुराक संबंधी नवीनतम निर्देशावली इस समृद्ध विरासत का एक हिस्सा है. सरसरी तौर पर देखने पर 17 निर्देशों वाला यह परामर्श पुरानी बातें और साधारण सा लगता है. मसलन, विभिन्न भोज्य पदार्थों से युक्त खुराक स्वास्थ्यकर होती है, फल और सब्जियों का सेवन अधिक मात्रा में करें और वसा का उपयोग न कम, न ज्यादा मात्रा में करें. लेकिन इस निर्देशावली की असली ताकत है प्रत्येक निर्देश भारत के संदर्भ में प्रमाण आधारित है. इस संहिता में प्रत्येक आयु-वर्ग के स्वास्थ्य को प्रोत्साहन और बीमारियों की पूर्व-रोकथाम पर जोर दिया गया है, इसमें जहां एक ओर विशेष ध्यान शिशुओं, स्तनपान करवाने वाली महिलाओं और बुजुर्गों पर है तो वहीं अन्य अवयवों की भूमिका जैसे कि शारीरिक गतिविधियां, सुरक्षित पेयजल, साफ-सफाई और पर्यावरणीय पहलुओं पर भी है. इस खुराक परामर्श को भोजन वर्ग और आम भारतीय की खुराक एवं खाद्य अवयवों को आधार बनाकर तैयार किया गया है, जैसे कि, अनाज, दालें, दूध, सब्जियां और फलों का समुचित मात्रा में समावेश कर खुराक तय करना. इस दस्तावेज़ का एक अहम हिस्सा है खाद्य उत्पादों पर लगे लेबल को सही ढंग से पढ़ना और समझना सिखाना. इसमें प्रचलित भ्रामक दावों की असलियत समझाई गई है, जैसे कि पूर्ण प्राकृतिक, असली फल या रस युक्त, पूर्ण अन्नाज (मिल्लेट), चीनी-मुक्त, कॉलेस्ट्रॉल रहित, स्वास्थ्य-मित्र, जैविक, कम-वसा युक्त इत्यादि अर्धसत्य शब्दों का प्रयोग करना. अतएव लोगों के मन में बैठायी गई गलत धारणा के आलोक में एनआईएन जैसे प्रमाणिक संस्थान द्वारा लेबल को सही अर्थों में समझाना बहुत महत्वपूर्ण बन जाता है. इन दिशा-निर्देशों का बृहद संदर्भ है भारत में इन दिनों बीमारियों द्वारा नया रूप धरने की प्रक्रिया. देश के समक्ष जहां कुपोषण और अल्पपोषण रूपी समस्या है तो दूसरी ओर मोटापा और अति-मोटापा. अनुमान है कि भारत में बीमारियों के कुल बोझ के पीछे 56.5 फीसदी कारक गलत खुराक है. व्याधियों में अधिकतर हिस्सा मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग का है. शारीरिक गतिविधियों में बढ़ोतरी के साथ स्वास्थ्यकर भोजन लेने से हृदय संबंधी अवस्था, रक्तचाप और मधुमेह टाइप-2 जैसी बीमारी को काफी हद तक घटाया जा सकता है. एनआईएन का सर्वेक्षण बताता है कि 1-19 साल आयु-वर्ग में काफी संख्या अब उनकी है, जिनमें उम्र से पहले गैर-संक्रमित रोग जैसे कि मधुमेह और उच्च-रक्तचाप देखने को मिल रहे हैं. कुपोषित एवं अल्प-पोषित और सामान्य वृद्धि वाले बच्चों की आधी संख्या में मैटाबॉलिक बायोमार्कर्स का मिलना चिंता का विषय है. हमारी रोजमर्रा की खुराक मूलतः नाकाफी है.

> पौष्टिकता संबंधी लगभग सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे कि एकीकृत बाल विकास योजना, मिड-डे मील योजना और साल्ट आयोडाइज़ेशन के अलावा पौष्टिकता की कमी के उत्पन्न रोगों का निदान करने वाली योजनाएं एनआईएन द्वारा दिए वैज्ञानिक शोध आधारित परामर्श पर आधारित है. खुराक संबंधी नवीनतम निर्देशावली इस समृद्ध विरासत का एक हिस्सा है.

# बैंक जमा पर ब्याज दरें बढ़ाने में राजनीति की बू

• आर्थिकी

अंजन रॉय

चुनाव के बीच में अल्पकालिक जमा दरों में बढ़ोतरी के स्टेट बैंक के कदम से मौजूदा सरकार को बड़े पैमाने पर लोगों का समर्थन मिलना चाहिए. बेशक, इन्हें प्रसारित होने में भी समय लगता है, क्योंकि ऊंची दरें कुछ अंतराल के बाद दिखाई देने लगती हैं. लेकिन इनसे निश्चित रूप से लोकप्रिय भावनाओं को धूमिल करने के बजाय मदद मिलनी चाहिए. हालांकि बैंक के लिए यह एक सावधानीपूर्वक लिया गया निर्णय रहा होगा. अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के संदर्भ में, अर्थशास्त्री और राजनीति विशेषज्ञ सभी आश्चर्यचकित हैं कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था का जमीनी स्तर पर बेहतर प्रदर्शन मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन की लोकप्रियता को क्यों नहीं बढ़ा रहा है? अमेरिका में बेरोजगारी दर सबसे निचले स्तर पर है, अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है, अर्थव्यवस्था में बहुप्रतीक्षित मंदी का कोई निशान नहीं है. माना कि कीमतें कभी-कभी तेजी से बढ़ी हैं. लेकिन फिर, मज़दूरी भी बढ़ रही है. इन सकारात्मक कारकों के बावजूद, जो बाइडेन को अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रबंधन का श्रेय नहीं मिल रहा है. इसके विपरीत, उन पर कुप्रबंधन का आरोप लगाया जा रहा है, खासकर जब कीमतें बढ़ रही हैं. युद्ध के बाद की अवधि में अमेरिका में कई वर्षों में कीमतों में सबसे तेज़ वृद्धि देखी गई. क्या संयुक्त राज्य अमेरिका में चुनाव पूर्व परिदृश्य और भारत के चुनाव पूर्व परिदृश्य में कुछ समानताएं हैं? इसका उत्तर हां और नहीं दोनों में है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल के लिए अपना चुनाव अभियान पूरे आत्मविश्वास के साथ शुरू किया था, लेकिन चार चरणों के मतदान के बाद उनका अति आत्मविश्वास हिल गया है. मतदान के तीन और चरण 1 जून तक होने हैं. इसलिए कुछ करने की जल्दबाजी थी और संभवतः यही कारण है कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने लाखों जमाकर्ताओं, जो मतदाता भी हैं, को कुछ राहत देने के लिए जमा पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की. एसबीआई के कदम का अन्य बैंकों द्वारा भी अनुकरण किया जायेगा. इसलिए पूरे बैंकिंग क्षेत्र में कुल मिलाकर जमा पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी होगी. जहां तक अमेरिकी अर्थव्यवस्था का संबंध है, जैसा कि अति सक्रिय अर्थशास्त्रियों के साथ होता है, कुछ लोग एकजुट हुए हैं और अर्थव्यवस्था की समस्याओं का जवाब तलाश रहे हैं. एक त्वरित सर्वेक्षण से पता चला है कि अन्य कारकों के अलावा, उच्च प्रचलित ब्याज दरें एक समृद्ध अर्थव्यवस्था की छवि को ख़राब कर रही हैं. ऐसा इसलिए है, क्योंकि उपभोक्ताओं को अपने गिरवी का वित्तपोषण करना कठिन हो रहा है. अमेरिकी उपभोक्ता भावनाएं गिरवी दरों से प्रमुख रूप से प्रभावित होती हैं, क्योंकि अधिकांश खरीदारी गिरवी से जुड़ी होती हैं. चाहे घर खरीदना हो या कार, गिरवी दर उपभोक्ताओं के लिए यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कि खरीदारी को आगे बढ़ाया जाये या इसे स्थगित कर दिया जाये. अमेरिकी फेडरल रिजर्व की उच्च पॉलिसी दरें, जो वर्तमान में पांच प्रतिशत है, ऐतिहासिक शिखर पर है. इन दरों को व्हाइट हॉट अमेरिकी अर्थव्यवस्था को सामान्य स्तर पर वापस लाने के लिए क्रमिक कदमों में बढ़ाया गया है. वित्तीय मंदी और मात्रात्मक सहजता के मद्देनजर शून्य ब्याज दरों के दिनों के बाद से, अमेरिकी फेडरल रिजर्व अधिक पारंपरिक मौद्रिक नीति व्यवस्था को समायोजित करने की कोशिश कर रहा है. हालांकि, उच्च मुद्रास्फीति दरों ने केंद्रीय बैंकर की सामान्य स्तरों पर समायोजित होने की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित कर दिया था. इस अवधि में मुद्रास्फीति की दर असाधारण रूप से ऊंचे स्तर 8 प्रतिशत पर पहुंच गई थी. इस प्रकार फेडरल रिजर्व दरें बढ़ाने के लिए बाध्य था. फेड चेयरमैन ने कई बार दरें कम करने का संकेत दिया था लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ. शीर्ष पर, प्रचलितब्याज दरों के बावजूद, अर्थव्यवस्था गतिविधि के उच्च स्तर पर थी. कुछ लोगों ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की दिशा को 'गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देने वाली' बताया है. भारत की बात करें तो ब्याज दरों के अलग-अलग अर्थ हैं. भारतीय स्टेट बैंक ने हाल ही में अपनी अल्पकालिक जमा दरें बढ़ा दी हैं. दरें बढ़ाने का असर स्वचालित रूप से उधार दरों पर दिखाई देगा. अल्पावधि जमा दरें बढ़ने के साथ, बैंक के लिए धन की लागत बदलनी चाहिए. फंड की सीमांत लागत अब बढ़ जायेगी और इसे उधार दरों के साथ समायोजित करना होगा. उद्योग और व्यापार जगत ब्याज दरों में किसी भी बढ़ोतरी से नाराज होंगे. रिज़र्व बैंक भी आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत दरों को कम करने की मांग कर रहा है. एसबीआई के कदम को विरोधाभासी माना जा सकता है.

> शीर्ष पर, प्रचलित ब्याज दरों के बावजूद, अर्थव्यवस्था गतिविधि के उच्च स्तर पर थी. कुछ लोगों ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की दिशा को 'गुरुत्वाकर्षण को चुनौती देने वाली' बताया है. भारत की बात करें तो ब्याज दरों के अलग-अलग अर्थ हैं. भारतीय स्टेट बैंक ने हाल ही में अपनी अल्पकालिक जमा दरें बढ़ा दी हैं.

**मीडिया में अन्यत्र**

# व्यापार असंतुलन : भारत का माल निर्यात

**भारत** के माल निर्यात, जो 2023-24 के दौरान तीन फीसदी से ज्यादा घट गया था, में इस साल सकारात्मक शुरुआत तो हुई है, लेकिन सिर्फ मामूली ही. वैश्विक व्यापार में 2023-24 का साल विभिन्न भू-राजनैतिक एवं लॉजिस्टिक्स संबंधी व्यवधानों से प्रभावित रहने वाला साल था. इस साल अप्रैल में बाहर भेजे जाने वाला लदान (आउटबाउंड शिपमेंट) 34.99 बिलियन अमेरिकी डॉलर का रहा, जो एक साल पहले के मुकाबले 1.07 फीसदी या 370 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मामूली वृद्धि को दर्शाता है. भारत से निर्यात की जाने वाली शीर्ष 30 वस्तुओं में से 17 में साल-दर-साल आधार पर सिकुड़न दर्ज किया गया, जबकि पिछले महीने 13 वस्तुओं में गिरावट दर्ज की गई थी. गौरतलब है कि ये गिरावट एक कमजोर आधार पर है - अप्रैल 2023 में, माल निर्यात में 12.7 फीसदी की गिरावट आई थी और शीर्ष 30 वस्तुओं में से 20 के निर्यात मूल्यों में गिरावट दर्ज की गई थी. पिछले महीने निर्यात में हुई मामूली वृद्धि मुख्य रूप से सिर्फ चार वस्तुओं - फार्मा, रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सबसे महत्वपूर्ण, वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में वृद्धि की वजह से मार्च में हुई 35 फीसदी के संकुचन से उबर आने वाले पेट्रोलियम उत्पादों - द्वारा प्रेरित थी. दूसरी तरफ, अप्रैल के दौरान तेल और सोने की कीमतों में आई उछाल ने देश के माल आयात के खर्च को 10.25 फीसदी बढ़ाकर 54 बिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा कर दिया. नतीजतन, पिछले महीने का व्यापार घाटा चार महीनों में सबसे ज्यादा 19.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का रहा और यह मार्च के अंतर से लगभग 22.5 फीसदी ज्यादा था. अगर ओपेक+ क्लब, जिसकी जून की शुरुआत में बैठक होने वाली है, उत्पादन में कटौती को बढ़ाने का फैसला करता है, तो तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं. इसके अलावा, एक सुरक्षित सहारे के तौर पर सोने के रूप में की जाने वाली बचत में वैश्विक स्तर पर हो रही बढ़ोतरी से भारत की पसंदीदा इस पीली धातु की कीमतें ऊंचीबनी रह सकती हैं. घरेलू मोर्चे पर ऐसे परिदृश्य के हानिकारक प्रभावों (मसलन, ईंधन की उच्च कीमतों के जरिए) के अलावा, व्यापार संतुलन और रुपये पर दबाव पड़ेगा. विश्व व्यापार संगठन के मुताबिक, 2023 में 1.2 फीसदी की गिरावट के बाद वैश्विक व्यापार की मात्रा में इस साल 2.6 फीसदी की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है. सरकार को उम्मीद है कि पश्चिमी दुनिया में भारत के प्रमुख बाजारों में मुद्रास्फीति कम होगी और विकास दर में सुधार होगा, जिससे मांग में उछाल आएगा. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### ख्वाब/खाब

**ख्वाब** हो तुम या कोई हकीकत कौन हो तुम बतलाओ, देर से कितनी दूर खड़ी हो, और करीब आ जाओ. यह 1965 में आयी फिल्म तीन देवियां के मशहूर गीत का मुखड़ा है, जिसे मजरूह सुलतानपुरी ने लिखा है और किशोर कुमार ने गाया है. इस गीत में प्रमुख शब्द है ख्वाब. यह फारसी भाषा मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है और इसका सामान्य अर्थ है स्वप्न. इस शब्द को लिखने और बोलने में अंतर इस गीत को सुनकर महसूस कर सकते हैं. किशोर कुमार ख्वाब नहीं कहते, बल्कि खाब कहते हैं. इसी प्रकार एक हिट गाना-मैं तो एक खाब हूं में भी गायक मुकेश ख्वाब के बजाय खाब ही कहते हैं. जिन गीतों के रचनेवाले उर्दू और हिंदी भाषा के माहिर विद्वान रहे हों, वे तो गलत लिखेंगे नहीं. जो गायक गा रहे हैं, उनका उच्चारण तो नजीर होता है. तो क्या ख्वाब के बजाय खाब शब्द ही लिखा जाना चाहिए? ऐसे उलझन भरे सवाल मेरे दिमाग में आते रहे हैं. उलझन सुलझाने के चक्कर में हिंदी और उर्दू के कई शब्दकोशों से संपर्क किया. अधिकतर शब्दकोशों में ख्वाब शब्द को ही मान्यता दी गयी है. खाब शब्द की चर्चा कुछ ही शब्दकोशों में है, जिसका मतलब बताया गया स्वप्न. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश के अनुसार ख्वाब का मतलब है सो जाने का काम या अवस्था, नींद, वह वह स्थिति या दशा जिसमें नींद आए, सपना, जो कुछ नींद की अवस्था में नज़र आए, ख़याल, विचार, भ्रम, कल्पना, अवास्तविक बात, आदर्शलोक अथवा आदर्शवादी दुनिया, हेप्नोटिज़्म, मेस्मरिज़्म और जादू इत्यादि के द्वारा बेहोश या इंद्रियों से मुक्त होना, एहसास न होने की अवस्था, मदहोशी, अदृश्य संसार की ख़बर, परोक्ष जगत की ख़बर. हिंदी शब्दसागर में ख्वाब शब्द के साथ ही खाब को भी मान्यता दी गयी है, लेकिन उसका मतलब स्वप्न के साथ ही भोजन भी बताया गया है. ख्वाब से बना शब्द है ख्वाबगाह, जिसके ख्वाब का मतलब है बेडरूम, क्योंकि वहां सपना भले न आये, नींद तो आ ही जाती है.

# आराम बड़ी चीज़ है मुंह ढक के सोइए

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा



मैं ठहरा जन्मजात आलसी. अपने आलस्य और आराम-तलबी पर मुझे ज़रा भी संकोच नहीं होता, लेकिन क्या किया जाए. तमाम अति-उत्साही और सक्रियता में विश्वास करने वाले लोग चैन से न बैठते हैं, न ही बैठने देते. जब देखो, तब मेरे आलस्य का कारण पूछते रहते हैं. बहाने बना बना कर मैं तो आजिज़ आ गया हूं. अपनी आराम-तलबी का कोई वाजिब कारण मैं उन्हें बता ही नहीं पाता. लेकिन इधर जब से मैं एक नई वैज्ञानिक खोज से अवगत हुआ हूं, अपने आलस्य पर सचमुच मुझे गर्व होने लगा है. आलसियों की प्रजाति अब कभी विलुप्त होने वाली नहीं है. दिन-ब-दिन बस वही विकास करेगी. हमारे पुरखों ने कहा था, "आराम बड़ी चीज़ है, मुंह ढक कर सोइए / किस किस को याद कीजिए, किस किस को रोइए." उन्हें पता था बेकार सर खपाने से कोई मतलब नहीं है. तनाव को अनदेखा कीजिए और आराम से पड़े रहिए. मतलब, आरामतलबी और कुछ करे न करे, तनाव को तो खारिज करती ही है. दुनिया में जैसे फ्रेंडशिप डे, मदर्स डे, फादर्स डे आदि मनाए जाते हैं, उसी प्रकार आपको ताज्जुब होगा, कोलंबिया में आलसी लोगों के लिए भी एक दिन मनाया जाता है – 'वर्ल्ड लेजीनेस डे'. इस दिन वहां दुनिया भर के आलसी जुटते हैं और उत्सव का हिस्सा बनते हैं. यह तो तय है कि आराम-तलबी तनाव को कम करती है. लेकिन इतना ही नहीं. आलस्य और आराम-तलबी इससे भी कहीं ज्यादह मूल्यवान चीजें हैं, और यह आज विज्ञान ने भी सिद्ध कर दिखाया है. आलसी बने रहना अब, विज्ञान के भी अनुसार आपके और हमारे पक्ष में ही है. मुबारक हैं वे जो दिन भर सोफे पर पड़े रहते हैं, आराम करने के लिए थकने का इंतज़ार नहीं करते, अपनी ऊर्जा को बचा कर रखते हैं, सोने के लिए जगह और समय का मुंह नहीं देखते. ऐसे "आलस्यतम (लोगों) की उत्तर जीविता" अब विज्ञान ने संदेह से परे बताई है. जो प्रजातियां काहिल हैं, वे ही उत्तरजीवी हैं और जो अपनी ऊर्जा का अधिकतम उपयोग/दुरुपयोग करती हैं, विलुप्त हो जाती हैं. घोंघे और सीपियों को देखिए. इस प्रजाति के और भी तमाम जीव थे. वे अपनी ऊर्जा का अधिकतम इस्तेमाल कर नष्ट हो गए, सीपी और घोंघा अपने खोल में चुपचाप पड़े रहे, वे जीवित रह गए. और आराम से सबको ठेंगा दिखाकर जीवित हैं. सबक़ आसान है. अधिकतम जीवित रहना है तो आलस्य और आरामतलबी अख्तियार करो. जितनी ही अपनी ऊर्जा का व्यय/ अपव्यय करोगे उतनी ही जल्दी ख़त्म हो जाने की संभावना बलवती हो जाएगी.


# फिर गजेट्स के हुए बिग बी मुरीद


*पिछले दिनों अमिताभ बच्चन का एक पोस्ट वायरल हुआ जिसमें वे एपल विजन प्रो के मुरीद हुए जा रहे थे. यह गजेट्स उन्हें अभिषेक बच्चन ने बतौर उपहार दिया है जिसके इस्तेमाल के बाद उन्होंने इसकी जम कर तारीफ की और कहा कि इसे पहनने के बाद आपका नजरिया पूरी तरह बदल जाएगा. यह पहला मौका नहीं जब बिग बी ने गजेट्स और तकनीक को लेकर अपने प्यार को दिखाया है.*

जिंदगी के इक्कासी वसंत देख चुके बिग बी टेक्नो और रफ्तार के मामले में किसी यूथ से कम नहीं. नए से नए डिवाइस के इस्तेमाल और फिर उससे जुड़े अनुभव को साझा करना उनकी आदत है. हाल ही बेटे अभिषेक बच्चन ने बज उन्हें बतौर उपहार एपल विजन प्रो दिया तो इसके इस्तेमाल में उनका उत्साह देखने लायक था. इतना ही नहीं, उन्होंने इससे जुड़ा अनुभव सोशल मीडिया पर भी साझा किया. वाकई अमिताभ बच्चन अपनी पीढ़ी के सबसे तकनीक-प्रेमी अभिनेताओं में से एक हैं. सोशल मीडिया पर उनकी सक्रियता जेन एक्स को टक्कर देने वाली होती है.उनके फॉलोअर्स लाखों की संख्या में हैं और बड़ी संख्या में मेगास्टार उनकी पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते नजर आते हैं. बिग बी लग्जरी कारों के भी शौकीन हैं. गैजेट्स और कार के मामलों में उनके शौक उन्हें युवाओं की श्रेणी में रखते हैं. आइए, आज उनके गजेट्स और कार कलेक्शंस की करें बात...

## एपल विजन प्रो

एपल ने पिछले साल डब्ल्यू डब्ल्यू डी सी इवेंट में पहली बार एपल प्रो विजन को इंट्रोड्यूस किया था. इसे एआर और वीआर तकनीक के साथ तैयार किया गया है. एप्पल विजन प्रो एक ऐसा प्रोडक्ट है, जिससे आप डिजिटल दुनिया को वास्तविक दुनिया के साथ देख सकते हैं. इसमें माइंडफुलनेस और इनकाउंटर डायनासॉर्स जैसे ऐप्स दिए जाते हैं, जिसकी मदद से आपको हर ऑब्जेक्ट का थ्री डी एक्सपीरियंस मिलता है. इसके और भी कई शानदार फीचर्स हैं. इसमें आपको हाई रेजॉल्यूशन के साथ ओएलईडी डिस्प्ले मिलती है. ग्राफिक्स और बेहतर डिस्प्ले के लिए एपल एम टू चिप और आर वन चिप का उपयोग किया गया है. बेहतर स्पीड ट्रैकिंग के लिए थ्री डी मैपिंग मिलती है. साथ ही यह वीआर और एआर ऐप्स और गेम के साथ काम करता है. इसकी एक बड़ी खासियत यह भी है कि इसे आंखों और हाथों की गति और आवाज से कंट्रोल किया जा सकता है.
इसमें मल्टी टच इंटरफेस और थ्री डी कैमरा भी है. यह ऑडियो पॉड्स और नेविगेशन के लिए भी उपयोगी है. मल्टीटास्किंग के लिए आप आसपास के सारे टैब्स को अपने हिसाब से एडजस्ट कर सकते हैं. डिजिटल क्राउन को स्पिन करके आप किसी भी सब्जेक्ट का बैकड्रॉप चेंज कर सकते हैं.





## हाथ में दो-दो घड़ियां

हाथ में एक घड़ी तो क्या कहें, बिग बी अक्सर दो-दो घड़ियां पहने नजर आते हैं. दरअसल, अमिताभ की दो घड़ियां दो तरह का समय दिखाती हैं. दो घड़ियां क्यों पहनते हैं, इस सवाल के जवाब में कभी किसी इंटरव्यू में बिग बी ने खुद खुलासा किया था कि परिवार के सदस्य जब विदेश में होते हैं तो उनके समय का अंदाज लगाने के लिए वे दूसरी घड़ी पहनते हैं. यह घड़ी विदेश में क्या समय चल रहा, यह दर्शाती है. वहीं पहली घड़ी देश के वक्त को दर्शाती है. 'बुड्ढा होगा तेरा बाप' फिल्म के दृश्य आप देखें तो इसमें पूरी फिल्म में अमिताभ दो घड़ियां पहने नजर आए थे. दरअसल जब शूटिंग के दौरान जब अमिताभ सेट पर पहुंचे तो उनके हाथ में दो घड़ियां थीं, क्योंकि परिवार के कुछ सदस्य तब विदेश में थे. यह देखते हुए, निर्देशक ने पूरी फिल्म के दौरान उनके हाथ में दो घड़ियां रखने का फैसला किया.

## महंगी कार, बेशुमार

**अमिताभ बच्चन कारों के भी शौकीन हैं. उनके कलेक्शंस में 17 गाड़ियां हैं. आइए जानें कि बिग बी के गैरेज में शामिल हैं कौन-कौन सी खास कार-**



### बेंटले कॉन्टिनेंटल

बेंटले की कॉन्टिनेंटल जीटी कार अमिताभ बच्चन की फेवरिट कार में है जिसे कई बार खुद भी ड्राइव करना वे पसंद करते हैं. इसमें चार लीटर का वी8 इंजन दिया जाता है, जिससे 500 हॉर्सपावर और 487 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलता है.

### मर्सिडीज एस क्लास

मर्सिडीज की एस क्लास सुपर लग्जरी कार भी अमिताभ बच्चन के कलेक्शन में शामिल है. इस कार में 4.7 लीटर का वी8 इंजन मिलता है. इससे कार को 449 हॉर्स पावर के साथ ही 516 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलता है.





### रेंज रोवर

रेंज रोवर की ऑटोबायोग्राफी भी अमिताभ बच्चन के गैरेज की शोभा बढ़ा रही है. इस दमदार एसयूवी में कंपनी की ओर से तीन लीटर का वी6 इंजन दिया जाता है. इससे एसयूवी को 340 हॉर्सपावर और 332 न्यूटन मीटर का टॉर्क मिलता है.

**ये कारें भी हैं शामिल** इनके अलावा पोर्श की केमैन एस, मिनी कूपर एस, लैक्सस की एलएक्स570, ऑडी ए8, बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज, फोर्ड मस्टैंग, टोयोटा जैसी गाड़ियां भी बिग बी के कलेक्शंस में शामिल हैं.

# ये तीखी धूप और मोटरसाइकिल पर सफर

*मई की तीखी धूप में दोपहर में 12 से चार के बीच का समय किसी सफर के लिए मुफीद नहीं. खास कर जब मोटरसाइकिल चला कर सफर तय करना हो तो वाकई मुश्किल होती है. तेज धूप, गरम सड़कें और उड़ती धूल इंजन और टायरों पर दबाव डाल सकती हैं. कई बार चलती मोटरसाइकिल में आग लगने जैसे हादसे भी हो जाते जैसा कि हाल ही में मोघालपुरा भवानीपुरा पुलिस स्टेशन, हैदराबाद में हुआ था जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और नौ लोग बुरी तरह झुलस गए थे. जानकारी के मुताबिक इंजन हीट के कारण यह हादसा हुआ. आइए भीषण गर्मी में राइडिंग को आसान और सुरक्षित बनाने वाले कुछ टिप्स की करें चर्चा...*



### इंजन ऑयल नियमित बदलें

इस मौसम में इंजन ऑयल बहुत जल्दी गर्म होता है और पतला हो जाता है. ऐसे में बेहतर हो कि गर्मी के मौसम के लिए उपयुक्त गाढ़े इंजन ऑयल का इस्तेमाल करें.
आपकी बाइक कंपनी जिस ऑयल के इस्तेमाल की सिफारिश करती है, उसका ही इस्तेमाल करें. नियमित रूप से इंजन ऑयल बदलें और ऑयल लेवल की नियमित जांच करें.

### टायरों की जांच

गर्मी के मौसम में अपनी मोटरसाइकल की टायर पर विशेष नजर रखें. टायर एयर प्रेशर की नियिमत जांच करें. टायरों की पोजिशनिंग की जांच करें. देखें कि इसमें किसी प्रकार की दरार, कट या घिसाव तो नहीं है. टायर अगर खराब स्थिति में लगे तो जितनी जल्दी संभव हो, उन्हें बदल लें.

### ब्रेक और चेन की जांच

ब्रेक पैड की स्थिति भी इस मौसम में देखना विशेष जरूरी है. अगर वे घिस चुके हैं तो उन्हें बदलें. चेन को नियमित रूप से साफ करें और लुब्रिकेट करें.


### बैटरी की देखभाल

गर्मियों के मौसम में बैटरी टर्मिनलों को साफ रखें. देखें कि उसमें जंग तो नहीं लग रही. बैटरी के वॉटर लेवल की नियमित जांच करें. पानी का स्तर कम लगे तो डिस्टिल्ड वॉटर डालें. बैटरी को ठंडी जगह पर रखें.

### नियमित सर्विसिंग

गर्मी के मौसम में मोटरसाइकिल की नियमित जांच जरूर कराएं. लोकल मिस्त्री से सर्विसिंग की बजाए कंपनी के सर्विसिंग सेंटर से कराएं. वहां मानक के अनुसार इंजन, टायर, ब्रेक, चेन और बैटरी सहित सभी महत्वपूर्ण घटकों की जांच हो सकेगी. आवश्यकता पड़ने पर मरम्मती या बदलाव होगा.

## जब राह चलते जलने लगे मोटरसाइकिल



जब कभी राह चलते कोई बाइक जलती नजर आए या आग की आशंका से आप अपनी बाइक छोड़ खड़ें हैं तो कभी भी जिस बाइक में आग लगी है, उसके करीब न जाएं. आग लगने के बाद तत्काल स्थानीय फायर ब्रिगेड टीम को इसकी सूचना दें. वाहन में लगी आग के कम होने का इंतज़ार करें और उससे उचित दूरी बना कर रखें. आग लगे वाहन में फ्यूल टैंक ब्लास्ट का प्रमुख कारण होता है. ऐसे में खुद आग बुझाने की कोशिश न करें. वाहन को कभी भी घेर कर खड़े न हों. बता दें कि हैदराबाद वाले मामले में वाहन चालक तो समय पर बाइक से उतर गया था पर लोग जलती बाइक को घेरे खड़े थे और खुद आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे. इसी बीच फ्यूल टैंक में ब्लास्ट के कारण जान की हानि हुई.

# रेडमी नोट 13 आर हुआ लॉन्च जानिए कीमत और फीचर्स

**चीनी स्मार्टफोन कंपनी शायोमी ने रेडमी ब्रांड का अपना नया नोट स्मार्टफोन रेडमी नोट 13 आर को लॉन्च किया है. यह स्मार्ट फोन दरअसल पिछले साल लॉन्च हुए रेडमी नोट्र 13आर का सक्सेसर है. ये स्मार्टफोन तीन कलर और 5 कॉन्फिग्रेशन ऑप्शन में लॉन्च हुआ है. आइए इसके फीचर्स, कीमत, डिजाइन आदि के बारे में जानकारी हासिल करें-**

- **यह है स्टोरेज और कीमत**

स्मार्टफोन का 6जीबी रैम के साथ 128 जीबी स्टोरेज वेरिएंट 1399 युआन (लगभग 16 हजार रुपये) में आता है. फोन 8 जीबी रैम के साथ 128 जीबी स्टोरेज, 8जीबी रैम के साथ 256 जबी स्टोरेज और 12 जीबी रैम के साथ 256 जीबी स्टोरेज में आता है. इनकी कीमत क्रमशः 1599 युआन (लगभग 19 हजार रुपये), 1799 युआन (लगभग 21 हजार रुपये) और 1999 युआन (लगभग 23 हजार रुपये) है. इसका टॉप वेरिएंट 12जीबी रैम के साथ 512 जीबी स्टोरेज है, जिसकी कीमत 2199 युआन (लगभग 25 हजार रुपये) है.

- **बैटरी**

रेडमी नोट 13 आर को पावर देने के लिए 5030 मेगाहट्र्ज की बैटरी दी गई है, जो 33 वाट की फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करता है.



- **डिस्प्ले व अन्य डिटेल्स**

इसमें 6.79 इंच का डिस्प्ले दिया गया है. फोन स्नैपड्रैगन 4 जेन 2 प्रोसेसर के साथ आता है. ये हैंडसेट हाइपर ओएस के साथ आता है. रेडमी नोट13 आर में डुअल रियर कैमरा सेटअप मिलता है, जिसका प्राइमरी कैमरा 50 मेगापिक्सल का है. इसके अलावा 2 मेगापिक्सल का सेकेंडरी लेंस मिलता है. कंपनी ने 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया है. ये फोन चीन में तीन कलर ऑप्शन में आता है. डुअल सिम सपोर्ट के साथ आने वाला यह फोन 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट सपोर्ट के साथ आता है. सिक्योरिटी के लिए फोन में साइड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है.

## नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर राडार (निसार) की लॉन्चिंग इस साल अंत तक

# समय से पहले दे देगा यह प्राकृतिक आपदाओं की सूचना

नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर राडार (निसार) इतना समर्थ है कि हमें भूकम्प में होने वाले जान-माल की हानि से बचाव कराएगा. भूकंप ही नहीं बवंडर, तूफान, ज्वालामुखी, ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्री तूफान, जंगली आग, समुद्रों के जलस्तर में बढ़ोतरी समेत कई आपदाओं का अलर्ट देगा. निसार सेटेलाइट की लॉन्चिंग पहले इसी साल जुलाई में होनी थी, पर अब दिसंबर तक यह सक्रिय मोड में आ सकेगा. ये दुनिया का सबसे महंगा अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट है जिसे बनाने में 10 हजार करोड़ रुपए की लागत आई है.

- **ऐसे मिलेगी भूकंप की जानकारी**

निसार टेक्टोनिक प्लेट्स के मूवमेंट को सेंटीमीटर के स्तर तक रिकॉर्ड कर पाएगा. ज्यादा या कम मूवमेंट से पता चलेगा कि कहां



और कब भूकंप आ सकता है. यह सेटलाइट एक बार में धरती का चक्कर काटने के लिए 14 से 15 दिन लेगा. इतने ही दिन बाद उसका दूसरा चक्कर लगेगा. यह दुनिया के जलस्रोतों को सटीकता से नाप पाएगा. यह भी पता चलेगा कि जलस्तर कितना कम या ज्यादा हो रहा है. सेटेलाइट निसार धरती पर पड़ने वाले पानी के दबाव, पानी के फैलाव, हरियाली और बर्फ पर नजर रखेगा. जलवायु परिवर्तन पर नजर रखेगा. इन सबके आधार पर प्राकृतिक आपदाओं की समय से पहले भविष्यवाणी करने में समर्थ होगा.

# एक बार करें चार्ज तो 12 दिन तक धड़ल्ले से चलेगी यह स्मार्टवॉच

**दमदार बैट्री और शानदार डिजाइन के साथ अमेजफिट की नई स्मार्टवॉच बीआईपी 5 यूनिटी अपने देश में लॉन्च हुई है. एक बार चार्ज कराने पर करीब 12 दिन की बैटरी लाइफ देने वाली इस स्मार्ट वॉच की और भी कई खासियत है. आइए, इसके बारे में डिटेल में जानकारी हासिल करें-**

- **डिस्पले, डिजाइन व कीमत**

अमेजफिट की नई स्मार्टवॉच बीआईपी 5 यूनिटी में 1.91 इंच का बड़ा डिस्प्ले दिया गया है. वॉच में 120 से ज्यादा वॉच फेस दिए गए हैं. तीन रंग विकल्प ग्रे, चारकोल, पिंक कलर में यह मिलेगी. स्टेनलेस स्टील फ्रेम में आती है. इस वॉच में हेल्थ सेंट्रिक ऑपरेटिंग सिस्टम ज़ेप ओएस 3.0 का सपोर्ट दिया गया है. अमेजफिट की इस नई स्मार्टवॉच की कीमत 6,999 रुपए है.

- **बैटरी व चार्जिंग टाइम**

कंपनी के दावा को माने तो अमेजफिट की नई स्मार्टवॉच बीआईपी 5 यूनिटी को एक बार चार्ज करने पर 12 दिनों की लंबी बैटरी लाइफ मिलती है. वॉच फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आती है जो 120 मिनट में वॉच चार्ज करने की सुविधा देता है.



- **क्या है खास?**

अमेजफिट बीआईपी 5 यूनिटी स्टाइल के मामले में एक बार में पसंद आ सकती है. साथ ही इसके फीचर्स भी इसे एक व्यवहारिक स्मार्ट वाच बनाती है. यह वॉच आई पी 68 रेटिंग के साथ आती है. इसमें हर्ट रेट सेंसर के साथ 3 एक्सिस मोशन सेंसर दिया गया है, जो कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ ट्रैकिंग के साथ आती है. इसमें स्मार्ट रिकग्नाइजेशन फीचर दिया गया है. वॉच में 120 से ज्यादा स्पोर्ट मोड दिए गए हैं. आप चाहें तो इसकी मदद से अपने 24 घंटे के दौरान की हेल्थ एक्टिविटी जैसे हर्ट रेट, एसपीओ टू, स्ट्रेस मॉनिटर पर कंट्रोल रख सकते हैं. वॉच में कैलेंडर, रिमाइंडर, कॉल नोटिफिकेशन, रिमाइंडर और स्मार्टफोन ऐप नोटिफिकेशन जैसे अन्य फीचर्स भी हैं.

- **यहां से खरीदें**

इसे कई ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे अमेजन, अमेजफिट इंडिया स्टोर से खरीद सकते हैं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### उलझन में माही और सीएसके मैनेजमेंट, ऑक्शन से पहले इस नियम से बनेगी बात

# एमएस धौनी ने टाला संन्यास का फैसला!

एजेंसी। चेन्नई

ऐसा कम ही होता है कि मैदान से बाहर गया 110 मीटर का छक्का बल्लेबाजी करने वाली टीम के लिए ही खतरा साबित हो जाए, लेकिन शनिवार को बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में एमएस धौनी और चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए ठीक ऐसा ही हुआ, जब आईपीएल 2024 में करो या मरो के मुकाबले में धौनी ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर पेसर यश दयाल को जोरदार छक्का लगाया. गेंद खो गई थी और उसे बदलना पड़ा. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को सूखी गेंद मिली, जिस पर कंट्रोल करना उनके लिए आसान था.

अगली बॉल पर उन्होंने धौनी को स्लोअर बॉल फेंककर बाउंड्री के किनारे कैच आउट करवा दिया. चेन्नई न सिर्फ मैच हारी बल्कि प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाई इस तरह धौनी चेपॉक में अपना आखिरी आईपीएल मैच खेलने के वादे को पूरा नहीं कर सके. इस हार के बाद 42 वर्षीय महान क्रिकेटर रविवार की सुबह आईपीएल छोड़कर अपने घर के लिए रवाना होने वाले पहले क्रिकेटर थे. वैसे सीएसके खेमे में यह धारणा बनी हुई है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शनिवार की हार शायद धौनी की आखिरी हार नहीं होगी. एक करीबी सूत्र ने बताया, धौनी ने सीएसके में किसी को नहीं बताया है कि वह छोड़ रहे हैं. उन्होंने प्रबंधन से कहा है कि वह अंतिम फैसला लेने से पहले कुछ महीनों तक इंतजार करेंगे.

**रिटेंशन पॉलिसी तय करेगी धौनी का भविष्य**

सीएसके मैनेजमेंट धौनी के एक और आईपीएल खेलने की उम्मीद लगाए बैठा है. इसके पीछे बड़ी वजह धौनी की बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग फॉर्म है. 18 मई की रात भी उन्होंने 200 के करीब की स्ट्राइक-रेट से 25 रन बनाए, जो कि रविंद्र जडेजा या शिवम दुबे से बेहतर था. धौनी ने चार ओवर तक बल्लेबाजी की और विकेटों के बीच दौड़ने में सहज थे. धौनी जिस फटी हुई पिंडली के साथ खेल रहे थे, वो इंजरी भी धीरे-धीरे ठीक हो रही थी. सूत्र ने कहा, विकेटों के बीच दौड़ने में उन्हें कोई असुविधा महसूस नहीं हुई और यह एक प्लस है. अगले साल मेगा ऑक्शन होने वाला है. टीम अधिकतम पांच खिलाड़ियों को ही रिटेन कर सकती है. उम्मीद है कि सीएसके रुतुराज गायकवाड़, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे और मथीशा पथिराना को निश्चित ही रिटेन करेगी.

**इम्पैक्ट प्लेयर रूल अब बन सकता है वरदान**

ऐसी स्थिति में धौनी ऑक्शन में जाकर बेहद महंगे बिकने की बजाय सबसे कम फीस स्लॉट से रिटेन हो सकते हैं. वह चेन्नई के लिए इम्पैक्ट सब प्लेयर की भूमिका निभा सकते हैं. अब देखना होगा कि क्या बीसीसीआई अगले आईपीएल के लिए इम्पैक्ट सब नियम को बरकरार रखती है या खत्म कर देती है. यह नियम धौनी को आखिरी दो ओवरों के लिए खुद को बचाए रखते हुए एक्स्ट्रा बल्लेबाज खिलाने में मदद करता है. यदि बीसीसीआई इस नियम को हटा देती है, तो किसी टीम के लिए केवल 12 गेंदों के लिए एक बल्लेबाज रखना व्यावहारिक नहीं होगा. ऐसा लगता है कि अगले साल खेलना या संन्यास लेने का फैसला फ्रेंचाइजी ने माही पर छोड़ दिया है.



**सीएसके के प्लेऑफ से बाहर होने के बाद धौनी रांची लौटे**

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और रांची के राजकुमार महेंद्र सिंह धौनी रविवार की दोपहर रांची पहुंचे. आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी. आखिरी मैच निराशा के साथ खत्म होने के बाद माही रांची लौटे.

## खेल हो या शिक्षा, अनुशासन बहुत जरूरी है : पी गोपीचंद

संवाददाता। पटना



खिलाड़ी और कोच के रूप में बेहद अनुशासित पुलेला गोपीचंद ने यहां प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को प्रेरित करते हुए अनुशासन का महत्व बताया. पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता 50 साल के गोपीचंद इंजीरियंग और मेडिसिन पाठ्यक्रम की प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों से मुखातिब थे.

भारत के मुख्य बैडमिंटन कोच गोपीचंद ने यहां एलेन करियर इंस्टीट्यूट में छात्रों से कहा, खेल हों या शिक्षा दोनों समान हैं. दोनों में अनुशासन और प्रतिबद्धता जरूरी है. समय के साथ इसमें मेंटर (मार्गदर्शक) की जरूरत भी जुड़ गई है. उन्होंने कहा, शिक्षा के साथ जब ट्रेनिंग भी दी जाती है तब एक छात्र मौजूदा समय में प्रतिस्पर्धा में सक्षम बन पाता है. इसी तरह खेल में भी अगर अनुशासन और प्रतिबद्धता के साथ कोचिंग अच्छी हो तो खिलाड़ी आगे बढ़ता है. ओलंपिक पदक विजेताओं साइना नेहवाल और पीवी सिंधू जैसी खिलाड़ियों को तैयार करने वाले हैदराबाद के गोपीचंद ने कहा कि उन्हें पटना जैसे शहरों के युवाओं का भविष्य उज्ज्वल नजर आता है. उन्होंने कहा, खेल में हमेशा एकतरफा नतीजे नहीं मिलते. कभी-कभी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ आप सर्वश्रेष्ठ हो सकते हो और कभी-कभी आपके सामने खड़ा खिलाड़ी बेहतर हो सकता है, इसका मतलब यह नहीं कि आप कड़ी मेहनत करना बंद कर हो.

### टी20 विश्व कप

### मैकगुर्क, शॉर्ट आस्ट्रेलिया के हैं रिजर्व खिलाड़ी

नयी दिल्ली। आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और मैथ्यू शॉर्ट एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया के रिजर्व खिलाड़ी होंगे. बाईस वर्ष के मैकगुर्क ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है. अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं कर सके मैकगुर्क को टी20 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि आस्ट्रेलिया के पास शीर्ष तीन स्थानों के लिये डेविड वॉर्नर, ट्रेविस हेड और कप्तान मिचेल मार्श पहले से हैं. बल्लेबाजी हरफनमौला शॉर्ट ने आस्ट्रेलिया के लिये पिछले 14 में से नौ टी20 मैच खेले हैं. इनमें से पांच में उन्होंने पारी का आगाज किया और पिछले दो सत्र में वह बिग बैश लीग भी खेल चुके हैं. ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सुझाव दिया था कि विश्व कप में एक रिजर्व साथ लेकर जाएंगे लेकिन अब वे शॉर्ट के साथ फ्रेसर मैकगुर्क को भी ले जा रहे हैं. आस्ट्रेलियाई टीम गुरुवार को वेस्टइंडीज रवाना होगी.

### आईपीएल क्वालीफायर संभावना : केकेआर और सनराइजर्स के बीच मुकाबला

# रनों का अंबार लगने की उम्मीद

एजेंसी। अहमदाबाद




मैच का समय : शाम 7.30 बजे से.

बेहतरीन फॉर्म में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को रन मशीन सनराइजर्स हैदराबाद से होगा, तो दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट की सौगात मिलने की गारंटी रहेगी. केकेआर इस साल आईपीएल प्लेआफ में पहुंचने वाली पहली टीम थी जबकि सनराइजर्स ने आखिरी लीग मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया.

लीग चरण के 70 मैचों में शीर्ष दो स्थान पर रही इन टीमों को पिछले दस दिन में बारिश के कारण अच्छा खासा ब्रेक मिल गया है. वैसे प्लेआफ से पहले मैदान पर अधिक समय नहीं बिता पाने की चुनौती भी कठिन है. सैकड़ों किलोमीटर का सफर करके यहां पहुंचने वाली केकेआर और सनराइजर्स को हालात के अनुकूल ढलने के लिए अधिक समय नहीं मिलेगा. दोनों ने आखिरी लीग मैच रविवार को ही खेला है. सनराइजर्स ने हालांकि पूरा मैच खेल कर पंजाब को हराया लेकिन केकेआर और राजस्थान रॉयल्स का मैच बारिश के कारण नहीं हो सका.

केकेआर ने आखिरी पूरा मैच 11 मई को खेला था. बारिश के खलल से पहले केकेआर ने लगातार चार मैच जीते थे पिछले दो मैच बारिश की भेट हो गए. शीर्ष पर काबिज केकेआर को विकेटकीपर बल्लेबाज फिल साल्ट (435 रन) की कमी खलेगी जो टी20 विश्व कप से पहले इंग्लैंड टीम से जुड़ने स्वदेश लौट गए हैं. साल्ट और सुनील नारायण (461) ने केकेआर को शानदार शुरुआत दी है. मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर (287 रन) प्रभावित नहीं कर सके लेकिन इसकी कमी टीम को खली नहीं. रॉयल्स के खिलाफ मैच बारिश में धुलने के कारण साल्ट की जगह टीम में आये रहमानुल्लाह गुरबाज को अभ्यास नहीं मिल सका जिससे केकेआर खेमा चिंतित होगा. केकेआर के लिए नीतिश राणा और आंद्रे रसेल का फॉर्म में रहना भी बहुत जरूरी है. कागजों पर केकेआर और सनराइजर्स बराबरी की टीमें लगती हैं जिससे यह मुकाबला और रोमांचक हो गया है.

ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा दोनों ने 200 से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाकर रिकॉर्ड की झड़ी लगा दी है. आस्ट्रेलिया के हेड ने आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढी है और अब तक एक शतक तथा चार अर्धशतक समेत 533 रन बना चुके हैं. उनके साथ अभिषेक (467 रन) ने भी खुलकर खेलते हुए आईपीएल में अभी तक 41 छक्के जड़ डाले हैं. सनराइजर्स के पास तीसरे नंबर पर राहुल त्रिपाठी जैसा भरोसेमंद बल्लेबाज है. हेनरिच क्लासेन फॉर्म में लौट आये हैं और पंजाब के खिलाफ 42 रन बनाये. पिछले साल विश्व कप फाइनल में देखा गया था कि अहमदाबाद में बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को अधिक सफलता मिलती है. छह में से चार बाद लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम कामयाब रही है. केकेआर के पास मिचेल स्टार्क की अगुवाई में तेज गेंदबाजों के साथ बेहतरीन स्पिनर हैं तो सनराइजर्स की गेंदबाजी की अगुवाई कप्तान पैट कमिंस कर रहे हैं.

**टीमें**

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजांफर.

**सनराइजर्स हैदराबाद :** अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड, हेनरिक क्लासेन , एडेन मार्कराम, अब्दुल समद, नितीश रेड्डी, शाहबाज अहमद, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, टी नटराजन, मयंक मार्कंडेय, उमरान मलिक, अनमोलप्रीत सिंह, ग्लेन फिलिप्स , राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, उपेंद्र यादव, जे सुब्रमण्यन, सनवीर सिंह, विजयकांत व्यासकांत, फजलहक फारूकी, मार्को यानसेन, आकाश महाराज सिंह, मयंक अग्रवाल.

## छह पूर्वोत्तर राज्यों में इनडोर क्रिकेट अकादमी की आधारशिला



एजेंसी। नयी दिल्ली

**इनडोर अकादमी**

- अकादमी मणिपुर, मेघालय और मिजोरम में खुलेंगी
- बीसीसीआई ने पूर्वोत्तर क्रिकेट विकास समिति का गठन किया

पूर्वोत्तर राज्यों के उभरते हुए क्रिकेट खिलाड़ियों की मदद के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को छह राज्यों में इनडोर क्रिकेट प्रशिक्षण अकादमियों की आधारशिला रखी. इनडोर क्रिकेट अकादमी अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम के खिलाड़ियों को सुविधाएं प्रदान करेंगी. यह अकादमी शिलांग, ईटानगर, कोहिमा, आइजोल, इंफाल और गंगटोक में स्थित होंगी. बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा, पूर्वोत्तर में बीसीसीआई की आगामी अत्याधुनिक इनडोर प्रशिक्षण सुविधाओं की आधारशिला रखकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं.

इससे पहले इन राज्यों के क्रिकेटरों को मॉनसून के मौसम के दौरान प्रशिक्षण के लिए कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, मुंबई या अहमदाबाद के केंद्रों की यात्रा करनी पड़ती थी. बीसीसीआई ने पूर्वोत्तर क्रिकेट विकास समिति का भी गठन किया है. इसकी अध्यक्षता बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष अभिषेक डालमिया कर रहे हैं. शाह ने लिखा, छह राज्यों (अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम) के हमारे क्रिकेटरों को जल्द ही पूरे साल प्रशिक्षण सुविधा के लिए विश्व स्तरीय इनडोर नेट, इनडोर स्विमिंग पूल और फिटनेस सेंटर से लाभ मिलेगा. शाह ने कहा, इसके साथ ही मिजोरम में नये पवेलियन का निर्माण आने वाले समय में इस क्षेत्र के लिए रोमांचक होगा. यह इस क्षेत्र में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में बड़ा कदम है. इस बीच बीसीसीआई पहले से ही विस्तृत क्षेत्र और सुविधाओं के साथ बेंगलुरु में एक नयी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी विकसित करने की प्रक्रिया में है.

**ब्रीफ खबरें**

### इंडियन ओपन सर्फिंग 31 मई से 2 जून तक

मेंगलुरू। इंडियन ओपन सर्फिंग (आईओएस) का पांचवां सत्र 31 मई से दो जून तक यहां खेला जाएगा. इसमें चार वर्गों पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर 16) बालक और बालिका वर्ग के मुकाबले होंगे. भारतीय सर्फिंग महासंघ ने एक विज्ञप्ति में कहा, इंडियन ओपन सर्फिंग 2024 कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप सीरिज का दूसरा चरण होगा. इससे पहले केरल में मार्च में अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग फेस्टिवल हुआ है.

### नागल जिनेवा ओपन के पहले दौर से बाहर

जिनेवा। भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल जिनेवा ओपन के पहले दौर में अर्जेंटीना के सेबेस्टिएन बाएज से हारकर बाहर हो गए हैं. दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी अर्जेंटीना के क्लेकोर्ट विशेषज्ञ प्रतिद्वंद्वी ने 7.6, 6.3 से हराया. नागल ने हार के बाद ट्वीट किया, आज की हार से निराश हूं. लेकिन फ्रेंच ओपन से पहले अच्छी तैयारी हुई. अगला लक्ष्य पेरिस.

## दीप्ति ने विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

एजेंसी। कोबे (जापान)




भारत की दीप्ति जीवनजी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर टी20 रेस में 55.07 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता. दीप्ति ने अमेरिका की ब्रियाना क्लार्क का 55.12 सेकंड का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पिछले साल पेरिस में बनाया था. तुर्की की एसिल ओंडेर 55.19 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि एक्वाडोर की लिजांशेला एंगुलो 56.68 सेकंड का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रही. दीप्ति ने रविवार को एशियाई रिकॉर्ड समय 56.18 सेकेंड के साथ अपनी हीट रेस जीती थी. टी20 वर्ग की रेस बौद्धिक रूप से अक्षम खिलाड़ियों के लिए है. योगेश कथुनिया ने पुरुषों के एफ 56 वर्ग चक्का फेंक में 41.80 मीटर के साथ रजत पदक जीता. भारत ने अब तक एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक जीत लिये हैं.

## हरभजन बोले - जल्द होगी अभिषेक की टीम इंडिया में एंट्री

एजेंसी। नयी दिल्ली



**बेहतर प्रदर्शन**

- अभिषेक शर्मा ने अधिकतर मैचों में धुआंधार शुरुआत दी
- 13 मैचों में शर्मा के बल्ले से कुल 467 रन निकले

पूर्व भारतीय स्पिनर और मौजूदा कमेंटेटर व एक्सपर्ट हरभजन सिंह का मानना है कि सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा जिस तरह की क्रिकेट खेल रहे हैं उसे देखते हुए लग रहा है कि वह जल्द ही भारतीय टीम के लिए खेलते हुए नजर आएंगे.

भज्जी ने ये भी कहा कि अभिषेक आईपीएल में ताबड़तोड़ प्रदर्शन कर टीम इंडिया का दरवाजा खटखटा नहीं रहे हैं, बल्कि तोड़ रहे हैं. बता दें, बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के लिए आईपीएल 2024 का यह सीजन शानदार रहा है. ट्रेविस हेड के साथ उन्होंने मिलकर एसआरएच को अधिकतर मैचों में धुआंधार शुरुआत दी है. अभी तक खेले 13 मैचों में उनके बल्ले से 209.42 के लाजवाब स्ट्राइक रेट के साथ 467 रन निकले हैं. वह आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगानेवाले भारतीय भी बन गए हैं. अभिषेक अभी तक आईपीएल 2024 में 41 छक्के जड़ चुके हैं. हरभजन सिंह ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ये अब टीम इंडिया के दरवाजे खटखटा नहीं रहे हैं, ये तोड़ रहे हैं....ये तोड़ने के लिए बस अब तैयार खड़े हुए हैं. दरवाजा वो खुलनेवाला है. जिस तरीके की बल्लेबाजी करी है उन्होंने पूरे सीजन में...मुझे नहीं लगता कोई भी युवा इतना बढ़िया खेला हो...ये सीजन इनके नाम रहा है.

इन्होंने बैट के साथ डोमिनेट किया है, और इन्होंने अभी गेंदबाजी भी की थी. गेंदबाजी भी ये बहुत ठीक ठाक करते हैं...ये ऑलराउंडर बड़े अच्छे हैं. एक दो साल में जो उनकी प्रोग्रेस हुई है...पहले झलकियां देखने को मिलती थीं, मगर इस साल पूरी फिल्म देखने को मिली है. पंजाब किंग्स के खिलाफ लीग स्टेज के आखिरी मुकाबले में अभिषेक ने 28 गेंदों पर 66 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली.

### टी20 विश्व कप | श्रीलंका साल 2012 में कोलंबो में फाइनल में वेस्टइंडीज से हार गया था

# मेजबान के खिताब नहीं जीतने का कलंक धोने उतरेगी वेस्टइंडीज

एजेंसी। एंटीगा



टी20 विश्व कप के इतिहास में कोई मेजबान आज तक खिताब नहीं जीत सका है, लेकिन दो बार कप्तान के तौर पर वेस्टइंडीज को टी20 चैम्पियन बनाने वाले डेरेन सैमी इस बार मुख्य कोच के तौर पर इस सिलसिले को तोड़ना चाहेंगे. पिछले आठ सत्रों में कोई मेजबान टी20 विश्व कप नहीं जीत सका है.

सैमी को इस बार वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टूर्नामेंट में यह मिथक तोड़ने की उम्मीद है. श्रीलंका 2012 में कोलंबो में फाइनल में वेस्टइंडीज से हार गया था. जीत के लिए 138 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम 101 रन पर आउट हो गई थी. चार साल बाद वेस्टइंडीज ने ईडन गार्डंस पर इंग्लैंड को हराकर दूसरी बार खिताब जीता. उस समय बेन स्टोक्स के आखिरी ओवर में कार्लोस ब्रेथवेट ने चार लगातार छक्के लगाये थे. सैमी को पिछले साल वेस्टइंडीज का सीमित ओवरों का मुख्य कोच बनाया गया. उनके साथ खेल चुके जॉनसन चार्ल्स और आंद्रे रसेल ही इस टीम में हैं. सैमी ने कैरेबियाई मीडिया से कहा, हमें पता है कि विजयी टीम कैसे चुनी जाती है. हम पहले भी यह कर चुके हैं और इस बार भी टूर्नामेंट को लेकर काफी रोमांचित हैं.

हमने तैयारी आस्ट्रेलिया में पिछले विश्व कप से ही शुरू कर दी थी. वेस्टइंडीज की टीम यूएई में हुए 2021 टी20 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी. वहीं आस्ट्रेलिया में 2022 में हुए टूर्नामेंट में भी निकोलस पूरन की कप्तानी वाली टीम मुख्य ड्रॉ के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी थी. पूरन पर इस बार कप्तानी का दबाव नहीं है और वह मध्यक्रम में ट्रंपकार्ड साबित हो सकते हैं. उन्होंने आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए 499 रन बनाये. मेजबान को सुनील नारायण की कमी खलेगी जिन्होंने आईपीएल में इस सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया है. सैमी उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने के लिए मना नहीं सके. वेस्टइंडीज को पापुआ न्यू गिनीया और युगांडा के खिलाफ ग्रुप सी के पहले दो मैच दो और नौ जून को खेलने हैं. इसके बाद न्यूजीलैंड से 13 जून को और अफगानिस्तान से 18 जून को मैच होगा.

## कोहली का एक फीसदी चांस का सिद्धांत बना आरसीबी की सफलता का आधार

एजेंसी। बेंगलुरु



**एलिमिनेटर में राजस्थान के खिलाफ खेलेगी आरसीबी**

22 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच खेलेगी. इस मैच में जीतने वाली टीम 24 मई को क्वालीफायर 2 खेलेगी. जो चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में खेला जाएगा.

जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लीग के शुरुआती 8 मैचों में 7 हार का सामना करना पड़ा, तब भी कोहली ने खुद पर और अपनी टीम पर भरोसा बनाए रखा. सब कुछ खत्म लग रहा था, लेकिन फिर रॉयल चैलेंजर्स ने कमाल कर दिया. अगले 6 मैचों में लगातार जीत हासिल कर टीम ने प्लेऑफ की रेस में वापसी कर ली. बेंगलुरु अपने बेहतर नेट रन रेट की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स को पछाड़ते हुए प्लेऑफ में पहुंचने में सफल रही.

इस शानदार वापसी के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कोहली अपने 1% थ्योरी की बात कर रहे हैं. यह वही थ्योरी है जो अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की सफलता का राज बन गई.

**क्या है उस वीडियो में :** वीडियो में, विराट कोहली आरसीबी की महिला टीम से बात कर रहे हैं. वह उन्हें विश्वास की शक्ति के बारे में बता रहे हैं, भले ही सफलता की संभावना सिर्फ 1 प्रतिशत ही क्यों न हो. आईपीएल 2024 में भी आरसीबी के टॉप 4 में आने की संभावनाएं कम ही थीं, लेकिन फाफ डू प्लेसिस की अगुवाई वाली टीम ने कदम दर कदम इस असंभव स्थिति को बदल डाला.

## बिहार में पांच सीटों पर 52.35 % वोटिंग हुई

**पटना ।** बिहार में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में पांच सीटों सारण, हाजीपुर (सु.), सीतामढ़ी, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में मतदान संपन्न हो गया. शाम पांच बजे तक बिहार में कुल 52.35 प्रतिशत वोटिंग हुई. सबसे ज्यादा मुजफ्फरपुर में 55.30 फीसदी वोट गिरे, जबकि सबसे कम मधुबनी में 49.01 प्रतिशत मतदान हुआ है. पांच बजे तक सीतामढ़ी में 53.13, सारण में 50.46 और हाजीपुर में 53.51 प्रतिशत वोट पड़े. मतदान केंद्रों पर वोटर्स की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं. वोटर्स में काफी उत्साह रहा. इस चरण में 9436 बूथों पर वोट पड़े. इस चरण में 95 लाख से अधिक मतदाता 80 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला किया.

### लोकसभा चुनाव को लेकर नेताओं का जोश उफान पर, लगातार विरोधियों पर साध रहे हैं निशाना

# मुकेश ने मोदी के 10 साल के कार्यकाल को बता दिया 15 साल

**संवाददाता । पटना**

लोकसभा चुनाव को लेकर नेताओं का जोश उफान पर है. वे लगातार अपने विरोधियों को निशाना बनाने में लगे हैं. लेकिन इसमें गलती भी कर बैठते हैं. यही गलती वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने की. उनकी जुबान एक बार फिर फिसल गई.

मुकेश सहनी ने पीएम मोदी के 10 साल के कार्यकाल को 15 साल बता दिया. मुकेश ने कहा कि पीएम मोदी ने 15 साल में 15 हजार बार कपड़े बदलकर देश घूमने में रिकॉर्ड बना लिए. दरअसल, महागठबंधन में



शामिल होने के बाद वीआईपी सुप्रीमो तेजस्वी यादव के साथ लगातार चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं. इसी कड़ी में सोमवार को मुकेश ने पीएम के बिहार दौरे को लेकर हमला बोला. उन्होंने

**फिसली जुबान**

- तेजस्वी के साथ लगातार सभा को संबोधित कर रहे हैं
- मोदी पहले बिहार क्यों नहीं आए अब जाने के समय क्यों आ रहे हैं

कहा कि, ठीक है बिहार आ रहे हैं, लेकिन जब 10 साल से पीएम थे तब बिहार क्यों नहीं आए. अब आ रहे हैं तो ठीक है ये बिहार है सबका स्वागत करता है, लेकिन हम कहेंगे कि इसके बाद भी वो बिहार आएं भले प्रधानमंत्री नहीं रहिएगा फिर भी बिहार आइएगा. सहनी ने कहा कि पीएम मोदी बिहार पहले क्यों नहीं आए, वो अब जाने के समय क्यों आ रहे हैं. अब तो उनके जाने का समय आ गया है. अब तो हमलोग दिल्ली जा रहे हैं.

दिल्ली में अपनी सरकार बनाएंगे. पीएम मोदी को अगर पहले आकर बिहार में रात्रि विश्राम कर लेते तो यहां कुछ विकास हो जाता. कई फैक्टरी खुलवा देते.

युवाओं को रोजगार देते. लेकिन चुनाव के समय में दूसरी बार रात्रि विश्राम कर रहे हैं. वहीं पांच सीटों पर वोटिंग को लेकर कहा कि, देश के युवा मतदान कर रहे हैं. वो समझ चुके हैं कि हमें देशभक्त बनना है, किसी का अंधभक्त नहीं. देश का युवा इंडिया गठबंधन के साथ है.

हमलोग हर जगह अच्छा कर रहे हैं. वहीं गृह मंत्री के बयान की भाजपा 250 से अधिक सीटों पर चुनाव जीत रहे हैं. इसको लेकर कहा कि, मेरी अमित शाह जी से निवेदन है कि वो चुनाव नहीं लड़ें. जब जीत गए हैं तो फिर उनको चुनाव लड़ने की जरुरत ही नहीं है. विपक्ष को चुनाव लड़ने दीजिए.

# पुरौनी में डायन के आरोप में महिला की गला दबा कर हत्या

**अपराध**

**संवाददाता । मधेपुरा**

जिले के पुरैनी थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव के वार्ड नंबर छह में डायन के आरोप में एक महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई. हत्या का आरोप मृतक महिला के जेठ पर लगा है. महिला की जेठ का बेटा हमेशा बीमार रहता था.

परिजनों को शक था कि महिला डायन जोगन करके उसके बच्चे को बीमार रखती है. महिला के पति ने बताया कि उसका भाई और परिवार उसके पत्नी के साथ मारपीट करते थे. इस वजह से पत्नी मायके में ही रहती थी. पति ने स्टांप पेपर पर लिखकर दिया था कि उसकी पत्नी डायन नहीं है. इसके बाद पत्नी को मायके से लेकर अपने घर ले आया. पत्नी के घर आने के कुछ दिन बाद महिला के जेठ के बेटे की लंबी बीमारी से मौत हो गई. इससे गुस्साए परिजनों ने महिला की गला दबाकर हत्या कर दी. घटना के बाद सभी आरोपी फरार हैं.

पुलिस सभी आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है. इस घटना के बाद पीड़ित पति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी को घर में बहुत परेशान किया जाता था.

# हादसे में चाचा-भतीजे की मौत



**संवाददाता । आरा**

सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई. घटना सोमवार को आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर हुई. सड़क हादसे में श्राद्ध से लौट रहे चाचा-भतीजे की मौत हो गई. दोनों बाइक पर सवार थे. उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सुढ़नी मोड़ के पास यह घटना हुई. इलाज के लिए चाचा-भतीजे को आरा सदर अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन दोनों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया. मृतकों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव निवासी स्व. फटीगन पासवान के 41 वर्षीय बेटे कलेक्टर पासवान और स्व. पुलिस पासवान के 49 वर्षीय बेटे धर्मेंद्र पासवान शामिल हैं. कलेक्टर पासवान रिश्ते में चाचा और धर्मेंद्र पासवान भतीजा लगते थे. धर्मेंद्र के साले विजय पासवान ने बताया कि उनके घर में परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई थी. उसी के श्राद्ध में शामिल होने के लिए उनके जीजा धर्मेंद्र अपने चाचा कलेक्टर के साथ बाइक से रविवार की देर शाम अपने गांव सरथुआ से ससुराल कसाप गांव गए थे. रविवार की देर रात जब दोनों चाचा-भतीजे श्राद्ध से घर लौट रहे थे.

## सोहसराय में ट्रैक्टर के पलटने से बच्चे की मौत

**नालंदा ।** सोहसराय थाना क्षेत्र के संगतपर मोहल्ला में ट्रैक्टर पलटने से एक बच्चे की मौत हो गई. ट्रैक्टर पर ईंट लोड था. मृतक सूरज कुमार का चार वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार है. लोगों ने बताया कि मोहल्ले में ट्रैक्टर चालक ईंट उतार रहा था. उसी बीच अचानक डल्ला पलट गया. इसकी चपेट में दोनों बच्चा और उसका पिता आ गया. तेज आवाज और चीख पुकार सुन स्थानीय लोग मौके पर पहुंचकर ईंट से दबे तीनों लोगों को बाहर निकाला. इसके बाद इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल लाया. जहां चिकित्सक ने एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया. जख्मी सूरज अपने जुड़वां बच्चे प्रियांशु और दिव्यांशु को स्कूल पहुंचाने जा रहे थे. तभी यह हादसा हुआ. घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया. घटना की जानकारी मिलते ही सोहसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को जब्त करते हुए कानूनी कार्रवाई में जुट गई. थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि घटना में एक बच्चे की मौत हुई है. जबकि दो जख्मी हैं. जिनका इलाज सदर अस्पताल में किया गया है.

### लोकसभा चुनाव के परिणाम को लेकर चुनावी रणनीतिकार के दावे

# भाजपा 400 सीटों के आंकड़े तक नहीं पहुंच सकती : प्रशांत किशोर

**संवाददाता । पटना**

बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं. इस बीच जन सुराज के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बड़ा दावा कर दिया. किशोर ने दावा किया कि केंद्र की सत्ताधारी पार्टी भाजपा दक्षिण और पूर्वी भारत में अपनी सीट और वोटों में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज करेगी.

प्रशांत किशोर ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कहा कि विपक्ष के पास भाजपा के रथ को रोकने की तीन अलग-अलग और यथार्थवादी संभावनाएं थीं, लेकिन आलस्य और गलत रणनीतियों के कारण उन्होंने अवसरों को गंवा दिया. कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को भारी लाभ होगा. उन्होंने कहा कि पिछले पांच-छह महीनों में कुछ भी नहीं बदला है. उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ मजबूत विपक्ष की जरुरत है.

उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी को पचास फीसदी वोट नहीं मिलते और भाजपा को भी साल 2019 करीब



**बोले प्रशांत**

- गलत रणनीतियों के कारण विपक्ष ने अवसर गंवा दिये
- भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को चुनाव में भारी लाभ होगा

### बिहार में सबसे ज्यादा परेशान बुजुर्ग लोग हैं

दूसरी तरफ पीके ने अपनी रणनीति का भी खुलासा किया, जिसकी लेकर भी लोगों के बीच चर्चा होती रहती है. पीके ने कहा कि बिहार में सबसे ज्यादा परेशान बुजुर्ग लोग हैं, जो मजदूरी भी नहीं कर सकते हैं. उन्होंने वादा किया कि जन सुराज सत्ता में आती है तो 60 साल से अधिक उम्र की महिला और पुरुषों के लिए हर महीने दो हजार रुपये पेंशन की व्यवस्था की जाएगी. पीके के बयान को लेकर हालांकि अभी तक भाजपा या इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. प्रशांत किशोर ने कहा कि इस बार हम संकल्प लेकर आए हैं.

चालीस प्रतिशत मत मिले थे. उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी को बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, तमिलनाडु और आंध्र जैसे राज्यों में फायदा होगा. वहीं भाजपा निश्चित रूप से ओडिशा में नंबर एक की पार्टी होगी. राजनीतिक विश्लेषक प्रशांत किशोर ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भी भाजपा नंबर एक पार्टी बनने जा रही है. वहीं तमिलनाडु में भाजपा का वोट पर्सेंट दोहरे अंक में पहुंच सकता है.

किशोर ने कहा कि भाजपा के प्रदर्शन को लेकर तमाम बहस जारी है, लेकिन मुझे उत्तर और पश्चिम में भाजपा की सीटों में कोई सार्थक गिरावट नहीं दिख रही है. प्रशांत किशोर ने भाजपा की सीट संख्या 300 के आसपास रहने की बात कही है. उन्होंने दोहराया कि भाजपा 400 सीटों के आंकड़े तक नहीं पहुंच सकती है, लेकिन उसे 200 सीटों तक भारी गिरावट का सामना भी नहीं करना पड़ेगा. जन सुराज संयोजक ने कहा कि ये स्पष्ट है कि जब अलग-अलग विचारधाराओं के दो पक्ष चुनाव लड़ रहे हैं तो कुछ बकझक तो होगी ही. लेकिन बुनियादी तौर पर, मुझे ज़मीन पर ऐसा कुछ भी नहीं दिखता जो किसी बड़े आश्चर्यजनक उलटफेर का संकेत दे. प्रशांत किशोर ने कहा कि एनडीए की संख्या घटने वाली है. लेकिन तकरीबन 300 से ज्यादा सीटें भाजपा को आती दिख रही है. जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने कहा कि जो लोग कह रहे हैं कि भाजपा हार रही है, उन्हें बताना चाहिए कि भाजपा इतनी सीटें कहां हार रही है. बहरहाल जाने-माने राजनीतिक रणनीतिकार और जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर अनुसार भाजपा को 300 से ज्यादा सीटें मिल सकती हैं.

# किराना दुकान संचालक की बेरहमी से कर दी गयी हत्या

**संवाददाता । बांका**

अवैध संबंध को लेकर किराना दुकान संचालक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान टाउन थाना इलाके के महेशाडीह निवासी 26 वर्षीय सुनील कुमार के रूप में हुई है. उसका शव मंदार पर्वत स्थित सीता कुंड के पास बरामद किया गया.

पुलिस ने सुनील की रिश्ते की भाभी सह प्रेमिका रूबी देवी को गिरफ्तार किया, जो आशा कार्यकर्ता हैं. बताया जाता है कि रूबी का सुनील के चचेरे भाई और स्थानीय मुखिया श्रीकांत मंडल से भी प्रेम प्रसंग चल रहा था. सुनील, रूबी और श्रीकांत के अवैध संबंध से जुड़ा ऑडियो-वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था. इसी के चलते उसकी गला दबाकर और फिर पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई. शव को मंदार पर्वत पर फेंक दिया.

मृतक के परिजन की शिकायत पर पुलिस ने सुनील की प्रेमिका रूबी देवी और मुखिया श्रीकांत मंडल सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की. जानकारी के मुताबिक आरोपी श्रीकांत दिल्ली में रहता है. उसी ने सुनील की हत्या की साजिश रची. वारदात वाले दिन रूबी, सुनील को मंदार पर्वत लेकर गई थी. वहां पहले से दो युवक मौजूद थे. वहीं तीनों ने मिलकर सुनील की हत्या कर दी और उसका मोबाइल फेंक दिया.

इसके बाद एक आरोपी देवघर चला गया और दूसरा रूबी के साथ गांव आया. एसडीपीओ विपीन बिहारी ने कहा कि प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या की गई है. महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. हत्या में स्थानीय मुखिया एवं दो अन्य लोगों के शामिल होने की बात सामने आई है. मामले की जांच चल रही है.

## पिता के क्रियाकर्म में शामिल पुत्र की मौत

**सहरसा ।** पिता की अंतिम क्रिया कर्म में शामिल पुत्र की श्मशान घाट में हार्ट अटैक से मौत हो गई. घटना जिले के सिमरी बख्तियारपुर गांव की है. मृतक नगर परिषद क्षेत्र के पुरानी बाजार निवासी सेवानिवृत पंचायत सेवक ब्रह्मदेव प्रसाद शाह (75) और उनका बड़ा पुत्र सुशील कुमार है. घटना के संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि शनिवार को ब्रह्मदेव प्रसाद शाह की मौत हो गई. परिजनों ने पिता के मौत की खबर उनके बड़े पुत्र सुशील कुमार को दी. वह दिल्ली सरकार के श्रम मंत्रालय में सेक्शन ऑफिसर के पद पर पदस्थापित थे. पिता की मौत की खबर सुनकर वह दिल्ली से गांव पहुंचे और फिर पिता की अर्थी को कंधा देकर श्मशान पहुंचे. श्मशान घाट पहुंचने के बाद अब अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू हुई.

## कारोबार

### सिग्नेचर ने गुरुग्राम में खरीदी 14.65 एकड़ भूमि

**नयी दिल्ली ।** रियल्टी कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने एक आवासीय परियोजना विकसित करने के लिए गुरुग्राम में लगभग 350 करोड़ रुपये में 14.65 एकड़ जमीन खरीदी है. कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उसने गुरुग्राम के द्वारका एक्सप्रेसवे के पास सेक्टर 37डी में 14.65 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है. कंपनी ने हालांकि इस सौदे के मूल्य और विक्रेता के नाम का खुलासा नहीं किया है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि सौदे की कीमत करीब 350 करोड़ रुपये हो सकती है.

### नियमों के मसौदे पर लोगों से मांगे सुझाव

**नयी दिल्ली ।** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने सड़कों पर वाहनों की गति मापने में उपयोग होने वाले माइक्रोवेव डॉपलर रडार उपकरण के लिए नियमों के मसौदे पर लोगों से सुझाव मांगे हैं. मंत्रालय ने इस बारे में एक परिपत्र जारी किया है. नियमों के मसौदे में कहा गया है कि अंतिम रूप से नियम अधिसूचित होने के बाद स्थापित रडार उपकरणों को एक वर्ष के भीतर सत्यापित करने की जरूरत होगी. लोगों को इस बारे में 11 जून तक सुझाव देने को कहा गया है.

### इंडिया सीमेंट्स का शुद्ध घाटा 50.06 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली ।** इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 50.06 करोड़ रुपये रहा. कंपनी का पिछले साल इसी अवधि में शुद्ध घाटा 243.77 करोड़ रुपये था. इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 1,266.65 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 1,485.73 करोड़ रुपये थी. कुल व्यय बढ़कर 1,351.84 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले साल इसी अवधि में 1,637.65 करोड़ रुपये था. समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का एकीकृत शुद्ध घाटा कम होकर 215.76 करोड़ रुपये हो गया.

### कुमार एसबीआई के पूर्व चेयरमैन व पई इंफोसिस के पूर्व वित्तीय अधिकारी हैं

# सलाहकार समिति से हटेंगे कुमार, पई

**भाषा । नयी दिल्ली**

कोई कंपनी जब संकट से गुजर रहा हो तो टीम के अधिकारियों की मौजूदगी से उसे ताकत मिलती है. लेकिन जब वे भी जाने लगे तो मुश्किल और बढ़ जाती है. एडटेक कंपनी बायजूस के सामने भी यही संकट है. बायजूस ने बयान जारी कर कहा कि बायजूस की पेरेंट कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड (टीएलपीएल) के एडवाइजरी बोर्ड मेंबर रजनीश कुमार और मोहनदास पई अपने कांट्रैक्चुअल एग्रीमेंट को रिन्यू नहीं करेंगे.

दोनों का कॉन्ट्रैक्ट 30 जून 2024 को खत्म हो रहा है. रजनीश कुमार और मोहनदास पई ने एडवायजरी काउंसिल छोड़ने का फैसला टीएलपीएल के फाउंडर्स के साथ चर्चा करने के बाद किया है. यह फैसला ऐसे समय आया है जब नकदी के संकट से जूझ रही एडटेक कंपनी बायजूस नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल में अपने स्टेकहोल्डर्स के साथ कानूनी लड़ाई लड़ रही है. रजनीश कुमार एसबीआई के पूर्व चेयरमैन और मोहनदास पई




**संकट बरकरार**

- 30 जून 2024 को खत्म हो रहा है दोनों का कॉन्ट्रैक्ट
- बायजूस स्टेकहोल्डर्स से कानूनी लड़ाई लड़ रही है

### इस तरह से कंपनी की साख गिरती चली गई

कारोबार की बात करें तो बायजूस का 2022 में घाटा बढ़कर 8,245 करोड़ रहा था. बायजूस को वित्त वर्ष 2022 में 8,245 करोड़ का घाटा हुआ. वित्त वर्ष 2021 में घाटा 4,564 करोड़ रुपए था. यानी कंपनी का घाटा करीब-करीब दोगुना हो गया. इस दौरान कंपनी का टोटल रेवेन्यू 5,298 करोड़ रहा. 2021 में रेवेन्यू 2,428 करोड़ रुपए था. यानी रेवेन्यू में 118% का उछाल आया. बायजूस की पैरेंट कंपनी थिंक एंड लर्न ने कंपनी रजिस्ट्रार के पास अपनी ऑडिटेड फाइनेंशियल रिपोर्ट दाखिल की है. घाटे का लगभग आधा हिस्सा (लगभग 3,800 करोड़ रुपए) व्हाइटहैट जूनियर और ओस्मो जैसी कंपनियों के कारण है. कंपनी की ओर से किए गए ये दो प्रमुख अधिग्रहण हैं.

इंफोसिस के पूर्व फाइनेंशियल ऑफिसर (वित्तीय अधिकारी) हैं. कुमार और पई ने एक संयुक्त बयान में कहा कि एडवाइजर्स के तौर पर कंपनी के साथ हमारा जुड़ाव हमेशा एक साल के लिए निश्चित अवधि के आधार पर था. फाउंडर्स के साथ हमारी चर्चा के आधार पर, यह आपसी सहमति से तय किया गया कि एडवाइजरी काउंसिल का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाना चाहिए. हालांकि, फॉर्मल इंगेजमेंट (औपचारिक जुड़ाव) खत्म हो गया है, लेकिन फाउंडर्स और कंपनी हमेशा किसी भी एडवाइज के लिए हमसे संपर्क कर सकते हैं. हम फाउंडर्स और कंपनी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं.

कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि वह एडवाइजर्स के साथ जुड़ाव को महत्व देती है तथा अशांत समय में कंपनी को आगे बढ़ाने में उनके सभी प्रयासों की सराहना करती है. वहीं, कंपनी के फाउंडर और सीईओ बायजू रवींद्रन ने कहा कि रजनीश कुमार और मोहनदास पई ने पिछले साल अमूल्य सहायता प्रदान की है. कुछ विदेशी निवेशकों की ओर से चल रहे मुकदमों के कारण हमारी योजनाओं में देरी हुई है, लेकिन रीबिल्ड में उनकी सलाह पर भरोसा किया जाएगा, जिसका नेतृत्व मैं व्यक्तिगत रूप से कर रहा हूं. दूसरी तरफ जानकारी के अनुसार बायजूस ने पिछले 12 महीनों में 10 हजार से ज्यादा एम्प्लॉइज को नौकरी से निकाल दिया है. बायजूस की फाइनेंशियल कंडीशन इतनी खराब है कि ना तो कंपनी किसी एम्प्लॉइज के काम का रिव्यू कर रही है और ना ही उन्हें नोटिस पीरियड सर्व करने का मौका दे रही है. इसका असर सीधा कंपनी पर पड़ रहा है. बीते दिनों कुछ ऐसी बातें भी हुईं जिससे बाजार में बायजू की साख कमजोर हुई. इसकी शुरुआत इसी साल फरवरी से हुई.

### मार्च तिमाही में रियल्टी धारणा सूचकांक सुधरा

**नयी दिल्ली ।** जमीन-जायदाद के कारोबार से जुड़ी कंपनियां और वित्तीय संस्थान भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में वृद्धि को लेकर उत्साहित हैं. जनवरी-मार्च तिमाही में धारणा सूचकांक बेहतर होने के साथ अगले छह महीनों को लेकर खासी उम्मीदें लगी हुई हैं. एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है. रियल एस्टेट परामर्शदाता नाइट फ्रैंक और उद्योग निकाय नारेडको की सोमवार को जारी एक संयुक्त रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च आर्थिक वृद्धि और मजबूत संपत्ति की मांग उनकी धारणाओं में सुधार के प्रमुख कारक हैं. रियल एस्टेट धारणा सूचकांक (जनवरी-मार्च) रिपोर्ट आपूर्ति पक्ष के हितधारकों के बीच कराए गए एक सर्वेक्षण पर आधारित है. यह दर्शाती है कि उद्योग के आपूर्ति पक्ष के बीच बाजार के भरोसे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है. मौजूदा धारणा सूचकांक अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तिमाही में 69 था लेकिन मार्च तिमाही में यह सुधरकर 72 हो गया. भविष्य की धारणा का सूचकांक भी बीती तिमाही में बढ़कर 73 हो गया जबकि दिसंबर तिमाही में यह 70 था. सलाहकार फर्म ने कहा कि यह सकारात्मक वृद्धि पथ भारतीय अर्थव्यवस्था के संबंध में हितधारकों के निरंतर आशावाद और रियल एस्टेट बाजार में स्थायी मांग को दर्शाता है.

# पंजीकरण समस्या पर काम कर रहे हैं जीएसटी अधिकारी

**व्यवस्था पर जोर**

**भाषा । नयी दिल्ली**

जीएसटी अधिकारी ई-कॉमर्स कंपनियों के साझा गोदामों से संबंधित कराधान और पंजीकरण मुद्दों से निपटने के लिए एक व्यवस्था बनाने पर काम कर रहे हैं. इन गोदामों में कई आपूर्तिकर्ता ग्राहकों तक सामान की आपूर्ति के लिए अपना माल जमा करते हैं. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है. माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत कई आपूर्तिकर्ताओं के एक ही गोदाम को अपने 'कारोबार के अतिरिक्त स्थान' के रूप में बताये जाने के बाद ऐसे गोदामों के लिए कराधान का मुद्दा सामने आया है. अधिकारी ने कहा कि हम इसपर काम कर रहे हैं कि क्या ई-कॉमर्स कंपनियों की तरफ से कई आपूर्तिकर्ताओं के माल को रखने के लिए बनाये गये गोदामों के लिए 'साझा कार्यस्थल' या 'सह-कार्य स्थान' धारणा को लागू किया जा सकता है या नहीं. जीएसटी कानून के तहत ई-कॉमर्स मंच को सामान की आपूर्ति करने वाले अपना माल एक साझा गोदाम में रख सकते हैं. हालांकि, आपूर्तिकर्ताओं को अपने जीएसटी पंजीकरण में गोदाम को कारोबार के अतिरिक्त स्थान के रूप में दिखाना आवश्यक है.

अधिकारी ने कहा कि जब कई करदाता एक ही गोदाम में पंजीकरण कराते हैं, तो 'जियो-टैग' सभी के लिए एक ही पते को बताता है. यह कर अधिकारी को एक संकेत देता है कि कई करदाता एक ही स्थान पर स्थित हैं और यह एक संभावित धोखाधड़ी वाला पंजीकरण हो सकता है. उन्होंने कहा कि दूसरा मुद्दा यह है कि जिस गोदाम में कई आपूर्तिकर्ता अपना माल रखते हैं, उसे किसी एक आपूर्तिकर्ता की चूक के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए. इसके अलावा, एक जोखिम यह भी है कि कर अधिकारी ऐसी गड़बड़ी के लिए खुद ई-कॉमर्स परिचालकों को जिम्मेदार ठहरा सकते हैं, जिससे उनके कारोबार पर असर पड़ सकता है.

ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा बनाये गये गोदामों के पंजीकरण के मुद्दे पर इस महीने की शुरुआत में एक बैठक में केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों के बीच चर्चा की गई थी. अधिकारी ने कहा कि यह अभी चर्चा के स्तर पर है. ई-कॉमर्स गोदामों के लिए साझा कार्यस्थल विचार को लागू किया जा सकता है या नहीं, इस पर विधि समिति में चर्चा की जाएगी और फिर जीएसटी परिषद के समक्ष इसे रखा जाएगा.

**स्ट्रांग पॉलिसी**

### ऐपल की की स्ट्रांग पॉलिसी की वजह से साइबर फ्रॉड को रोकने में सफलता मिली

# महंगा होने के बाद भी ऐपल की है काफी मांग

**भाषा । नयी दिल्ली**

अगर सामान की गुणवत्ता बेहतर हो तो ग्राहक उसकी कीमत नहीं देखते हैं. यह बात ऐपल के आईफोन पर पूरी तरह से लागू होती है. यही वजह है कि देश में ऐपल के आईफोन की बिक्री काफी बढ़ी है. कंपनी की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि उसने साइबर फ्रॉड को रोका है.

इस तरह से कंपनी ने करीब 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर की रकम बचाने में मदद की है. ये रकम भारतीय करेंसी में करीब 584 अरब रुपये होती है. साइबर फ्रॉड कंपनी की स्ट्रांग पॉलिसी की वजह से रुक पाया है. साइबर ठग अलग-अलग तरीकों से लोगों को ठगने की पूरी



कोशिश कर रहे थे. लेकिन वो सफल नहीं हो पाए. कंपनी की ओर से ये जानकारी चौथा एनुअल फ्रॉड-प्रिवेन्शन एनालिसिस में दी गई है. इसे कंपनी ने हाल ही में पब्लिश किया है. ऐपल की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने साल 2020 से लेकर 2023 के बीच धोखाधड़ी से जुड़े करीब 584 अरब रुपये से ज्यादा ट्रांजेक्शन रोकने में सफलता पाई है. ऐपल के मुताबिक, साल 2023 में 1.8 बिलियन डॉलर से ज्यादा के ट्रांजेक्शन फ्रॉड से जुड़े थे. इन्हें रोकने में कामयाबी मिली थी. वहीं ऐपल ने साल 2023 में 1.7 मिलियन ऐप सबमिशन को रिजेक्ट किया.

दरअसल, ये वे ऐप्स थे जो एपल द्वारा सेट की गई गाइडलाइन्स को मीट कर पाने में असफल रहे थे. कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ऐपल स्टोर के रूल्स यूजर्स को फ्रॉड ऐप्स से बचाते हैं. ऐपल ऐप स्टोर की पॉलिसी के स्टैंडर्ड को मैच नहीं कर पाने वाले ऐप के सब्मिशन को रिजेक्ट किया गया है. साल 2023 में ऐसे 1.7 मिलियन से ज्यादा ऐप थे जिनका सब्मिशन रिजेक्ट किया गया था. कंपनी ने इस दौरान 374 मिलियन डेवलपर्स एंड कस्टमर अकाउंट को टर्मिनेट किया था. पिछले साल कंपनी ने फ्रॉड ऐप्स तैयार न हो पाएं इसके लिए 1,18,000 डेवलपर्स अकाउंट को ब्लॉक किया था. ऐपल ने फ्रॉड से जुड़े ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए चुराए हुए क्रेडिट काड्र्स को ब्लॉक किया है. इस रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने 14 मिलियन क्रेडिट कार्ड और 3.33 मिलियन अकाउंट को ब्लॉक किया गया. कंपनी ने बताया कि वह सिर्फ साल 2023 में ही ऐपल ने 3.5 मिलियन चोरी के क्रेडिट कार्ड से होने वाली फर्जी शॉपिंग को रोका है. कंपनी ने इस दौरान करीब 1.1 मिलियन अकाउंट्स को बैन किया.

**ऐपल आईफोन**

- धोखाधड़ी से जुड़े 584 अरब रुपये के ट्रांजेक्शन रोके
- ऐपल स्टोर के रूल्स यूजर्स को फ्रॉड ऐप्स से बचाते हैं

# देश में घरेलू टायर विनिर्माण की समुचित क्षमता: एटीएमए

**भाषा । नयी दिल्ली**

टायर विनिर्माताओं के निकाय एटीएमए ने सोमवार को कहा कि देश में टायर विनिर्माण की पर्याप्त क्षमता है. लिहाजा मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के जरिये शुल्क रियायतें देकर आयात को उदार नहीं बनाया जाना चाहिए. ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एटीएमए) ने केंद्र को दिए सुझाव में कहा है कि वाहन टायर उन क्षेत्रों में सबसे आगे हैं जहां घरेलू विनिर्माण क्षमताएं आयात को गैरजरूरी बना सकती हैं. एटीएमए ने बयान में कहा कि भारत के पास आत्मनिर्भर होने की क्षमता वाले उद्योगों के बारे में मांगे गए सुझावों के संदर्भ में उसने सरकार को अपनी राय से अवगत करा दिया है. घरेलू उद्योग के हितों की रक्षा करते हुए आगामी एफटीए का मसौदा तैयार करने के लिए सरकार ने सुझाव मांगे थे. उद्योग निकाय ने कहा है कि एफटीए के माध्यम से शुल्क रियायतें देकर आयात को उदार नहीं बनाया जाना चाहिए. उसने भारत के घरेलू टायर उद्योग को दुनिया में सबसे बड़ा बताते हुए कहा है कि दोपहिया, यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन सहित विभिन्न श्रेणियों में वार्षिक उत्पादन 20 करोड़ इकाई से अधिक है. एटीएमए ने कहा कि पर्याप्त विनिर्माण क्षमताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के टायर आयात किए गए, जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 27 प्रतिशत अधिक है.

# लोकतंत्र का महापर्व : बॉलीवुड कलाकारों के साथ विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों ने किया मतदान



बॉलीवुड के महान कलाकर आमिर खान, सन्नी देओल, राकेश रोशन व ऋतिक रोशन, मनोज बाजपेयी, जहान्वी कपूर, उद्योगपति मुकेश अंबानी, नीता अंबानी, आकश अंबानी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और क्रिकेटर आजिंक्य रहाणे ने अपनी पत्नी के साथ सोमवार को मुंबई में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया. प्रेट्र

## ब्रीफ खबरें

### प्रचंड ने विश्वासमत हासिल किया

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने सोमवार को संसद में विश्वास मत हासिल कर लिया जो उनके पदभार संभालने के 18 महीने के भीतर चौथा शक्ति परीक्षण था. इस दौरान मुख्य विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने नारेबाजी की और वह मतदान से दूर रही. नेपाल की प्रतिनिधि सभा (एचओआर) में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी 'कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर)' के नेता प्रचंड (69) को 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 157 वोट मिले.

### चीन के प्राथमिक स्कूल में चाकू से हुआ हमला

**बीजिंग।** पूर्वी चीन के जियांग्शी प्रांत में सोमवार को एक प्राथमिक विद्यालय में एक महिला ने लोगों पर चाकू से हमला किया जिससे दो लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गये। इस महीने चीन में चाकू से हमले की यह दूसरी घटना है. सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि यह घटना गुईशी शहर में हुई और पुलिस ने 45 वर्षीय आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है. इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 अन्य घायल हो गये.

### इमरान खान व अन्य दो मामलों में बरी हुए

**इस्लामाबाद।** मुश्किलों से जूझ रहे इमरान खान को जिला एवं सत्र अदालत के सोमवार के उस आदेश से राहत मिली जिसके तहत पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अन्य नेताओं को तोड़फोड़ के दो मामलों में बरी कर दिया गया. 'जियो न्यूज' की खबर के अनुसार, मार्च 2022 के 'लॉन्ग मार्च' के दौरान तोड़फोड़ से संबंधित दो मामलों में अदालत का फैसला न्हें बरी करने को लेकर याचिका पर आया है.

### 'मातृशक्ति' सम्मेलन में संवाद करेंगे पीएम मोदी

**एजेंसी। वाराणसी (उप्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में 21 मई को 'मातृशक्ति' सम्मेलन में 25 हजार से अधिक महिलाओं से सीधा संवाद करेंगे. भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार शाम को संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में 25 हजार से अधिक 'मातृ शक्तियों' (महिलाओं) से सीधा संवाद करेंगे. मोदी वाराणसी संसदीय सीट से तीसरी बार उम्मीदवार हैं.

## 1988 में हजारों राजनीतिक कैदियों को सामूहिक फांसी दिए जाने में शामिल रहे थे

# ईरान के सर्वोच्च नेता के खासमखास रईसी की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत

**एजेंसी। दुबई**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के शिष्य और ईरान-इराक युद्ध के अंत में 1988 में हजारों राजनीतिक कैदियों को सामूहिक फांसी दिए जाने में शामिल रहे ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की सोमवार को एक हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई. वह 63 वर्ष के थे. राष्ट्रपति रईसी के नेतृत्व में ईरान ने हथियार बनाने के आवश्यक स्तर तक यूरेनियम संवर्धन किया एवं देश ने इजराइल पर बड़े पैमाने पर ड्रोन एवं मिसाइल हमले किए. उत्तर-पश्चिमी ईरान में रविवार को हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी के साथ ईरान के विदेश मंत्री और अन्य अधिकारियों की ऐसे समय में अचानक मौत हो गई, जब ईरान आंतरिक असंतोष और दुनिया के कई देशों के साथ अपने संबंधों को लेकर संघर्ष कर रहा है. मौलवी रईसी ने एक बार संयुक्त राष्ट्र में दुनिया को संबोधित करने से पहले इस्लाम में पवित्र मानी जाने वाली पुस्तक कुरान को चूमा था और एक नेता के बजाय एक उपदेशक की तरह अपनी बात रखी थी. रईसी 2017 में अपेक्षाकृत उदारवादी नेता हसन रूहानी के हाथों राष्ट्रपति चुनाव हार गए थे लेकिन चार साल बाद वह सत्ता में आए. इस चुनाव में सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बहुत सोच-समझकर मतदान का प्रबंधन किया ताकि रईसी के खिलाफ कोई बड़ा उम्मीदवार खड़ा नहीं हो सके.

रईसी ऐसे समय में राष्ट्रपति बने, जब वैश्विक शक्तियों और रूहानी के बीच हुआ परमाणु समझौता अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पीछे हटने के कारण असफल हो गया था. ट्रंप के इस कदम के कारण ईरान और अमेरिका के बीच नए सिरे से तनाव पैदा हो गया. भले ही रईसी ने समझौते में फिर से शामिल होने की इच्छा जताई लेकिन उनका प्रशासन अंतरराष्ट्रीय निरीक्षण से बचता रहा. समझौते को बहाल करने के लिए वियना में बातचीत उनकी सरकार के शुरुआती महीनों में रुकी रही.



ईरान के तीसरे सर्वोच्च नेता के संभावित उम्मीदवार के रूप में देखे जा रहे थे

इसके बाद 2023 में इजराइल और हमास के बीच युद्ध हुआ जिसमें ईरान समर्थित मिलिशिया ने इजराइल को निशाना बनाया. तेहरान ने अप्रैल में इजराइल पर एक असाधारण हमला किया. हालांकि इजराइल, अमेरिका और उसके सहयोगियों ने इनमें से अधिकतर मिसाइलों को मार गिराया था. खामेनेई ने ईरान के पूर्व अटॉर्नी जनरल रईसी को 2016 में इमाम रजा परमार्थ संगठन के संचालन के लिए नियुक्त किया था जो ईरान में कई कारोबारों का प्रबंधन करता है. संगठन में रईसी को नियुक्त करते समय खामेनेई ने उन्हें 'अत्यधिक अनुभव वाला भरोसेमंद व्यक्ति' कहा था. इसके बाद विश्लेषकों ने अटकलें लगाईं कि खामेनेई रईसी को ईरान के तीसरे सर्वोच्च नेता के संभावित उम्मीदवार के रूप में तैयार कर रहे हैं.

### राष्ट्रपति रईसी के निधन के बाद ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति मोखबर कार्यवाहक राष्ट्रपति बने



**दुबई।** ईरान के सर्वोच्च नेता ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की मौत हो जाने के मद्देनजर प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर को देश का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया है. सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने रविवार को रईसी के निधन के बाद शोक संदेश जारी करते हुए यह घोषणा की. राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई. इसमें ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन समेत हेलिकॉप्टर में सवार अन्य लोगों की भी मौत हो गई. खामेनेई ने संदेश में पांच दिन का शोक मनाए जाने की भी घोषणा की.

- **ईरान के मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति रईसी के निधन के बाद आपात बैठक की : तेहरान।** ईरान के मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन की घोषणा होने के बाद एक आपात बैठक की. सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रिमंडल ने एक शोक संदेश में कहा कि रईसी ने देश की सेवा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है. कहा, 'हम अपने वफादार, प्रशंसनीय और प्रिय राष्ट्र को आश्वस्त करते हैं कि राष्ट्र के नायक और सेवक तथा नेतृत्व के वफादार मित्र रईसी की अथक निष्ठा के साथ सेवा का मार्ग जारी रहेगा.'

### दुख में ईरान की जनता के साथ खड़ा है भारत



**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हेलीकॉप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुलैयान की मृत्यु पर दुख जताते हुए कहा कि भारत इस शोक की घड़ी में ईरान की जनता के साथ खड़ा है. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के राष्ट्रपति डॉ इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री एच अमीर-अब्दुल्लैया के निधन की खबर सुनकर अत्यंत दुखी हूं.'

## सरकार बदलने के साथ ही 'मीडिया मंडल' भी बदल जाएगा : अखिलेश

- इस बार चुनाव में देश की 140 करोड़ जनता भाजपा को 140 सीट के लिए भी तरसा देगी

**एजेंसी। बस्ती/सिद्धार्थनगर, (उप्र)**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि सरकार तो बदलेगी ही बदलेगी, इनका मंत्रिमंडल बदलेगा और साथ- साथ मीडिया मंडल भी बदल जाएगा. इस बार चुनाव में देश की 140 करोड़ जनता भाजपा को 140 सीट के लिये भी तरसा देगी. यादव ने बस्ती और डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित एक चुनावी रैली में चिलचिलाती धूप में उमड़ी भीड़ का स्वागत करते हुए कहा, '2024 का ये चुनाव बहुत अलग होता जा रहा है. इस चुनाव में देखने को मिल रहा कि जनता ने हर सीमाएं तोड़ दीं. पूरी तरह 'इंडिया' गठबंधन को समर्थन के लिए जनता निकल पड़ी है.'

मतदाताओं से 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए सपा प्रमुख ने कहा, 'भाजपा के अच्छे दिन तो आए नहीं, कम से कम चार जून को इनको हराकर खुशियों के दिन तो ले आओ.'' उन्होंने कहा, ''भाजपा के लोग '400 पार' का नारा दे रहे थे. इस बार याद रखना कि देश की 140 करोड़ जनता भाजपा को 140 सीट के लिए भी तरसा देगी.'' सपा प्रमुख ने दावा किया कि केवल बदलाव नहीं आ रहा है, सरकार तो बदलेगी ही बदलेगी, इनका मंत्रिमंडल बदलेगा और साथ-साथ मीडिया मंडल भी बदल जाएगा. हालांकि, मीडिया मंडल से उनका क्या मतलब है, इसका खुलासा उन्होंने नहीं किया. यादव ने दावा करते हुए कहा, ''भाजपा वालों के चुनावी पंडाल खाली हैं. उनके पंडालों में कोई नहीं जाता. उनके पंडालों में विभागों के अधिकारी और कर्मचारी कपड़े बदलकर बैठ रहे हैं. आजकल जनता भाजपा नेताओं को सुनने नहीं पहुंच रही है.'

### भाजपा ने 25 लाख करोड़ उद्योगपतियों का माफ किया

कहा, 'अभी तक तो हम बोलते थे कि सरकार ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ किये हैं, लेकिन नई जानकारी मिल रही है कि भाजपा ने उनका लगभग 25 लाख करोड रुपये का कर्ज माफ किया है. जिस तरह से भाजपा ने 25 लाख करोड़ रुपये उद्योगपतियों का माफ किया है, 'इंडिया' की सरकार के सत्ता में आने पर किसानों का पूरा कर्ज माफ किया जाएगा.' यादव ने कहा, 'न केवल कर्ज माफ होगा बल्कि किसानों की कानूनी अधिकार की मांग भी पूरी होगी.

### भारत सेवाश्रम संघ पर टिप्पणी के लिए संत ने ममता को भेजा नोटिस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद स्थित भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज ने सोमवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक कानूनी नोटिस भेजा है. महाराज ने संगठन के बारे में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए ममता से मांफी मांगने को भी कहा है. ममता को कानूनी नोटिस भेजने की पुष्टि करते हुए स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज ने ''पीटीआई-भाषा'' से कहा, ''अगर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी निजी तौर पर मुझे अपमानित करतीं तो मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता. एक आध्यात्मिक गुरु होने के नाते हम निजी आलोचना से प्रभावित नहीं होते क्योंकि हम यहां लोगों की सेवा के लिए हैं, लेकिन उन्होंने (ममता ने) संगठन को अपमानित किया है.

## केजरीवाल को निशाना बनाने वाले संदेश कई मेट्रो ट्रेन में लिखे मिले

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



दिल्ली पुलिस ने कुछ मेट्रो ट्रेन के भीतर और स्टेशनों पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध दीवार लेखन को लेकर जांच शुरू कर दी है. एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी. आप ने इस घटना के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराया है और कहा कि वह दीवार लेखन के जरिए केजरीवाल को डराना चाहती है. पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक मेट्रो ट्रेन और स्टेशन के भीतर लिखे कुछ संदेशों की तस्वीर सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक खाते के जरिए साझा की गईं. मेट्रो ट्रेन के भीतर एक दीवार लेखन में लिखा गया, 'केजरीवाल दिल्ली छोड़ दीजिए! कृपया! अन्यथा आप उन तीन थप्पड़ को याद कर लें जो आपको पूर्व के चुनाव में लगे थे. अब असली मुक्का/थप्पड़ जल्द लगेगा. झंडेवालान में आज की बैठक है.' एक अन्य लेखन में लिखा गया, 'दिल्ली के मुख्यमंत्री हमें छोड़कर चले जाएं, हमें अब मुफ्त चीजों की जरूरत नहीं है. मुख्यमंत्री आवास पर 45 करोड़ रुपये खर्च किये गये.'

### कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के चलते अनु. 370 रद्द नहीं की: शाह

**करनाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पार्टी ने तुष्टीकरण की राजनीति के चलते जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को रद्द नहीं किया. यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने दोहराया कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का है और "हम इसे वापस लेंगे". राम मंदिर मुद्दे पर भी सबसे पुरानी पार्टी (कांग्रेस) पर हमला किया और कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और सोनिया गांधी जैसे शीर्ष कांग्रेस नेताओं ने अपने अल्पसंख्यक वोट बैंक को खुश करने के लिए मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा नहीं लिया. उन्होंने कहा, "तुष्टिकरण की राजनीति के लिए उन्होंने अनुच्छेद 370 को रद्द नहीं किया."

## राहुल गांधी ने रायबरेली के हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन कर बूथों का निरीक्षण किया

**एजेंसी। रायबरेली (उप्र)**



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार राहुल गांधी ने सोमवार को यहां जिले के चुरुआ में हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया और निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. राहुल गांधी ने सोमवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली में बछरावां के निकट चुरुआ के हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन किया. पूजा कराने वाले पुजारी ने राहुल के साथ सेल्फी ली.

राहुल रायबरेली के बूथों पर पहुंचकर मतदाताओं से मिले. कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मतदाताओं से मिलते हुए उनका वीडियो साझा किया और कहा 'बछरावां में बूथ कार्यकर्ताओं से राहुल गांधी मिले और आज रायबरेली में वह मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं. इस दौरान वह स्थानीय लोगों और बूथ योद्धाओं से मिल रहे हैं.' पीटीआई-वीडियो के अनुसार बाद में, गांधी ने निर्वाचन क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. राहुल गांधी रायबरेली से चुनाव मैदान में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') के उम्मीदवार हैं, जिसका प्रतिनिधित्व पहले उनकी मां और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनसे पहले दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी कर चुकी हैं.

**साक्षात्कार**

## भारत अफगानिस्तान और मध्य एशिया क्षेत्र में कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में काम करेगा : प्रधानमंत्री

# चाबहार समझौता महत्वपूर्ण मील का पत्थर : नरेंद्र मोदी

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के रणनीतिक महत्व वाले चाबहार बंदरगाह के परिचालन संबंधी भारत के करार करने को महत्वपूर्ण 'मील का पत्थर' बताया और कहा कि भारत व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए जमीनी सीमाओं से घिरे अफगानिस्तान तथा मध्य एशिया क्षेत्र में कनेक्टिविटी प्रदान करने की दिशा में काम करेगा.

मोदी ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि भारत न केवल चाबहार बंदरगाह से बल्कि अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) और भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के माध्यम से भी क्षेत्रीय संपर्क, व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद से उनकी सरकार ने चाबहार बंदरगाह को तरजीह दी है. उन्होंने कहा, '2016 में मेरी ईरान यात्रा के दौरान भारत, ईरान और अफगानिस्तान के बीच अफगानिस्तान को अत्यावश्यक कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए त्रिपक्षीय समझौते पर दस्तखत किए गए थे.' एक भारतीय कंपनी ने कुछ साल पहले बंदरगाह का संचालन संभाला था, और तब से इसका उपयोग भारत द्वारा 'गेहूं, दालें, कीटनाशक, चिकित्सा आपूर्ति सहित अफगानिस्तान को मानवीय सहायता' प्रदान करने के लिए किया जा रहा है. प्रधानमंत्री ने कहा, 'चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए दीर्घकालिक समझौते पर हाल में दस्तखत होना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है.' भारत ने 13 मई को ओमान की खाड़ी में चाबहार बंदरगाह को संचालित करने के लिए 10 साल के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे भारत को पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा नामक सड़क और रेल परियोजना का उपयोग करते हुए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंचने का मार्ग मिलेगा.



### हम अपने घोषणा पत्र के वादों को पूरा करते हैं

वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में लौटने पर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' और समान नागरिक संहिता जैसी योजनाएं लागू करने का संकेत देते हुए कहा कि उनकी सरकार भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किए वादों को पूरा करती है. मोदी ने 'पीटीआई' को दिए एक साक्षात्कार में यह पूछे जाने पर कि क्या एक राष्ट्र, एक चुनाव और समान नागरिक संहिता पर एक केंद्रीय कानून 100-दिवसीय इस कवायद का हिस्सा होगा, इस पर मोदी ने कहा कि ये लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के घोषणापत्र का हिस्सा हैं और 'एक चीज आप मानेंगे कि हम अपने घोषणापत्र में किए वादों को पूरा करते हैं.' मोदी ने कहा, 'अगर आपने मुझ पर और मेरे कामकाज की शैली पर गौर किया है तो आपको पता होगा कि यह पहली बार नहीं है कि मैं नयी सरकार के पहले 100 दिन की दूरदृष्टि के साथ चुनावी मुकाबले में उतरा हूं. मैं तब से यह करता रहा हूं जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था.'

### संविधान के कल्याण में ही मेरा खुद का कल्याण निहित है

प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी जीवन यात्रा में अब तक हासिल मुकाम का श्रेय संविधान को दिया और कहा कि भले ही किसी को लगता हो कि वह स्वहित के लिए काम करते हैं, लेकिन संविधान के कल्याण में ही उनका खुद का कल्याण निहित है. मोदी ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में विपक्ष के इस दावे को खारिज कर दिया कि उनका इरादा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने पर संविधान बदलने का और आरक्षण समाप्त करने का है. उन्होंने कहा कि भाजपा ही है, जिसने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) पृष्ठभूमि से सबसे अधिक संख्या में मंत्री दिए हैं. मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर मोदी ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण के विषय को आरक्षण के व्यापक मुद्दे से जोड़ना गलत है.

## 'इंडिया' की मदद को तृणमूल की ज्यादा सीटों पर जीत जरूरी

**एजेंसी। पांसकुड़ा (प. बंगाल)**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को अधिकतम सीटें मिलने से यह सुनिश्चित होगा कि वह केंद्र में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को सरकार बनाने में पूरी तरह से मदद कर सकेगी. उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की 'गारंटी' सच नहीं है. टीएमसी प्रमुख ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लोगों को रसोई गैस, बिजली मुफ्त में नहीं दी जा रही है. बनर्जी ने यहां एक चुनावी रैली में मतदाताओं से टीएमसी को वोट देने का आग्रह करते हुए कहा, 'यह वोट दिल्ली के लिए है...अगर हम आपके वोट से हर सीट जीत सकते हैं, तो हम 'इंडिया' गठबंधन द्वारा बनाई जाने वाली सरकार की मदद कर सकते हैं.' बनर्जी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संदेशखालि की महिलाओं के संबंध में साजिश रची, जहां स्थानीय टीएमसी नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के कारण लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुआ. मुख्यमंत्री ने सभी जाति और धर्म के लोगों से एकजुट रहने का आग्रह करते हुए कहा, 'उनकी अगली साजिश (लोगों को) लड़ाना है.'

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)